e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 65
होली व शब-ए-बरात की हार्दिक शुभकामनाएं
मंगलवार
07.03.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
एक सृजनशील व्यक्ति कुछ करने पाने की उम्मीद से प्रेरित होता है दूसरो को होड़ में हराने की उम्मीद से नहीं ।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26° |
| न्युनतम | 12° |

## सूचना

सभी पाठकों, हॉकरों, शुभचिंतकों व विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि होली पर्व के अवसर पर 07 और 08 मार्च को प्रभात मंत्र का कार्यालय बंद रहेगा। अतः अखबार का अगला अंक 10 मार्च को प्रकाशित किया जायेगा।

व्यवस्थापक

## क्विक न्यूज

### अमृतसर में जी-20 कार्यक्रम की मेजबानी करेगा आईआईटी रोपड़

**नई दिल्ली** : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ (आईआईटी रोपड़) अमृतसर में 15-17 मार्च के बीच 'सहयोग के माध्यम से अनुसंधान और नवाचार को मजबूत करना' थीम पर दूसरी शिक्षा कार्य समूह की बैठक की मेजबानी करने के लिए तैयार है। यह आयोजन जी-20 सदस्य देशों के विचार-विमर्श से अनुसंधान और नवाचारों के लिए प्रासंगिक नीतियों और सर्वोत्तम प्रथाओं की पहचान पर केंद्रित होगा। इस आयोजन के माध्यम से, सरकार जी-20 सदस्य देशों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने और एसडीजी लक्ष्यों तक पहुंचने में प्रत्येक देश के मुद्दों का सामूहिक रूप से उत्तर प्रदान करेगी।

### डोभा में डूबने से भाई-बहन की मौत

**हजारीबाग**। इचाक प्रखंड के अलौंजा पंचायत के मदनपुर गांव में सोमवार को डोभा में नहाने के दौरान डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों आपस में भाई-बहन थे। घटना के बाबत मुखिया सिकंदर प्रसाद मेहता ने बताया कि गांव के मनोज कुमार यादव की बेटी सुमन कुमारी (12) और बेटा सौरभ कुमार (6) मवेशी चराने मदनपुर नदी किनारे गए थे। इसी बीच बहन पेड़ के छांव में बैठ गई, जबकि सौरभ बगल के डोभा में नहाने चला गया। अचानक सौरव गहरे पानी में चला गया और चिल्लाने लगा, जिसे बचाने के लिए सुमन भी डोभा में कूद गई। जहां दोनों की डूबने से मौत हो गई।

### मेघालय की नई सरकार में गठबंधन पार्टियों की हिस्सेदारी तय की गई

**शिलांग** : मेघालय की नई सरकार में गठबंधन पार्टियों की हिस्सेदारी तय कर दी गई है।एनपीपी प्रमुख और निवर्तमान मुख्यमंत्री कॉनराड कनखल संगमा ने बताया है कि सरकार में नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) से आठ, यूडीपी के 2 और भाजपा से एक विधायक को कैबिनेट मंत्री पद दिया जायेगा। एनपीपी प्रमुख संगमा ने सोमवार को विधायक पद की शपथ लेने के बाद कहा कि मेघालय में नेशनल पीपुल्स पार्टी के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन को मेघालय डेमोक्रेटिक एलायंस-02 कहा जाएगा, क्योंकि नई सरकार के साथी पहली एमडीए सरकार में भी थे।

हेल्थ एंड मेडिकल रिसर्च पर आयोजित वेबिनार को पीएम ने किया संबोधित, कहा

# सस्ता इलाज हमारी प्राथमिकता

एजेंसी

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान दवाओं, टीकों और चिकित्सकीय उपकरणों जैसे जीवन रक्षकों का व्यापक स्तर पर इस्तेमाल किया गया और उनकी सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में विदेशों पर भारत की निर्भरता कम करने की लगातार कोशिश कर रही है. स्वास्थय एवं चिकित्सकीय अनुसंधान विषय पर आयोजित बजट पश्चात एक वेबिनार में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत दशकों से स्वास्थ्य क्षेत्र में एकीकृत दृष्टिकोण व दीर्घकालिक नजरिये की कमी से जूझ रहा था लेकिन उनकी सरकार ने इसे केवल स्वास्थ्य मंत्रालय तक ही सीमित नहीं रखा और इसे संपूर्ण सरकार का नजरिया बनाया. उन्होंने क्षेत्र में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए उनकी सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न उपायों को रेखांकित करते हुए कहा कि हमारे उद्यमियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भारत को किसी भी प्रौद्योगिकी का आयात न करना पड़े और वह आत्मनिर्भर बने.प्रधानमंत्री ने कहा कि इलाज को वहनीय बनाना सर्वोच्च प्राथमिकता रही है. उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत और जन औषधि केंद्रों ने नागरिकों के क्रमश: 80,000 करोड़ रुपये और 20,000 करोड़ रुपये बचाए हैं. मोदी ने कहा कि देश के दवा क्षेत्र ने वैश्विक महामारी के दौरान वैश्विक स्तर पर विश्वास अर्जित किया. उन्होंने इस क्षेत्र में विश्वास का निर्माण और पूंजीकरण करने का आग्रह किया.

### छोटे शहरों-कस्बों तक मजबूत हो रहा हेल्थ सेक्टर



### स्वास्थ्य के क्षेत्र में विदेशों पर भारत की निर्भरता कम करने की जारी है कोशिश

### देश के हर नागरिकों के विकास पर नजर

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार केवल स्वास्थ्य देखभाल पर ही नहीं, बल्कि नागरिकों के पूर्ण कल्याण पर ध्यान दे रही है. उन्होंने कहा कि अब महत्वपूर्ण स्वास्थ्य देखभाल बुनियादी ढांचे को टियर-2 शहरों और छोटी बस्तियों में ले जाया जा रहा है, जिससे वहां एक स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र का विकास हो रहा है. उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है कि लोगों को उनके घरों के पास जांच सुविधाओं सहित इलाज भी मुहैया कराया जाए.

### मेडिकल सीटों की संख्या हुई दोगुनी

पीएम ने कहा कि ड्रोन टेक्नोलॉजी की वजह से दवाओं की डिलीवरी और टेस्टिंग से जुड़े लॉजिस्टिक में एक क्रांतिकारी परिवर्तन आता दिख रहा है। हमारे उद्यमिता ये सुनिश्चित करे कि हमें कोई भी तकनीक को आयात करने से बचना चाहिए। आत्मनिर्भर अब बनना ही है। कहा कि पिछले वर्षों में 260 से अधिक मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं। मेडिकल सीटों की संख्या 2014 के बाद आज दोगुनी हो चुकी है। मेडिकल कॉलेज के पास ही 157 नए नर्सिंग कॉलेज खोलना। मेडिकल ह्यूमन रिसोर्स के लिए एक बड़ा कदम है।

सरकार श्रमिकों की सुरक्षा के लिए गंभीर

# झारखण्ड के प्रवासी श्रमिक तमिलनाडु में सुरक्षित

### निराधार है श्रमिकों से मारपीट और हत्या की बात

### झारखण्ड सरकार श्रमिकों की सुरक्षा के लिए गंभीर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** लातेहार, बरवाडीह के पप्पू, संतोष राम, छोटू, प्रभुराम, रमेश भुईयां, सरायकेला-खरसावां के प्रकाश कालिंदी, श्याम सभी प्रवासी श्रमिक तमिलनाडु के कोयंबटूर एवं तिरुपुर के विभिन्न फैक्ट्रीज और कंस्ट्रक्शन साइट्स में सुरक्षित अपने कार्य में लगे हैं। इसी तरह दुमका और रांची के भी प्रवासी श्रमिक अपने कार्य में अन्य दिनों की तरह काम कर रहे हैं। इन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। किसी ने इनके साथ मारपीट नहीं की और ना ही हिंदी भाषी होने पर अपमान का सामना करना पड़ रहा है। उक्त बातें मुख्यमंत्री के निर्देश पर तमिलनाडु गए श्रम विभाग के प्रतिनिधिमंडल से तिरुपुर, कोयम्बटूर, चेंगुलपेट, कांचीपुरम आदि जगहों में बातचीत के बाद प्रवासी श्रमिकों ने साझा की। प्रतिनिधिमंडल ने सुनिश्चित किया कि सभी श्रमिक सुरक्षित हैं एवं सभी को पारिश्रमिक समय से प्राप्त हो रहा है। तमिलनाडु सरकार द्वारा झारखण्ड एवं अन्य राज्यों के प्रवासी श्रमिकों को हर संभव सहायता प्रदान किया जा रहा है।

### निराधार है मारपीट और हत्या की बात

तमिलनाडु में प्रवासी श्रमिक अधिकतर पलामू, गढ़वा, लातेहार, दुमका, चाईबासा, बोकारो और रांची जिला के हैं। श्रमिकों से मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाई हुई बात की कि हिंदी भाषियों को यहां के स्थानीय निवासी मार रहे हैं, तथा उनको अपने गृह राज्य वापस जाने की धमकी दे रहे हैं, जिसका अनुसरण नहीं करने पर उनकी हत्या की जा रही है। इस मामले की भी जांच की गई, जिसे निराधार पाया गया।



### खबर प्रकाशित करने में सावधानी बरते मीडिया

यह देखा गया है कि कुछ मीडिया प्लेटफॉर्म, प्रिंट, ऑडियो-विजुअल जमीनी स्तर के तथ्यों को सत्यापित किए बगैर रिपोर्ट दिखा रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल द्वारा श्रमिकों के साथ फील्ड विजिट में बातचीत के दौरान मीडिया प्लेटफॉर्म पर दिखाई गईं खबरों को भ्रामक पाया गया है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग सभी समाचार पत्रों और पोर्टलों से आग्रह करता है। वे खबर प्रकाशित या दिखाने में पूरी सावधानी बरतें। इस मामले पर जारी किए जा रहे आधिकारिक बयानों को भी शामिल करें। ताकि गलत सूचना को फैलने से रोका जा सके।

### सरकार की अपील

झारखण्ड सरकार राज्यवासियों से अपील करती है कि सोशल मीडिया में फैलाए जा रहे अफवाहों पर ध्यान ना दें। जिस प्रकार की सोशल मीडिया और सूचना के अन्य माध्यमों से खबरें आईं हैं, उसका चेन्नई, इरोड, तिरुपुर, कोयंबटूर जिलों का दौरा कर सत्यापन किया गया। वो निराधार पाया गया। तामिलनाडु में कार्यरत सभी प्रवासी श्रमिक सकुशल हैं। जिनके रिश्तेदार तामिलनाडु में काम करते है, उनसे भी अपील है। घबराएं नहीं। झारखण्ड सरकार सभी प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। और राज्य के प्रवासी कंट्रोल कक्ष के माध्यम से उन्हें मदद और जानकारी पहुंचाई जा रही है।

# अमन साहू गिरोह के दो गूर्गे गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** लातेहार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अमन साहू के दो गूर्गे को गिरफ्तार कर सोमवार को लातेहार जेल भेज दिया गया है। एसपी अंजनी अंजन ने प्रेस वार्ता का आयोजन कर बताया कि पिछले महीने 18 फरवरी को कृपा शंकर सिंह के द्वारा बालूमाथ थाना में लिखित शिकायत किया गया एक्सटेंशनरी एण्ड उनकी कम्पनी साई कृपा टेलकम एवं कंस्ट्रक्शन प्रालि के द्वारा लाईन विस्तारीकरण का कार्य टोरी शिवपुर रेलखण्ड के पास किया जा रहा है। वहीं पर कुछ अज्ञात हथियारबन्द अपराधकर्मियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग की गयी एवं अज्ञात व्यक्ति द्वारा इनके मोबाईल पर फोन करके फायरिंग की जिम्मेवारी लेते हुवे लेवी की मांगी की गयी थी। इस संबंध में बालूमाथ थाना में काण्ड सं0 30/2023 एवं 31/2023 धारा 385/ 387/ 307/504/506 भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट तहत मामला दर्ज किया गया था। अनुसंधान के क्रम में तकनिकी शाखा, लातेहार एवं गुप्तचर के द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर इस काण्ड में शामिल दो अपराधी 1.अमरेश कुमार यादव उर्फ छोटू,उम्र 19 वर्ष, प्रमोद यादव,साव-नावाडीह, वर्तमान पता ग्राम -पतकी, थाना+जिला लातेहार 2.शिपक उरांव,उम्र 19वर्ष, पिता धर्मदेव उरांव,ईचाबार थाना+जिला लातेहार अपराधकर्मी को बालूमाथ थाना अन्तर्गत बालूमाथ साईडिंग के समीप से गिरफ्तार किया गया एवं इस काण्ड में वादी को धमकी देने एवं रंगदारी मांगने में प्रयुक्त मोबाईल फोन को जप्त किया गया।छापेमारी **दल में शामिल पुलिस बल:** अजीत कुमार शशिरंजन कुमार, प्रशांत प्रसाद, प्रेम कुमार निषाद, बालूमाथ थाना पु0अ0नि0 कुबेर साव, बालूमाथ थाना एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

# रांची सहित पूरे राज्य में होली पर सुरक्षा व्यवस्था रहेगी कड़ी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में होली को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। शहर और ग्रामीण इलाके में विभिन्न जगहों को चिन्हित कर अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। सुरक्षा में 10 डीएसपी ,15 इंस्पेक्टर और ढाई सौ दरोगा के अलावा 2000 जवानों को तैनात किया गया है। होली के दिन सड़कों पर हुड़दंग मचाने वालों पर विशेष नजर रखने को कहा गया है। सभी थाना प्रभारियों को विशेष सतर्कता बरतने का आदेश दिया गया है। सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर रखने के लिए पुलिस की साइबर टीम को अलर्ट पर रहने को कहा गया है। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरे से कंट्रोल रूम के जरिए पूरे शहर पर निगरानी रखी जाएगी। सभी चौक



चौराहा पर पुलिस की तैनाती की गई है।एसएसपी किशोर कौशल खुद पूरी सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। पांच की क्यूआरटी टीम रिजर्व में रखी गई है। इसके अलावा बाइक दस्ता को शहर के गली मुहल्लों में भी गश्त लगाने को कहा गया है। वहीं दूसरी ओर पुलिस मुख्यालय ने होली को लेकर सभी जिलों के एसपी को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। होली के दौरान विधि-व्यवस्था संबंधित कोई परेशानी न हो। इसके लिए लगभग 10,000 अतिरिक्त बलों की तैनाती गई है। इनमें करीब चार हजार जवान लाठी वाले हैं। इसके अलावा रैपिड एक्शन पुलिस को भी तैनात किया जा रहा है। संवेदनशील क्षेत्रों वाले विभिन्न जिलों में टीयर गैस के वाहनों को तैनात किया जा रहा है। रांची में 2000 जवान, जमशेदपुर में आरपीए दो कंपनी, आंसू गैस दस्ता और 25 लाठी बल और टीजी एक यूनिट, धनबाद में 700 जवान, हजारीबाग में आरएपी 6 और 25 लाठी बल, गिरिडीह में 600 लाठी बल और आरएपी 6 कंपनी, बोकारो में 250 जवान, चतरा में 340 जवान,पलामू में 300 जवान, गोड्डा में 100 जवान, साहिबगंज में 175 जवान, देवघर में 150 जवान, दुमका में 150 जवान, जामताड़ा में 100 जवान, लोहरदगा में 250 जवान, कोडरमा में 200 जवान खूंटी में 100 जवान, चाईबासा में 100 जवान, गढ़वा में 100 जवान, सिमडेगा में 100 जवान, गुमला में 100 जवान, लातेहार में 100 जवान, सरायकेला में 100 जवान, पाकुड़ में 100 जवान और रामगढ़ में 100 जवान की अतिरिक्त तैनाती की गई है।



# अवैध चांदी के गहने के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निर्देशानुसार सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व में अमानत नदी पुल के पास वाहन चेकिंग के दौरान अवैध चांदी के गहने के साथ 2 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि 05.03.2023 को समय करीब 04.30 बजे सुबह में पुलिस अधीक्षक महोदय पलामू के आदेशानुसार सिंगरा अमानत नदी पुल के पास एन0एच0-75 मुख्य सडक पर एन्टी क्राईम के तहत वाहन चेकिंग किया जा रहा था। तब ही डालटनगंज की ओर से एक उजला रंग का कार तेजी से आ रहा था। कार को जाँच एवं चेकिंग हेतु उपस्थित पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के सहयोग से रोका गया। रोकने पर ज्ञात हुआ कि उजले रंग की मारुति स्विफ्ट डिजायर कार पंजीयन सं0- यूपी 61जे 5301 के सीट के बीच एक बड़ा सा पॉकेट बना हुआ है पॉकेट को खोलकर देखने से उसमें चांदी जैसा उजला पदार्थ का छोटा- बड़ा टूकड़ा तथा चांदी जैसा पदार्थ का गहना रखा हुआ था। पकड़ाये अभियुक्तों ने बताया की उक्त जप्त चांदी का छोटा बडा टूकडा एवं चांदी के गहने मुरारी ज्वेलर्स पंचमुहान डालटनगंज से लिया था तथा ए0आर0पी0 ओरनामेन्ट आयुष्मान कटरा, ठठेरी बाजार वाराणसी के मालिक अनिल शर्राफ को देने जा रहे थे। इसी क्रम में वाहन चेकिंग के दौरान दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, पकड़ाये गहनों के संबंध में कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद दोनों अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम एवं पता**

आशुतोष कुमार पे श्याम बिहारी प्रसाद सा0 अम्बा थाना कुटुम्बा जिला औरंगाबाद (बिहार) तथा भोदू यादव पिता मुन्नु लाल यादव सा0 बॉस फाटक गोदलिया, थाना दशाश्वमेघ जिला वाराणसी (उत्तर प्रदेश) शामिल है।

**छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मी का नाम**

सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग, पुलिस निरीक्षक राजबल्लभ पासवान, सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार, एएसआई अभिमन्यु कुमार सिंह, पुलिस के जवान, नीरंजन कुमार, ह्दयानंद, अमित कुमार उपाध्याय साहिबा ने जवान शामिल थे।

## पूर्व विधायक शिवपूजन कुशवाहा ने मनाई कार्यकर्ताओं के साथ होली मिलन समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद अनुमंडल अंतर्गत पूर्व विधायक शिव भजन कुशवाहा द्वारा संपूर्ण अनुमंडल क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ होली मिलन समारोह अपने कार्यालय आवास पर मनाई गई। विधायक सहित कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे के साथ अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी। पूर्व विधायक ने मिलन समारोह में अपने कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई साथ-साथ भ्रष्टाचार खत्म करने का बीड़ा उठाया और अगली होली मिलन समारोह में दमखम से समारोह मनाने का निर्णय लिया उपस्थित कार्यकर्ताओं में आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष शिवपूजन कुशवाहा मुकेश मेहता दीपक मेहता के अलावा सैकड़ों कार्यकर्ताओं मौजूद थे।

## कांग्रेस ने भारतीय स्टेट बैंक के समक्ष किया प्रदर्शन



**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर आज हुसैनाबाद कांग्रेस ने जेपी चौक स्थित तीवारी कम्पलैक्स परिसर से कांग्रेस प्रदेश महासचिव धनंजय तिवारी के नेतृत्व में तीवारी कम्पलैक्स से चलकर हुसैनाबाद भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा के मुख्य द्वार पर धरणा प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष लालू प्रसाद सिंह ने की जबकि मंच संचालन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शंभू सिंह ने किया मौके पर कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष संह प्रभारी नवल किशोर पाठक ने कहा कि भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एलाईसी स्टेट बैंक में आम जनता का जमा रुपए को गौतम अदानी को दे दिया जो सरासर गलत है और जनता के साथ खिलवाड़ है कांग्रेस के प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी ने कहा की भाजपा की सरकार जनता की पैसा उद्योग पतियों को दे रही है ओर जनता का जमा पैसा नहीं दिया जा रहा है यह जानता के के साथ अन्याय है इस मौके पर मशूरूर अहमद कांग्रेस महिला प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष मीना देवी नगर अध्यक्ष रंजित कुमार पासवान शंभू सिंह प्रेम शंकर ओझा मोहम्मद यासीन अंसारी रामजी सिंह बंसी विश्वकर्मा गुप्तेश्वर तिवारी उमेश तिवारी धर्मेंद्र तिवारी राजेश तिवारी प्रवीण तिवारी बिंदा पाठक या श्याम सुंदर राम निरहुआ यादव योगेन्द्र सिंह अंबिका सिंह पप्पू मिश्रा लव चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## प्रखंड कार्यालय में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को पंचायती राज विभाग के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम, जिला परिषद सदस्य बाला रानी, 20 सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे एवं उप प्रमुख गणेश प्रताप देव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. इस अवसर पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिये सरकार द्वारा कई योजनाएं क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार सभी सरकारी योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की है.उन्होंने कहा कि पंचायती राज एक्ट के तहत महिलाओं के लिये 50 प्रतिशत सीटें आरक्षित है। उन्होंने कहा कि बड़ी खुशी की बात की इस प्रखण्ड में 70 प्रतिशत जनप्रतिनिधि महिलाएं है. प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे ने कहा कि वर्ष 1908 में अमेरिका में महिलाओं ने अपने अधिकारों के लिये आवाज उठायी थीं. उसी समय से महिलाएं लगातार अपने हक व अधिकारों के लिये लड़ रही हैं. उन्होंने कहा कि सरकार जेएस एल पी एस के माध्यम से महिलाओं को जोड़कर उनकी आजीविका को दुरुस्त करने की दिशा में लगातार प्रयास रत है.जिप सदस्य बाला रानी ने प्रमुखता से सामाजिक कुरीतियों से महिलाओं को आजाद करने व पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर विकास कार्यो में हिस्सा लेने का अनुरोध किया.प्रखण्ड समन्वयक पंचायती राज कौशल कुमार ने महिला सशक्तिकरण व अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सभी महिला मुखिया को शॉल व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पिपरडीह पंचायत की मुखिया उषा देवी ने ,बीडीसी मृदुला द्विवेदी व वार्ड सदस्यों ने महिलाओं को हक़ व अधिकार दिलाने से सबंधित गीत प्रस्तुत किया। मौके पंचायत राज पदाधिकारी उत्तम रंजन, नाजिर वृजवासिनी कुमारी, प्रखण्ड समन्वयक स्नेहा सिंह, ग्राम सेविका उषा देवी, लालती देवी, मुखिया अनुराधा देवी, कुमारी रेखा,उषा देवी, सुशीला देवी, सुनीता देवी, सिविष्टयानी देवी, चिंतामणि देवी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**रंगों के साथ रौशनी का त्योहार मनाए शांति पूर्ण : बीडीओ**

## हुड़दंगियो पर रहेगा विशेष नजर : प्रभारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पड़वा (पलामू) :** होली और शब्बे बरात को ले रविवार को पंडवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता कर रहे पड़वा बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने रंगों का त्योहार होली और शब्बेबारात शांति पूर्ण ढंग से मनाए। एक दूसरे धर्म को सम्मान करें। जबरजस्ती किसी को रंग ना लगाएं। अफवाह पर ध्यान ना दें ना ही कोई भी अफवाह दूसरे को भेजें। थाना प्रभारी नकुल शाह ने कहा कि किसी भी घटना की संभावना से पूर्व पुलिस को सूचना दें त्वरित कार्रवाई होगी। अपने नाबालिग बच्चों को बाइक ना दें। कहा कि पुलिस नशेड़ियों, हुड़दंगियों पर विशेष नजर रहेगा। पुलिस तेज बाइक चालको पर भी कार्रवाई करेगी। बैठक में पूर्व प्रमुख सुचिता देवी, एएसआई समाल अहमद, एएसआई रवि कुमार, बिरेंद्र खाखा, समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह, पूर्व मुखिया उपेंद्र नाथ सिंह, मेघनाथ मेहता, जयपाल सिंह, अनुज सिंह, मनजीत कुमार, अशोक प्रसाद, रामपति मेहता, ब्रजभूषण मेहता, चंदेश्वर मेहता, क्यूम अंसारी, अभय मिश्रा, संजय चंद्रवंशी, विनोद सिंह, रामप्रवेश सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।बैठक उपरांत एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गई।

## पर्व त्योहार देते हैं सामाजिक एकता का संदेश



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के मोतीराज इंटर कॉलेज के समीप राधा कृष्ण मैदान में सोमवार को राजद प्रखंड कमेटी की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने फीता काटकर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि त्योहार हमें एकता का संदेश के साथ-साथ हमें देश की सभ्यता और संस्कृति का भी संदेश देता है। इसलिए हम सभी को रंगों की तरह ही आपस में मिल जुल कर रहना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए राजद कार्यकर्ताओं से एकजुट होने की अपील की। समारोह को पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा घूरन राम पूर्व विधायक राधा कष्ण किशोर बिहार के नवीनगर क्षेत्र के विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह ने भी संबोधित किया। समारोह में उत्तर प्रदेश से आए प्रख्यात लोक गायक विजय लाल यादव एवं रजनीगंधा द्वारा लोक संस्कृति से ओत प्रोत होली गीत की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव संचालन विकास यादव ने की। इस अवसर पर कुटुंबा के पूर्व विधायक ललन भुइयां रवि यादव राजद नेता बुधन सिंह यादव महादेव यादव फैजुल हक मोहन विश्वकर्मा धनंजय पासवान लखन यादव आनंद यदुवंशी भोला गुप्ता संजय यादव सूरज यादव सतेंद्र यादव अवधेश यादव सतेंद्र भुइयां छोटू कुमार सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## भाजपा के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन



**उंटारी रोड, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत एसबीआई बैंक के समीप सोमवार को कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिंकू उर्फ़ संजीव कुमार सिंह के अध्यक्षता में कांग्रेसीयों ने भाजपा के निजीकरण के खिलाफ एक दिवशीय धरना प्रदर्शन किया। रिंकू सिंह ने कहा की केंद्र की भाजपा सरकार लूट खसोट की सरकार है, अडानी अंबानी की सरकार है, भाजपा सरकार देश की सरकारी संपतियों को पुँजीपतिओं के हांथो बेच कर देश को गुलामी को तरफ लेजारहे है। रेलवे, एसबीआई, एलआईसी, एयरपोर्ट के साथ देश को भी बेचने का कार्य कर रही ही है भाजपा की सरकार, प्रदर्शन में सत्यनारायण तिवारी, बंशीधर सिंह, के साथ दर्जनों लोग सामिल हुए।

## होली मिलन समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम उड़े रंग गुलाल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** बाजार प्रांगण में सोमवार को फुटपाथ दुकानदार संघ के बैनर तले होली मिलन एवं सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काट कर नहीं बल्कि फीता जोड़ कर किया गया इस होली मिलन समारोह में एक दूसरे को रंग, अबीर एक दूसरे को लगाकर होली की खुशियां मनाएं इस कार्यक्रम में फुटपाथ दुकानदार संघ के संरक्षक अरविंद गुप्ता उर्फ (चुनमुन) ने कहा कि होली का त्यौहार एक दूसरे के साथ खुशियां मनाने का पर्व है यह बुराई पर अच्छाई का पर्व है सभी लोग सौहार्द के साथ बनाएं , इस होली मिलन समारोह में स्थानीय कलाकारों ने होली के गीतों से लोगों को खूब मनोरंजन किया इस मौके पर नगर अध्यक्ष मोहन जसवाल उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा उर्फ बोल बाबा विश्व के उपाध्यक्ष चंदन सिन्हा सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार फुटपाथ संख्यात्मक गौतम सागर ने भी संबोधन किया और होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी इस कार्यक्रम में फुटपाथ कमेटी के सदस्य सहित सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल रहे और एक दूसरे को अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

## होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** टाउनशिप सब्जी मार्केट में पैंथर क्लब के द्वारा रविवार शाम होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ समाजसेवी महिला पुष्पा देवी, एएसआई अभिमन्यु सिंह एवं पैंथर क्लब के अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से फिता काट कर किया। इस मौके पर वहा उपस्थित महिलाओं व क्लब के सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। पैंथर क्लब के सचिव सुबोध कांत पाठक ने बताया कि टाउनशिप सब्जी मार्केट में पिछले साल से हमलोग होली मिलन समारोह माना रहे है और इस तरह के कार्यकर्म के होने से आपसी प्यार और सौहार्द बना रहता है। इस होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यकर्म का आयोजन किया गया जिसमें भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय के द्वारा आयोजन का सुरुवात किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि एसा कार्यक्रम करने से आपसी प्यार बना रहता है। इस कार्यक्रम का संचालन विजय महतो के द्वारा किया गया । पैंथर क्लब की कमेटी अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार सचिव सुबोध कांत पाठक और पंकज सिंह, सत्यम पाण्डेय बिनोद गुप्ता, निखिल तिवारी, प्रथम चौबे, विजय साह, रौशन गुप्ता, अजित गुप्ता, सत्वंती देवी, रूपलता देवी, निशु कुमारी खुसबू कुमारी सिवानी सिंह तथा कृत्तन मंडली में ध्रुव दुबे, देवकुमार गुरुजी, मनीष सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## लोरी ट्रक व मोटरसाइकिल में सीधी टक्कर एक गंभीर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** नेशनल हाईवे 98 औरंगाबाद- डाल्टेनगंज पथ पर नाग बाबा के समीप लॉरी ट्रक एवं मोटरसाइकिल में सीधी टक्कर हो गई जिसमें मोटरसाइकिल सवार ट्रक के अगले हिस्से में घुस जाने से गंभीर रूप से एक व्यक्ति घायल हो गया तथा एक छोटा बच्चा मामूली रूप से जख्मी हो गया घायल व्यक्ति डाली ग्राम का बताया जा रहा है स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में छत्तरपुर अनुमंडलीय अस्पताल भेजा प्राथमिक उपचार कर मेदनीनगर के लिए रेफर कर दिया गया। ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस पहुंच आगे की कार्रवाई में जुटी।

## नगर पंचायत के लगाये गये जल मीनार साबित हो रहे हैं हाथी के दांत



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री बंशीधर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नम्बर 17 के पाल्हे कला गांव के विश्वकर्मा टोला में नगर पंचायत द्वारा लगाये गये जल मीनार हाथी के दांत साबित हो रहे हैं। जल मीनार में पानी के नाम पर बूंदा बूंदी हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार जिस जगह पर जन मीनार लगाया गया है वहां पर पानी है ही नहीं। ग्रामीणों ने इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार और स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही को आवेदन देकर मामले से अवगत कराया था। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार की सुबह वार्ड पार्षद कामेश पासवान जब लगाए गए जल मीनार के जगह पहुंचे और मोटर चालू कर पानी भरने की कोशिश किए तो पानी के नाम पर बूंदा बूंदी निकल रहा था। स्थानीय ग्रामीण मीना विश्वकर्मा, लीला देवी, मुनि देवी, रेणु देवी, गायत्री देवी, बबिता देवी, पार्वती देवी, प्रभा देवी,अनिल विश्वकर्मा, विनोद विश्वकर्मा, रामजी विश्वकर्मा, रामचंद्र विश्वकर्मा, मुकेश विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा, सूरज विश्वकर्मा, सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दिनों अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर बताया गया था कि जिस जगह पर जल मीनार लगाया गया है उस जगह पर पानी नहीं है। उसके जगह किसी दूसरे स्थान पर जल मीनार लगाया जाए ताकि ग्रामीणों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। इस मामले में पूछे जाने पर वार्ड पार्षद कामेश पासवान ने बताया कि पानी नहीं निकल रहा है। हम लोग पूरी तरह से कोशिश में है कि जल मीनार को दूसरी जगह लगाएं और ग्रामीणों को पानी उपलब्ध कराएं।

## एनसीपी ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन

**➲खूब उड़े अबीर गुलाल सांस्कृतिक कार्यक्रम में झूमे नेता कार्यकर्ता**

**➲होली का त्यव्हार एकता व भाईचारा का प्रतीक : विधायक**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के तत्वावधान में सोमवार को हुसैनाबाद स्थित टाउन हॉल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक सह एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह व कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई और शुभकामनाएं दी। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि होली एक ऐसा रंगबिरंगा त्योहार है, जिसे हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते हैं। प्यार भरे रंगों से सजा यह पर्व हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन से मुक्त भाई-चारे का संदेश देता है। हमे चाहिए की गिले-शिकवे भूल कर एक दूसरे से गले मिलकर संवृद्ध विकसित शिक्षित हुसैनाबाद का निर्माण करें। उन्होंने कहा कि जिस तरह रंग एक दूसरे में घुल मिल जाते हैं, इसी तरह हम एक दूसरे के सुख दुख के साथी बने। उन्होंने सभी को होली की बधाई और शुभकामनाएं दी। एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने कहा कि होली एकता का प्रतीक है। होली रंगों और उमंगों का व्यवहार है। जिस तरह सभी रंग मिलकर इंद्रधनुष की तरह खूबसूरत रंग में तब्दील हो जाते है, उसी तरह हम सभी मिलकर हुसैनाबाद हरिहरगंज में एक नया सवेरा लाने का प्रयास करेंगे। जिसमे जात धर्म समुदाय का कोई बंधन नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि वह हुसैनाबाद के युवाओं को हर क्षेत्र में आगे लाने का प्रयत्न कर रहे हैं। आने वाला दिन हुसैनाबाद के युवाओं का होगा। इंटक के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने कहा कि होली का व्यवहार प्रेम और भाईचारा का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि इस होली में सभी को खुशहाल और विकसित हुसैनाबाद के निर्माण का संकल्प लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र खुशहाल तभी माना जाएगा जब यहां के लोग खुशहाल होंगे। इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने की जरूरत है। सुख दुख में एक दूसरे का ख्याल रखते हैं, तो व्यवहार साथ मिलकर क्यों नहीं माना सकते। उन्होंने सभी को होली की बधाई और शुभकामनाएं दी। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देश के जाने माने व्यास रमाशंकर सिंह ने अपनी कला से लोगों को घूमने और थिरकने पर मजबूर कर दिया।

## मौसम के तत्वावधान में होली मिलन सह हास्य कवि-सम्मेलन का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पालामू) :** हुसैनाबाद के गणेशपुरी स्थित ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में साहित्य, कला एवं संस्कृति की प्रगतिशील संस्था मौसम के तत्वावधान में होली मिलन सह हास्य कवि-सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था मौसम के अध्यक्ष विनोद सागर ने की, वहीं मंच संचालन प्रो. डॉ. आलोक रंजन कुमार ने किया। कार्यक्रम के दौरान आगन्तुक अतिथियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं। मौक़े पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ़ छठन ने कहा कि संस्था मौसम बड़े ही अनोखे ढंग से होली मिलन समारोह आयोजित करती है। इसके आयोजन से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि श्रवण कुमार अग्रवाल ने कहा कि संस्था मौसम का हास्य कवि-सम्मेलन कुरीतियों एवं व्यवस्था पर चोट करने वाला होता है। वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल ने कहा कि संस्था मौसम छोटे कार्यक्रम के द्वारा समाज में बड़ा संदेश देने का कार्य करती है। वार्ड पार्षद अखिलेश यादव ने कहा कि संस्था विनोद सागर की अध्यक्षता में निरंतर आगे बढ़ रही है। पूर्व वार्ड पार्षद राजकुमार कश्यप ने संस्था मौसम के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समाजसेवी सुदर्शन प्रजापति ने कहा कि होली उमंग व उल्लास का त्यौहार है, इसे यूँ ही मिल-जुलकर मनाना चाहिए। युवा समाजसेवी पवन कुमार चौधरी ने कहा कि निःसंदेह ऐसे आयोजनों से समाज में एक बहुत बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा। ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल के निदेशक मनोज कुमार प्रजापति ने आगन्तुक सभी अतिथियों का कार्यक्रम में शिरक़त करने पर आभार जताया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में कवि विनोद सागर ने अपनी कविता रंग लगाने की होड़ लगी ढोढ़ी, लहँगा और चोली में, फूहड़ता की ऐसी बही फगुनी बयार अबकी होली में, गिरगिट और रंगा सियार जाकर दुबके हैं अपने बिलों में, नेताओं को रंग बदलने का महारत हासिल है होली में प्रस्तुत कर समाज में व्याप्त बुराइयों पर प्रकाश डाला, वहीं कवि प्रो. डॉ. आलोक रंजन कुमार ने घर में ही हमें होली पर्व मनाना है।

## आप नेता मंटु पांडेय ने एसडीओ को दिया आवेदन

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आम आदमी पार्टी के नेता सत्य प्रकाश पांडेय उर्फ मंटू पांडेय ने अनुमण्डल पदाधिकारी को आवेदन देकर धुरकी मोड़ एनएच 75 से धुरकी अम्बाखोरेया तक बन रहे सड़क निर्माण में काफी अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुये जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई करने की मांग किया है.आवेदन में कहा गया है कि सड़क पर पानी छिड़काव नही होने के कारण उड़ते धूल से चलने वाले राहगीरों, विद्यालय जाने वाले बच्चों व अन्य लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आवेदन में श्री पांडेय ने कहा है कि चार दिन पूर्व मंगर दह ग्राम के ग्रामीणों ने सांकेतिक रूप से सड़क जाम कर विरोध दर्ज कराया था। थाना प्रभारी व संवेदक के प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया था कि पानी का छिड़काव लगातार कराया जायेगा, लेकिन आज तक पानी का छिड़काव नही कराया जा रहा है। श्री पांडेय ने कहा है कि एसडीओ ने स्वयं वस्तुस्थिति का जायजा लेने का आश्वासन दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### शिक्षा के साथ-साथ कौशल प्रशिक्षण जरूरी डॉ. आरिफ

**रांची।** डॉक्टर आरिफ ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा के देश के युवा ग्रेजुएशन करने के बाद भी बेरोजगार है, वजह ही उनके पास कोई स्किल का नहीं होना , अगर युवा पढ़ाई के साथ स्किल ट्रेनिंग भी लें तो उन्हे रोजगार मिलने में आसानी होगी । उक्त बातें अंतराष्टीय मानव अधिकार आयोग पोलैंड के भारत के चेयरमैन डॉक्टर आरिफ नासिर बट्ट ने वर्ल्ड टेक्निकल इंस्टीट्यूट के उद्घाटन के मौके पर कही। इसी सोच के साथ वर्ल्ड टेक्निकल इंस्टीट्यूट का शुरुआत हुआ है , जहां पर कौशल विकास की प्रशिक्षण देकर लोगों को रोजगार दिलाने में मदद कर रहा है । अंतराष्टीय मानव अधिकार आयोग पोलैंड के भारत के चेयरमैन डॉक्टर आरिफ नासिर बट्ट , झारखंड बिहार एवं उत्तर प्रदेश के रीजनल हेड वसीम अकरम , आइसीआइसीआइ बैंक के सीनियर मैनेजर अली अहमद , इंस्टीट्यूट के निदेशक मोहमद जाबिर, युवा पत्रकार शाहिद रहमान , समाज सेवी इरशाद नूर के द्वारा किया गया ।

### केनरा बैंक ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**रांची।** केनरा बैंक, अंचल कार्यालय, राँची द्वारा हितेश गोयल, महाप्रबंधक के कुशल मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन ÷डिजिटऑल॰ लैंगिक समानता के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी÷ के थीम के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. जयती सिमलाई, निदेशक, रिनपास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। रामचंद्र, मंडल प्रबंधक ने अपने स्वागत संबोधन से सभी का स्वागत किया।

# आदिवासी और जैन समुदाय के बीच राजनीति घूस गया है : जैन संत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** मैं पारसनाथ श्री सम्मेद शिखरजी की यात्रा की है। वहां बैठा और जिया। जो पारसनाथ आये ही नहीं,देखा नहीं,समझा नहीं, वही विवाद पैदा कर दिया। जैन और आदिवासी समुदाय के बीच राजनीति घूस रहा हैं,तो दिक्कतें आयेंगी ही। उक्त बातें अंतर्मना आचार्य 108 श्री प्रसन्न सागर जी महाराज ने प्रेस क्लब के सभागार में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पारसनाथ श्री सम्मेद शिखरजी एक आस्था का तीर्थ क्षेत्र है। जिसके साथ आदिवासी समुदाय और जैन समुदाय की गहरी आस्था जुड़ी हुई है। श्री सम्मेद शिखर जी का महत्व जितना जैन समुदाय के लिए है उतना ही आदिवासी समुदाय का है। क्योंकि भगवान पारसनाथ किसी जाति विशेष के नहीं बल्कि आदिवासी समाज के भी हैं। इसलिए हम कह सकते हैं कि आदिवासी और जैन समाज एक दूसरे के पूरक हैं और एक दूसरे के बिना अधूरे हैं। आचार्य श्री ने पत्रकारों के सवाल के जवाब देते हुए कहा कि अगर पारसनाथ की धरती पर कुछ ऐसा काम हो रहा है जो संवैधानिक तौर पर उचित नहीं है तो उस पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, इससे जैन समुदाय को किसी भी प्रकार की आपत्ति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पारसनाथ पर्वत का संरक्षण और सुरक्षा के प्रयास होने चाहिए। पर्वत पर किसी भी प्रकार का निर्माण करना गैर कानूनी है क्योंकि वह वन विभाग की संपत्ति है। उन्होंने पत्रकारों को सरस्वती पुत्र कहते हुए संबोधित किया और कहा कि मीडिया की भूमिका आज के दौर में अब काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि मीडिया के माध्यम से विचारों का संचार तीव्र गति से होता है और अगर सद्विचार को चंद लोग भी आत्मसात करते हैं तो संतों की तपस्या, संतों के उपदेश सफल माने जाते हैं।

अहिंसा संस्कार पदयात्रा करते हुए संस्कारों का शंखनाद कर रहा हूं। आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज ने कहा कि गांधी जी ने दांडी यात्रा की थी, विनोबा भावे ने पदयात्रा की थी और वह समाज में नष्ट होती नैतिकता, गुम होते आदर्श और विलुप्त होता आगम को लेकर अहिंसा संस्कार पदयात्रा बीते 15 वर्षों से कर रहे हैं।

देश के लोग पाश्चात्य व्यवस्था को फॉलो कर रहे हैं और देसी संस्कृति विलुप्त होती जा रही है ऐसे में संस्कारों को संरक्षित रखना एक बड़ी चुनौती है।

# झारखंड के 3900 पुलिसकर्मियों को एएसआई रैंक में मिलेगी प्रोन्नति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** झारखंड पुलिस के 3900 सिपाही रैंक के पुलिसकर्मियों को एएसआई रैंक में प्रमोशन मिलेगा। आईजी ट्रेनिंग ने इसको लेकर आदेश जारी कर दिया है। इन सभी पुलिसकर्मियों का 15 मार्च से पीटीसी प्रशिक्षण शुरू होगा।

झारखंड पुलिस के पांच ट्रेनिंग सेंटर में पुलिस कर्मियों को ट्रेनिंग दी जायेगी, जिनमें जेएपीटीसी पदमा में 1300, सीटीसी मुसाबनी में 1500, जंगल वारफेयर स्कूल में 900, जैप 10 महिला बटालियन में 200 और सभी महिला पुलिसकर्मियों को विस्थापित भवन धुर्वा रांची में पीटीसी प्रशिक्षण दिया जायेगा।

आईजी ट्रेनिंग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि यदि चार अप्रैल 2009 से पूर्व नियुक्त सिपाही प्रशिक्षण के लिए शेष रह गये हैं, तो उन्हें प्रशिक्षण में भेजने से पहले पुलिस मुख्यालय से अनुमति लेनी होगी। अन्यथा ऐसे पुलिसकर्मियों का योगदान प्रशिक्षण संस्थान में स्वीकार नहीं किया जायेगा।

यदि पुलिसकर्मी किसी कारण से प्रशिक्षण में योगदान नहीं देते हैं, तो योगदान नहीं देने कारणों का उल्लेख करते हुए कार्यालय आदेश या जिला आदेश अंकित कर संबंधित कर्मियों के सेवा पुस्तिका में अंकित किया जाये। इस प्रशिक्षण से होने वाले सभी प्रकार के लाभ और एसीपी, एमएससीपी अगले पद में प्रोन्नति का लाभ प्रशिक्षण उत्तीर्ण होने की तिथि से देय होगा। जारी आदेश में कहा गया है कि सभी जिला इकाई के प्रधान से अनुरोध है कि अपने जिला इकाई में पदस्थापित पुलिसकर्मियों को निर्धारित समय पर पीटीसी प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए पहचान पत्र, चिकित्सीय प्रमाण पत्र, दो जोड़ा वस्त्र, बेड और मेस खर्च के लिए आवश्यक राशि के साथ योगदान कराना सुनिश्चित किया जाये।

# रांची विवि के अनुबंधित सहायक प्राध्यापकों की फीकी रहेगी होली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची** : होली पर अनुबंधित सहायक प्राध्यापकों को मानदेय नहीं मिला है। इस संबंध में रांची विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष डॉ त्रिभुवन कुमार साही और महासचिव डॉ रामकुमार तिर्की ने कहा है कि अनुबंध सहायक प्राध्यापकों के घर होली फिकी रहेगी मानदेय नहीं मिलने के कारण होली में हम अपने बच्चों को नए कपड़े नहीं ले पाएंगे। उन्होंने कहा कि पर्व त्योहार पर शिक्षकों को मानदेय नहीं दिया जाता है। इससे पहले हमें दिवाली में भी मानदेय नहीं दिया गया था। उन्होंने रजिस्ट्रार डॉ एमसी मेहता के बयान को भी गलत बताया और खंडित किया।

दरअसल, रजिस्ट्रार डॉ एमसी मेहता ने बयान दिया था कि अनुबंधित सहायक प्राध्यापक जिन्होंने बिल जमा कर दिया है उन्हें भुगतान कर दिया गया। जबकि कोई भुगतान नहीं किया गया है। हम इस बात का खंडन करते हैं। खुद अपने विभाग से ही रजिस्ट्रार को पता कर लेना चाहिए कि बिल कब से जमा है। सरकारी शिक्षकों का भुगतान कर दिया गया है, लेकिन सहायक प्राध्यापकों का भुगतान नहीं किया गया है।

# अरगोड़ा में बढ़ी मारपीट की घटनाएं, लोग परेशान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** पार्किंग को लेकर मो. सलीमुद्दीन पर तलवार और अन्य घातक हथियार से मारकर उन्हें घायल कर दिया, वहीं बीच बचाव करने आये उनके बेटे आसिफ अली को भी नहीं छोड़ा गया। रड से मारकर उसे भी घायल कर दिया गया। सरेआम दोनों बाप-बेटे पर घातक हथियारों से हमला किया गया। यह घटना दो दिन पहले रांची के अरगोड़ा रेलवे स्टेशन पार्किंग के बाहर हुई। अरगोड़ा के थानेदार विनोद कुमार ने इस कांड को लेकर ताबड़तोड़ छापामारी कर दो हमलावरों मो. फिरोज उर्फ भूसा और मो. नसीम उर्फ डबला को गिरफ्तार कर लिया। वहीं इस कांड में शामिल फरार पांच अन्य आरोपियों को जोर-शोर से खोजा जा रहा है। पकड़े गये दोनों हमलावर अरगोड़ा थाना क्षेत्र के कडरू बगीचा टोली का रहनेवाले हैं। इस संबंध में जख्मी मो. सलीमुद्दीन की पत्नी शबनम खातून के बयान पर अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। अरगोड़ा रेलवे स्टेशन के पास कडरू बगीचा टोली में रहनेवाली शबनम खातून ने पुलिस को दिये अपने बयान में बताया है कि बीते रात साढ़े नौ बजे उनके पति मो. सलीमुद्दीन अपने मालिक की कार को अरगोड़ा रेलवे स्टेशन के पार्किंग के बाहर लगाया। उसी समय मो. फिरोज ने उन्हें वहां से गाड़ी हटाने को कहा। इसी मामूली बात पर बकझक शुरू हो गई। बात इतनी बिगड़ गई कि मो. फिरोज उर्फ भूसा और उसके भाईयों ने उनके पति पर चाकू और तलवार से हमला कर दिया। उन्हें बेतरह मारा-पीटा गया। बीच बचाव करने जब उनका बेटा आसिफ अली गया तो उसपर भी हमला कर दिया गया। उसका जबड़ा तोड़ दिया गया। दोनों बाप-बेटे को इस कदर मारा-पीटा गया कि दोनों बेहोश हो गये। शबनम खातून का इल्जाम है कि बाप-बेटे को बेहोश करने के बाद सभी हमलावर उसके घर पर धावा बोल दिया। घर में मौजूद उनके दामाद शहरयार खान को भी मारकर उसका बायां हाथ तोड़ दिया। वहीं घर में मौजूद महिलाओं के साथ बुरा सलूक किया। शमबन खातून ने दर्ज एफआईआर में मो. फिरोज और उसके भाई मो. नसीम उर्फ डाबला, सलीम अंसारी उर्फ बढ्ढू, कलीम अंसारी उर्फ छोटू, गेतू अंसारी, डेले अंसारी एवं एक अन्य गुड्डू अंसारी उर्फ बिहारी को नामजद अभियुक्त ठहराया गया है।

# अर्बन हाट कैंपस में लगी आग, लाखों का नुकसान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** रांची के गोंदा थाना क्षेत्र स्थित कांके डैम के पास बन रहे अर्बन हाट कैंपस में सोमवार को अचानक आग लग गयी। आग इतनी भयावह थी कि उसकी लपटें दूर-दूर तक दिखायी दे रही थीं। इस आगलगी में अर्बन हाट कैंपस में रखे लाखों के पाइप और अन्य सामान जल कर राख हो गये। हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फायर ब्रिगेड के सात वाहनों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है।

बताया गया कि अर्बन हाट कैंपस में लाखों के पाइप रखे थे, जो प्लास्टिक के थे। इसलिए थोड़ी देर में ही आग ने भयावह रूप ले लिया और आग की लपटें दूर-दूर तक दिखने लगीं। दमकल का गाड़ी घटनास्थल पर पहुंचती, इससे पहले वहां रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया था। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड को मामले की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग बुझाया। फायर ब्रिगेड के सात वाहन मौके पर पहुंचे थे। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

# रांची इप्टा ने नए पदाधिकारियों की घोषणा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** रांची इप्टा का अहम बैठक बड़ा तालाब स्थित शफीक भवन में किया गया। इस बैठक में पलामू में इप्टा का होने वाले तीन दिवसीय 15 वां राष्ट्रीय सम्मेलन 17, 18, 19 मार्च 2023 को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिसकी अध्यक्षता इप्टा के रांची जिला अध्यक्ष पंकज मित्रा ने की। इस अवसर पर राज्य कार्यकारी अध्यक्ष श्यामल मल्लिक, एटक सचिव पीके गांगुली, प्रदीप तरफदार, अधिवक्ता कलाम राशिदी, विनय भूषण, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।इस मौके पर रांची जिला की नई कमेटी का गठन किया गया है जो इस तरह से है;रांची जिला इप्टा के संरक्षक मंडली में डॉक्टर जेसी रॉय, अधिवक्ता कलाम राशिदी, अबरार अहमद, हिमांशु बोस, जय शंकर चौधरी, एस एन ठाकुर, अजय सिंह, सच्चिदानंद मिश्रा । अध्यक्ष पद के लिए पंकज मित्र, सचिव सुमेधा मलिक, उपाध्यक्ष के लिए परवेज कुरेशी, प्रवीण करमाकर, फरजाना फारुकी ,कोषाध्यक्ष बृजेश कुमार वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में श्याम प्रधान, प्रदीप तरफदार, प्रदीप तरफदार, विनय भूषण, श्यामल चक्रवर्ती ,साकेत क्षेत्री,अमित आदि शामिल हैं।

# उपायुक्त ने मोरहाबादी स्थित ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोहराबादी, राँची अवस्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, रांची मेरी मड़की एवं संबंधित कर्मी उपस्थित थे। ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आपको जानकारी हो कि समय-समय पर इवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण कर रख-रखाव एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को समर्पित करना होता है।

### भाजपा का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का का आडियो जारी होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को रांची में राजभवन पहुंचे। भाजपा विधायकों और सांसद के साथ भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को एक ज्ञापन सौंपा। मौके पर झारखंड का प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी ,नवीन जयसवाल, सीपी सिंह, समरी लाल , सहित सांसद व राज्य सभा सदस्य शामिल थे।

# सेल अध्यक्ष ने एमटीआई में माया लैब, बिलियर्ड्स रूम और स्मार्ट क्लास रूम का किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** स्टील अर्थॉरिटी ऑफ इंडिया की अध्यक्ष सोमा मोंडल ने कल एक आभासी वास्तविकता प्रयोगशाला माया, विश्व स्तरीय बिलियर्ड्स सुविधा और एक स्मार्ट कॉर्पोरेट क्लासरूम का उद्घाटन ए दासगुप्ता, निदेशक प्रभारी (बीएसपी), ए प्रकाश, निदेशक प्रभारी (बीएसएल), वीएस चक्रवर्ती, निदेशक (वाणिज्य), बीपी सिंह, निदेशक प्रभारी (डीएसपी और आईएसपी), एके तुलस्यानी, निदेशक (वित्त), केके सिंह, निदेशक (कार्मिक) और एके सिंह, निदेशक (टीपी एंड आरएम) की उपस्थिति में किया। ।आईआईटी मद्रास के सहयोग से स्थापित अपनी तरह की अनूठी प्रयोगशाला माया आभासी वास्तविकता (वीआर), संवर्धित वास्तविकता (एआर) और मिश्रित वास्तविकता (एमआर) का एक व्यापक अनुभव प्रदान करती है। इसे सबसे शक्तिशाली उद्योग 4.0 उपकरणों में से एक माना जाता है, यह अनुभव लैब सिमुलेशन, परीक्षण और प्रशिक्षण के कई अनुप्रयोग प्रदान करता है। मंडल ने व्यापक सेट-अप की सराहना की और संगठन की मानव पूंजी के सीखने और विकास के लिए प्रौद्योगिकियों की पूरी क्षमता का दोहन करने पर जोर दिया। संजीव कुमार, ईडी (एचआरडी), एमटीआई ने एक मंच की आवश्यकता को रेखांकित किया जिसके माध्यम से उद्योग-शिक्षाविद उन क्षेत्रों की पहचान करते हैं जहां इस्पात उद्योग की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए ठोस प्रयास किए जा सकते हैं। चंद्र नाथ कुमार, जितेंद्र हेम्ब्रम और विश्वजीत आनंद की एक टीम ने इस प्रयोगशाला को चालू करने के लिए अथक प्रयास किया। विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए एमटीआई में बिलियर्ड्स सुविधाएं स्थापित की गई हैं। बिलियर्ड्स रूम का उद्घाटन कल सेल अध्यक्ष ने सेल निदेशकों की उपस्थिति में किया।प्रज्ञा, एमटीआई द्वारा विकसित स्मार्ट क्लासरूम का भी उद्घाटन अध्यक्ष, सेल ने निदेशकों की गरिमामयी उपस्थिति में किया। स्मार्ट क्लासरूम का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को फिजिकल और वर्चुअल मोड में सहज और कागज रहित अनुभव प्रदान करना है।सेल सेफ्टी द्वारा कल 52वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस भी मनाया गया। सेल अध्यक्ष द्वारा सेल निदेशक मंडल और सेल के कार्यकारी निदेशकों और कर्मचारियों की उपस्थिति में सुरक्षा ध्वज फहराया गया।

# घर का रीढ़ था गुड्डू परवेज, अचानक मौत ने परिवार को तोड़ कर रख दिया

**परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान के राज्यसभा सदस्य गुरु जी शिबू सोरेन के मुख्यमंत्री कार्यकाल में प्रेस सलाहकार रहें वरिष्ठ पत्रकार शफीक अंसारी के बड़े साहबजादे शिक्षक व पत्रकार गुड्डू उर्फ परवेज अख्तर( 38 ) का थडपखना स्थित आवास में 6 मार्च 2023 को बाद नमाज फज्र करीब छह बजे अचानक इंतकाल हो गया,जिसकी मिट्टी मंजील रातू रोड कब्रिस्तान में रात्रि नौ बजे कर दिया गया।

**कैसे घटी घटना:** परवेज अख्तर के इंतकाल के बाद पिता वरिष्ठ पत्रकार शफीक अंसारी, मां सकीला खातून,भाई रांची प्रेस क्लब के सचिव जावेद अख्तर,विक्की सहित पूरे घर परिवार व परिचितों का रो- रो कर बुरा हाल था। किसी को यकीन ही नहीं हो रहा था कि परवेज अब हम सबों के बीच नहीं रहा। इस दौरान शफीक अंसारी ने अपने परिचितों को बताया कि 5 मार्च को 2023 को अपनी पत्नी को लाने स्कूटी से ही जमशेदपुर चला गया था और रात को ही करीब 8 से 9 बजे तक जमशेदपुर से रांची लौट भी आया था। अपने कमरे में चला गया और अपने पोर्टल के लिए खबरें लिखने लगा। रात 10॰11 बजे तक सब कुछ ठीक-ठाक था ।

**कौन था गुड्डू परवेज:** 5 मार्च 2023 रात्रि करीब 10:15 बजे गुड्डू मुझे व्हाट्सएप किया और बताया कि वह झारखंड दर्पण के नाम से वेब पोर्टल बनाया है, कहा इसको देख कर बताओ अच्छा है न ,और इसको सब जगह वायरल कर दो भाई। गुड्डू परवेज से मेरी दोस्ती 2004-05 से थी, वह हमारे डांस संस्थान पाज़ेब आया करता था,डांस सिखने, तब मैं पाज़ेब में पेंटिंग सिखाता था, तभी दोस्ती हुई थी। गुड्डू परवेज संत जॉन स्कूल से शुरुआती शिक्षा प्राप्त की और सेंट जेवियर कॉलेज से कामर्स में ग्रेजुएशन किया। बीएड करने के बाद ईरबा



स्थित अब्दुल कय्यूम अंसारी मीडिल स्कूल में पढ़ाने लगा। इसी दौरान वह वेब पोर्टल और अखबारों में लिखने लगा कुछ समय के लिए उर्दू अखबार जमूरियत टाइम्स से भी जुड़ा रहा,सात मई 2022 में शादी हुई थी। गुड्डू परवेज अपने पीछे पत्नी,पिता शफीक अंसारी, मां सकीला खातून,दो छोटे भाई, एक बहन छोड़ गया।

**दुख व्यक्त करने वालों में :** गुड्डू परवेज की निधन की सूचना पर किसी ने फोन से तो बहुत लोग घर पहुंच कर किया शोक व्यक्त।मुख्य रूप से डॉक्टर महुआ मांझी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय , वरिष्ठ कांग्रेस नेता मंजूर अहमद अंसारी, हैंडलूम एंड खादी दक्षिणी छोटानागपुर के अध्यक्ष अनवार अहमद अंसारी,डा असलम परवेज, झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी, मौलाना तहजीबुल हसन रिजवी, झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, कांग्रेस नेता शमशेर आलम, संयुक्त सचिव अभिषेक सिन्हा, कोषाध्यक्ष सुशील सिंह मंटू, उपाध्यक्ष पिंटू दुबे, सभी कार्यकारिणी सदस्यों एवं झारखंड फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन मनोज,रत्न लाल, दिनेश,महादेव सेन, रुपेश, परवाज़ खान, विनय मुर्मू,अशफर, आसीफ, आदिल रशीद, संजीव मिश्रा,अरविंद प्रसाद, रंगनाथ चौबे, आकाश सिंह, सुरेंद्र सोरेन, राकेश सिंह, सुनील सिंह,प्रदीप ,शशि पांडेय, एहसानुल हसन,आसिफ नईम, पत्रकार कला मंच से अध्यक्ष अमित दास, सचिव संदीप नाग, कोषाध्यक्ष एएसारपी मुकेश, कौशलेंद्र, देवेंद्र सिंह सहित सैकड़ों गणमान्य लोगों ने दुख व्यक्त किया ।

**क्या कहा डॉक्टर हेमंत नारायण ने:** रिम्स के ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हेमंत नारायण ने बताया कि अभी हार्ट अटैक आना आम बात हो गई है। उम्र और नशा से बहुत लेना देना नहीं है। एक दिन पहले ही हमारे यहां 13 साल का बच्चा को लेकर आया जिसे हार्ट अटैक आया हुआ था। अभी किसी को भी हार्ट अटैक आ सकता है, इसमें कुछ संभल गए और समय पर उसका इलाज शुरू हो गया तो ठीक है, नहीं तो मुश्किल है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## झारखंड प्रदेश आदिवासी सरना समाज ने किया बैठक

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को ओरमांझी प्रखंड के अंतर्गत पंचायत सचिवालय चकला में झारखंड प्रदेश आदिवासी सरना पड़हा समाज की अध्यक्ष प्रो प्रेमनाथ मुंडा की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से झारखंड प्रदेश आदिवासी सरना पड़हा समाज मुन्ना पतरा चकला का



नए सिरे से गठन किया गया। बैठक में पहड़ा सरना समाज का अध्यक्ष प्रो प्रेमनाथ मुंडा,मुख्य संरक्षक रमेश उरांव, संरक्षक बालक पहान, संरक्षक रमेश चंद्र उरांव, उपाध्यक्ष राजेंद्र मानकी शाही, काशीनाथ पहान जगमोहन मुंडा नंदकिशोर मुंडा राजीव रंजन मुंडा वीरेंद्र मुंडा विष्णु मुंडा रामधन बेदिया, सोनाराम मुंडा रामदास पहान, कैलाश पहान, महासचिव नीलमोहन पहान, सचिव शिवनाथ मुंडा सुखराम पहान, सुरेश मुंडा, रघुवीर मुंडा, करमु पहान, संगठन सचिव मनोज मुंडा बुद्धेश्वर महली, मोहन मुंडा अर्जुन मुंडा प्रदीप मुंडा कोषाध्यक्ष अघनु पहान, कार्यकारिणी सदस्य धनेश्वर मुंडा, मंगल उरांव, सोमर उरांव, जगनू उरांव, कार्तिक मुंडा, जहूर मुंडा, सुनील उरांव, सुनील कुजुर, हरिलाल मुंडा, शंकर उरांव, हरिलाल मुंडा, मुख्य पहान पुजारी दिल रंजन पहान, इत्यादि को मनोनित किया गया।

## अनुपस्थित शिक्षक से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को प्रखंड के गड़गांव टिकरा टोली स्थित राजकीय मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण किया.इस दौरान प्रधानाध्यापक प्रशांत कुमार दत्ता को बगैर सूचना के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश बीडीओ



को दिया गया.विधायक तिर्की ने चचगुरा स्थित राजकीय मध्य विद्यालय परिसर से निर्देश के बावजूद तार नही हटाने पर विभागीय एसडीओ को कड़ी फटकार लगायी व 20 मार्च तक तार नही हटाने पर विधानसभा में मामला उठाने की चेतावनी दी.गत दिनों हाथी द्वारा मारे गये दो लोगों के आश्रितों को पेंशन स्वीकृति प्रमाणपत्र दिया गया .इससे पूर्व विधायक ने गड़गांव व चचगुरा में आंगनबाड़ी भवन निर्माण व विद्यालय परिसर में जलनल योजना का शिलान्यास किया.कार्यक्रम में जिप सदस्य रीना देवी, बीडीओ गौतम प्रसाद साहू,उप प्रमुख परवेज राजा , पार्टी प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया रमेश महली, मुखिया रजनी उरांव, राजन किस्पोट्टा, अबु माज, बलराम गोप, घोमा सिंह, बबलू गुप्ता, सुखदेव उरांव, ताहिर अंसारी, आलोक कुमार, मोहित गोप, अजय गोप, सहित अन्य शामिल थे.

## आईएचएम रांची में रंगबरसे थीम पर होली मिलन समारोह का बड़े ही धूमधाम से आयोजन

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) रांची में सोमवार को रंगबरसे थीम पर होली मिलन समारोह के साथ साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े हीं धुमधाम से आयोजित की गयी। इस अवसर बतौर मुख्य अतिथि मिस यूनाइटेड नेशन अर्थ 2022 सुश्री एंजेल मेरेना



तिर्की एवं अन्य अतिथियों में अवधेश ठाकुर, निरक्षक, मांडर, विनय कुमार यादव, थाना प्रभारी, मांडर, सुलेमान मुंदरी, प्रखंड विकास अधिकारी, अंचल अधिकारी मंडार विजय हेमराज खलखो, अमित कौशिक, महाप्रबंधक, होटल रॉयल रिट्रीट, अनिल कुमार, हेड एडिक्युटिव शेफ, होटल रॉयल रिट्रीट, पवित्रा सरकार, होटल बीएनआर, पटना, श्री पंकज बनर्जी, सहायक रजिस्ट्रार, आरकेडीएफ, प्रिया, राँची फूड क्रिविंग्स, तान्या गुप्ता, डोमिनोजगर्ल्स, मुस्कान, राँची, फुडकास्टल, मीडिया कर्मी, आईएचएम रांची के प्राचार्य, शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी की उपस्थिति में संस्थान के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी, जिसमे संस्थान के छात्रों ने होली आधारित गीत व नृत्य प्रस्तुत किया जिसकी उपस्थितगणों ने काफी सराहना की 7 सुश्री एंजेल ने सभी का जोहर बोलकर आभार करते हुए सभी को होली एवम अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए बताया कि यह ताज सभी महिलायों को समर्पित है। साथ ही बताया महिला सशक्तिकरण की जिक्र करते हुए बताया कि इस वर्ष अप्रैल माह में द क्वीन ऑफ इंटरनेशनल टूरिज्म, हेतु, मनीला, फिलिपिंस में भाग लेंगी एवं सभी छात्रों को जीवन के हर मंच पर हार न मानने का निर्देश किया। मौके पर संस्थान के प्राचार्य डॉ.भूपेश कुमार ने सभी उपवस्थितगण का अभिवादन करते हुए तथा सभी को होली पर्व एवम अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की अग्रिम बधाई देते हुए बताया की भारत त्योहारों का देश है, त्योहारों के कारण अपने देश की एक अलग पहचान है।

## किशोर-किशोरियों की स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को नेहरू युवा केंद्र राँची युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विषय आधारित जागरूकता कार्यशाला का आयोजन लालखटंगा पंचायत के मध्य विद्यालय के सभा कक्ष मे संपन्न किया गया। कार्यक्रम मे विभिन्न ग्राम एवं प्रखंड के 60 किशोर- किशोरी ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन



पीरामल फाउंडेशन के पदाधिकारी एवं गाँधीफेलो विषय विशेषज्ञ के रूप मे उपस्थित हुए। नेहरू युवा केन्द्र राँची के उपनिर्देशक सर्वेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम के सम्बन्ध मे प्रवेश कराकर कार्यक्रम की जानकारी दिया। साथ ही टेक्निकल सेशन की शुरुआत परीक्षित मुण्डा, कार्यक्रम मैनेजर पीरामल फाउंडेशन ने शुरुआत की कार्यक्रम मे अथिति के रूप मे सीनियर टीम मैनेजर संगीता कुमारी, एवं विशाल कुमार प्रधानाध्यापक भूपेंद्र चंद्र महतो, नेहरू युवा केंद्र मे पिए गौरव चुग, गांधी फ़ेलो शिवानी, राहुल, शशांक श्रीवास्तव, सुमित्रा साहू, अमृत एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक समी हैदर, पंचायत के उप मुखिया रितेश उरॉव, हहाप पंचायत मुखिया नन्हे कच्छप उपस्थित थे।

## मांडर प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने अडानी के खिलाफ एलआईसी ऑफिस के समीप पहुंचकर किया आंदोलन

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड में प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से अडानी के पक्ष में भाजपा की मोदी सरकार की घोर पूंजीवाद/ क्रोनी कैपिटलिज्म /की नीति के खिलाफ प्रखंड मुख्यालय से चलकर एलआईसी ऑफिस के पास पहुंचकर आंदोलन किया गया। इस आंदोलन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी



अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की मुख्य रूप से उपस्थित हुए। सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा से सावधान रहें यह सभी सार्वजनिक संस्थाओं के साथ अपने फायदे के लिए सिस्टम का खिलवाड़ कर रहा है। आज जिस तरह से एलआईसी और एसबीआई को अंडानी के हाथों सौंपा है इसके पीछे सरकार का बहुत बड़ा राज है लोगों की गाढ़ी कमाई को भी बकसने का काम यह सरकार नहीं कर रहा है। कांग्रेस पार्टी इनके मंसूबों को पूरा नहीं होने देगा। सोमवार को मांडर प्रखंड मुख्यालय में आंदोलन किया गया यह आंदोलन जिला से लेकर पूरे प्रदेश तक किया जाएगा।

# बूथ सशक्तिकरण को लेकर भाजपा का एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

## सांसद संजय सेठ ने बूथ जीतो, चुनाव जीतो का दिया मंत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी का सिल्ली विधानसभा स्तरीय बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर बैठक सोमवार को बंता पंचायत भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने की। बैठक में मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र अंशकालिक विस्तारक ने भाग लिया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संजय सेठ विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो,कार्यक्रम के विधानसभा संयोजक भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए





सांसद संजय सेठ ने कहा कि बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर चल रहे अभियान को समय सीमा के अंदर पूर्ण करें।पार्टी को मजबूत बनाने के लिए युवा और ऊर्जावान लोगों को बूथ कमेटी में जोड़ें।चुनाव में बूथ जीता मतलब चुनाव जीता।विधानसभा संयोजक विनय महतो धीरज ने कहा कि हमारा लक्ष्य केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक अवगत कराना है ताकि आगामी चुनाव में अधिक से अधिक भाजपा के पक्ष में मतदान करें।यह तभी संभव होगा जब हमारा बूथ मजबूत होगा। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने विस्तार पूर्वक संगठन की आगामी कार्यो को बताया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने किया। मौके पर ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रताप कुशवाहा, भाजयुमो जिला महामंत्री उमेश महतो,सिल्ली मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार साहू,राहे मंडल अध्यक्ष चित्तरंजन महतो, सृष्टिधर प्रजापति, दिलेश्वर कोइरी, , मनोज महतो, रघुवीर, भगीरथ, मेघनाथ,नरेश समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय परिसर में सोमवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में अडानी मामले को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में एलआसी और एसबीआई के नाम पर भारत को लुटना बंद करो, एलआसी और एसबीआई का निजीकरण बंद करो, मोदी-अडानी का भाई-भाईगीरी नहीं चलेगा, जेपीसी से जांच कराओ, देश को लुटना बंद करो के नारे के नारे लगाये। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष प्रो0 करमा उरांव ने कहा की केन्द्र की भाजपा सरकार ने सार्वजनिक संस्थाएं एलआईसी और एसबीआई को निजी हाथों में बेचना का काम किया है। जब इन संस्थाओं का करोड़ो का शेयर डुब गया, तब भी प्रधानमंत्री अडानी का नाम तक नहीं ले पा रहे हैं। इससे बड़ी देश की दुर्भाग्य और क्या हो सकता है। मौके पर जिला परिषद सदस्य बेरोनिका एक्का, मजकुर आलम सिद्दीकी, नवल किशोर सिंह, रईमुद्दीन मिरदाहा, पंचु उरांव, शंभु बैठा, मीर मुस्लीम, मो0 फहीम, आलम अंसारी सहित कई लोग शामिल थे।


**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA**

**e-Procurement Tender Notice (SBD)**
**Tender Reference No. DWSD/CLTR/SVS/CTR/50/2022-23 (6th Call)**
**Date : 06.03.2023**

| Sl. No. | Particular | Details | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Detailed survey, designing and drawing, Construction of 4412 Nos. FHTC in Different Block of Chatra District comprising of suitable R.C.C/Frame Structure ESR, Distribution Lines, Source (as required) & 05 Years Operation and Maintenance all complete job "O n Turnkey Basis" under D.W. & S. Division, Chatra for the Year 202 2-23 under (JJM) | | | | | |
| | Group No. | No. of Panchayat | No. of FHTC | Estimated Cost (In Lac) | E.M Required (In Lac) | Cost of BOQ (In Rs.) | Time of Completion |
| | KND/SVS/CLTR/04(C) | 2 | 2202 | 697.38 | 6.97 | 10,000/- | 09 Months |
| 2 | Date of Tender Uploading in Website | 09.03.2023 at 5:00 PM | | | | | |
| 3 | Last date receipt of Bid | 15.03.2023 upto 5:00 PM | | | | | |
| 4 | Last Date Submission Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 16.03.2023 upto 3:00 PM In the Office of -<br>1. Executive Engineer, D.W.&S. Division, Chatra and<br>2. Superintending Engineer, D.W&S. Circle, Hazaribagh.<br>3. Regional Chief Engineer, D.W&S. Department Ranchi Zone, Ranchi. | | | | | |
| 5 | Date of Opening Tender | 16.03.2023 at 05:00 PM | | | | | |
| 6 | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drin king Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand) | | | | | |
| 7 | Name & Address of Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand) | | | | | |
| 8 | Contact No. of Procurement Office | +91-7544099310, +91-9931972161 or 06541-253273 | | | | | |
| 9 | Helpline No. of e-Procurement Cell | 0651-2480345 | | | | | |

- Further details can be seen on & official website http://jharkhandtenders.gov.in.
- Estimated cost may increase or decrease.
- Undersign reserves the right to amend or withdraw any of the terms & conditions contained in the tender document or to accept or reject any or all the tenders without assigning any notice or reason thereof. The decision of the undersigned in this regard shall be find & binding on all.

Executive Engineer
D.W.&S. Division, CHATRA

PR.NO.292038 Drinking Water and Sanitation(22-23):D



**Office of Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, Jhumritelaiya**

**Very Short Tender e-Procurement Notice, (3rd Call)**
**Tender reference:-JMT/SVS_Cluster/31/2022-23) Date :- 04.03.2023**

1. Name of Work-Construction of Cluster wise Single Village Water Supply Schemes based on Solar Energy Based Mini Rural Pipe Water Supply Schemes in different blocks of Koderma District which are not included in MVS/SVS/Other Schemes to supply water and house connection with 05 Years Operation and Maintenance works on "Turn Key Basis" Under D.W.&S. Division, Jhumritelaiya for the Year 2022-23 (Head-JJM)

| Sl. No. | Group No | No of Panchayat | No of FHTC | Estimated Cost (in Lakhs) | E. M. Required (in Lakhs) | Cost Of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JMT/SVS_ Cluster /Jainagar 4 | 08 | 1374 | 550.2100 | 5.51 | 10,000.00 | 09 Months |
| 2. | Date of Tender uploading in Website | Date:- 10.03.2023 up to 05:00 PM | | | | | |
| 3. | Date of Pre-bid Meeting | Date 13.03.2023 at 12:30 PM in the office of Engineer-in-Chief, D. W. & S. Department Jharkh and Ranchi | | | | | |
| 4. | Last date receipt of Bid | Date:- 21.03.2023 up to 05.00 PM | | | | | |
| 5. | Last date submission cost of BOQ and EMD (in hard copy) | Date:- 22.03.2023 up to 01.00 PM in the office of the Executive Engineer, D. W. & S. Division, Jhumritelaiya Superintending Engineer, D.W.& S. Circle, Hazaribag Regional Chief Engineer, D.W. & S. Department Ranchi Zone, Ranchi | | | | | |
| 6 | Date of Opening Tender | Date:- 23.03.2023 up to 03.00 PM | | | | | |
| 7 | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sani tation Division, Jhumritelaiya | | | | | |
| 8. | Name and address of tender opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Jhumritelaiya | | | | | |
| 9 | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 | | | | | |

I) Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in

(Er. Chandra Shekhar)
Executive Engineer
D.W. & S. Division, Jhumritelaiya

PR 292005Drinking Water and Sanitation(22-23)#D



**कार्यालय – कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, (आत्मा), रामगढ़।**

**–: आवेदन आमंत्रण सूचना :–**

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अंतर्गत जिला रामगढ में दलहन फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने हेतु विभिन्न प्रकार की सुविधाएं आत्मा, रामगढ़ द्वारा लाभुक किसानों को उपलब्ध करायी जा रही है। इस क्रम में वर्ष 2022–23 में रामगढ़ जिला अंतर्गत इच्छुक कृषकों को अनुदान पर विभिन्न कृषि उपकरण उपलबध कराया जायेगा।

उक्त के आलोक में सीधे कृषि उपकरण अनुदान पर उपलब्ध कराया जायेगा। इच्छुक कृषकों से अनुदान पर नीचे वर्णित कृषि यंत्र एवं अन्य हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | यंत्र का नाम | अनुदान की राशि (रू0 प्रति यूनिट) | उपलब्धता |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉवर नेपसेक स्प्रेयर (8–12 लीटर) | 3100 रू0 प्रति युनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST/लघु एवं सीमांत किसान/महिला किसान) | 10 यूनिट |
| 2 | पॉवर नेपसेक स्प्रेयर (8–12 लीटर) | 2500 रू0 प्रति युनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य किसान) | 25 यूनिट |
| 3 | नेपसेक स्प्रेयर (हस्त चालित) | 750 रू0 प्रति युनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST/लघु एवं सीमांत किसान/महिला किसान) | 22 यूनिट |
| 4 | नेपसेक स्प्रेयर (हस्त चालित) | 600 रू0 प्रति युनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य किसान) | 44 यूनिट |
| 5 | रोटावेटर (Above 35BHP-5 Feet) | 42000 रू0 प्रति युनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (SC/ST/लघु एवं सीमांत किसान/महिला किसान) | 01 यूनिट |
| 6 | रोटावेटर (Above 35BHP-5 Feet) | 34000 रू0 प्रति युनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य किसान) | 01 यूनिट |
| 7 | मल्टी क्रॉप थ्रेसर (Tractor driven above 35 BHP uoto 4 tonne/hr capacity) | 80000 रू0 प्रति युनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य किसान) | 01 यूनिट |
| 8 | रीज फरो प्लांटर (Below 20 BHP Tractor Dirven) | 24000 रू0 प्रति युनिट या 40 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। (अन्य किसान) | 01 यूनिट |
| 9 | Seed Storage Bins | 1000 रू0 प्रति क्विंटल या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। | 08 यूनिट |
| 10 | स्प्रींकलर सेट | The cost for sprinkler irrigation system for 1 ha would be Rs. 21901/-ha. Depending on diameter of pipe used as per guidline under PMKSY | 01 यूनिट |
| 11 | पम्प सेट | 10000 रू0 प्रति युनिट या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। | 33 यूनिट |
| 12 | सिंचाई पाइप | 50 रू0/मीटर या 50% HDPE Pipe, 35रू0/मीटर PVC Pipe, 20 रू0/मीटर HDPE laminated woven lay flat tubes अथवा 15000 रू0 प्रति किसान समूह या 50 प्रतिशत जो दोनो में से कम होगा। | 209 Mtr |
| 13 | मोबाईल रेनगन | Rs. 28681/- to 34513/ha. Depending on diameter of pipe used as per guidline under PMKSY | 01 यूनिट |
| 14 | थ्रेसिंग फ्लोर निर्माण 30'x30' साईज | 57500 रू0 प्रति युनिट या या कुल लागत का 50 प्रतिशत अनुदान। | 03 यूनिट |

आवेदन पत्र के साथ निम्न कागजात संलग्न करना अनिवार्य होगा :–

- आवेदक का आधार कार्ड का स्व प्रमाणित प्रति।
- जमीन का अद्यतन रसीद का स्व–प्रमाणित प्रति।
- आवेदक का पासपोर्ट साईज फोटो।
- मुखिया से प्रमाणित वंशावली।
- पास बुक का फोटो कॉपी।

नोट :–1. आवेदक पत्र दिनांक 04.03.2023 से 14.03.2023 तक प्रखण्ड के कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र से निःशुल्क आवेदन–पत्र प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन–पत्र आत्मा, रामगढ़ के Website - http://www.atmaramgarh.org.in/ से भी डाउनलोड किया जा सकता है तथा भरा हुआ पूर्ण आवेदन दिनांक 14.03.2023 तक कार्य दिवस में प्रखण्ड के कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र (Atic Centre) में जमा किया जाना है।

2. किसी भी यंत्र का क्रय अथवा थ्रेसिंग फ्लोर निर्माण लाभुको द्वारा 100 प्रतिशत राशि भुगतान कर के ही किया जाएगा तथा प्राप्ति रसीद एवं फोटो जमा करने एवं स्थल निरीक्षण के उपरान्त अनुदान राशि लाभुक के खाते में हस्तांतरित की जाएगी।
3. एक परिवार में केवल एक ही सदस्य को यंत्रीकरण अथवा थ्रेसिंग फ्लोर निर्माण योजना का लाभ मिलेगा, यदि परिवार में बटवारा हो गया हो तो उसको मुखिया के द्वारा सत्यापन करा के जमा करना अनिवार्य होगा।
4. आवेदक के हिस्से में कितना जमीन पड़ता है स्पष्ट रूप से मुखिया से सत्यापित वंशावली के साथ जमीन की रसीद आवेदन के साथ संलग्न कर जमा करना अनिवार्य होगा।
5. पिछले तीन वर्षो में जिन कृषकों या उसके परिवार का चयन नहीं किया गया हो, केवल उनका चयन किया जायेगा।
6. पिछले तीन वर्षो में जिन ग्रामों का चयन नहीं किया गया है, उन ग्रामों के चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
7. अंकित अवयवों के लाभ हेतु आवेदन पर पंचायतीराज के तहत ग्राम पंचायत, वार्ड सदस्य/मुखिया द्वारा अनुमोदन अनिवार्य होगा।
8. लाभुक का चयन पहले आओ– पहले पाओं के आधार पर होगा।
9. कृषि यंत्र एवं अन्य का वितरण ब्लॉकचेन प्रणाली के माध्यम से किया जायेगा।

परियोजना निदेशक,
आत्मा,रामगढ़।

यदि कोई परेशानी हो तो अपने क्षेत्र के कृषक मित्र, सहायक तकनीकी प्रबंधक, जनसेवक, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक एवं प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी से संपर्क करें।

PR 292011 Agriculture(22-23)D



**MINOR IRRIGATION DIVISION, CHATRA**
**Very Urgent e-Procurement Tender**
**Tender Reference No. WRD/MID/CHATRA/F2-01/2022-23 Date :- 06.03.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date of publication of Tender on website | 13.03.2023 |
| 2 | Last date/Time for submission of Bids | 19.03.2023 |
| 3 | Date of opening of e-Tender | 21.03.2023 at 2.00 pm |
| 4 | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Chatra. |
| 5(a) | Contact no. of Procurement officer | 8210684027 |
| (b) | E-mail of e-procurement Officer | eemidchat-cemr-jhr@nic.in |
| 6 | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2210618 |
| 7 | Date, Time & Place for receipt of Bids fee Security and other documents.(In Hard copy) | 14.03.2023 to 20.03.2023 at Minor Irrigation Division, Chatra between 10.00am to 5.00 pm |

| Sl No. | Group No. | Name of Scheme | Estimated cost | Earnest Money | BOQ Cost | Time Of Complation |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | Renovation of Chamrahi Ahar, Vill.-Khapiya, GP.-Sikidag, Kunda, Chatra. | 2490400.00 | 49900.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 2 | 2 | Renovation of Kutil Ahar, Vill.-Kutil, GP.-Margada, Kunda, Chatra. | 2498500.00 | 50000.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 3 | 3 | Renovation of Kani Ahar, Vill.-Besra, GP.-Bodhadih, Kunda, Chatra. | 2396900.00 | 48000.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 4 | 4 | Renovation of Gurturwa Ahar, Vill.-Sindri, GP.-Nawada, Kunda, Chatra. | 2463100.00 | 49300.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 5 | 5 | Renovation of Mandar Ahar, Vill.-Kunda, GP.-Kunda, Kunda, Chatra. | 2271100.00 | 45500.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 6 | 6 | Renovation of Guhi Ahar, Vill.-Simariya Kala (Tikuliya), GP.-Banhe, Simaria, Chatra. | 2487100.00 | 49800.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 7 | 7 | Renovation of Baherabandh Ahar, Vill.-Hafua, GP.-Bagra, Simaria, Chatra. | 2496400.00 | 50000.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 8 | 8 | Renovation of Barkabandh Ahar, Vill.-Edla, GP.-Edla, Simaria, Chatra. | 2497500.00 | 50000.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 9 | 9 | Renovation of Pindrahi Ahar, Vill.-Tundag, GP.-Jirwakhurd, Simaria, Chatra. | 2488600.00 | 50000.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 10 | 10 | Renovation of Patarapokhar Ahar, Vill.-Dari, GP.-Dari, Simaria, Chatra. | 2493200.00 | 50000.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 11 | 11 | Renovation of Amgawa Chat Talab, Vill.-Amgawa, GP.-Piri, Simaria, Chatra. | 2499300.00 | 50000.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 12 | 12 | Renovation of Sardhawa Ahar, Vill.-Manatu, GP.-Hurnali, Simaria, Chatra | 2406600.00 | 48200.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 13 | 13 | Renovation of Sikri Upar Ahar, Vill.-Sikri, GP.-Pundara, Simaria, Chatra | 2478700.00 | 49600.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 14 | 14 | Renovation of Barka Ahar, Vill.-Banasari, GP.-Banasari, Simaria, Chatra | 2494700.00 | 49900.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 15 | 15 | Renovation of Kurum Mehra Ahar, Vill.-Kurum, GP.-Ichak, Simaria, Chatra | 1419400.00 | 28400.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 16 | 16 | Renovation of Teliyadih Ahar, Vill.-Mayurhund, GP.- Mayurhund, Mayurhund, Chatra | 2482500.00 | 49700.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 17 | 17 | Renovation of Ahari Ahar, Vill.-Tilara, GP.- Manjhgawa, Mayurhund, Chatra. | 2474100.00 | 49500.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 18 | 18 | Renovation of Barka Ahar, Vill.-Koyeli, GP.- Petadari, Mayurhund, Chatra. | 2493200.00 | 49900.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 19 | 19 | Renovation of Kamat Ahar, Vill.-Kamat, GP.- Garilong, Tandwa, Chatra. | 2438800.00 | 48800.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 20 | 20 | Renovation of Talab, Vill.-Karo (Pahi Tola), GP.- Bahera, Tandwa, Chatra. | 2499100.00 | 50000.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 21 | 21 | Renovation of Dumargada Talab, Vill.-Khandhar, GP.- Bahera, Tandwa, Chatra.. | 2499400.00 | 50000.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 22 | 22 | Renovation of Naiparam Talab, Vill.-Naiparam, GP.- Kalyanpur, Tandwa, Chatra. | 2497000.00 | 50000.00. | 5000.00 | 75 Days |
| 23 | 23 | Renovation of Beliya Ahar, Vill.-Dahu, GP.- Dahu, Tandwa, Chatra. | 2497400.00 | 50000.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 24 | 24 | Renovation of Haraiya Tola Naiki Basariya, Vill.-Saradhu, GP.-Saradhu , Tandwa, Chatra. | 2247800.00 | 45000.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 25 | 25 | Renovation of Banhe Ahar, Vill.-Banhe, GP.- Kichto , Tandwa, Chatra. | 2498500.00 | 50000.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 26 | 26 | Renovation of Teliyadih Talab, Vill.-Teliyadih, GP.- Nawadih , Tandwa, Chatra. | 1993200.00 | 39900.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 27 | 27 | Renovation of Padampur Talab, Vill.-Padampur, GP.- Padampur , Tandwa, Chatra. | 1755600.00 | 35200.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 28 | 28 | Renovation of Vrinda Talab, Vill.- Vrinda, GP.- Kabra , Tandwa, Chatra. | 2491400.00 | 49828.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 29 | 29 | Renovation of Tarwa Ahar, Vill.- Banwar, GP.- Sildag , Lawalong, Chatra. | 2498300.00 | 50000.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 30 | 30 | Renovation of Huwag Ahar, Vill.- Lawalong, GP.- Lawalong , Lawalong, Chatra. | 2493500.00 | 49900.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 31 | 31 | Renovation of Jamun dari Ahar, Vill.- Karma, GP.- Katiya ,Lawalong, Chatra. | 2218800.00 | 44400.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 32 | 32 | Renovation of Barki Ahar, Vill.- Kolkole Kala, GP.- Kolkole kala ,Lawalong, Chatra. | 2451100.00 | 49100.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 33 | 33 | Renovation of Soti Ahar, Vill.- Potam, GP- Hedum , Lawalong, Chatra. | 2420600.00 | 48500.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 34 | 34 | Renovation of Tehwani Ahar, Vill.- Mandhaniya, GP- Mandhaniya , Lawalong, Chatra. | 2440000.00 | 48900.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 35 | 35 | Renovation of Barki Ahar, Vill.- Tikda, GP- Rimi , Lawalong, Chatra. | 2459100.00 | 49200.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 36 | 36 | Renovation of Hundra Ahar, Vill.- Khaira, GP- Meral , Pathalgada, Chatra. | 2494400.00 | 49900.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 37 | 37 | Renovation of Kitta Ahar, Vill.- Kubba, GP- Barwadih , Pathalgada, Chatra. | 2201900.00 | 44100.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 38 | 38 | Renovation of Bajobar Ahar, Vill.- Bajobar, GP- Nawadih Damol , Pathalgada, Chatra. | 2436800.00 | 48800.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 39 | 39 | Renovation of Baghi Ahar, Vill.- Singhani, GP- Singhani, Pathalgada, Chatra. | 2045800.00 | 41000.00 | 5000.00 | 75 Days |
| 40 | 40 | Renovation of Lubdhiya Ahar, Vill.- Korambe, GP- Nongaown, Pathalgada, Chatra. | 2455900.000 | 49200.00 | 5000.00 | 75 Days |

**Note :- Only e-Tenders will be accepted.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
Minor Irrigation Division, Chatra.

PR 291969 Minor Irrigation(22-23)D

# उपायुक्त की जिलेवासियों से अपील

## आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनायें त्योहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** होली एवं शब-ए-बारात के मौके पर विधि व्यवस्था के बेहतर संधारण को लेकर जिला दण्डाधिकारी- सह- उपायुक्त विजया जाधव ने जिलेवासियों से सहयोग की अपील की है। उन्होने कहा कि होलिका दहन, होली एवं शब-ए-बारात को आपसी भाईचारे के साथ मनायें एवं सामाजिक व साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ शांति व्यवस्था बनायें रखें । एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें, जबरदस्ती किसी को रंग/ गुलाल नहीं लगायें । सोशल मीडिया पर आधारहीन, भ्रामक खबरों का प्रसार नहीं करें, इसकी पुष्टि के लिए जिला कंट्रोल रूम या जिले के वरीय पदाधिकारियों से संपर्क करने की अपील किया है ।

### फोन नंबर निम्नवत हैं

| | |
|---|---|
| जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त | - 8986606951 |
| वरीय पुलिस अधीक्षक | - 9431706480 |
| अनुमंडल पदाधिकारी, धालभूम | - 9431117832 |
| अनुमंडल पदाधिकारी, घाटशिला | -9431162060 |
| जिला स्तरीय कंट्रोल रूम | -0657-2440111 9431301355 |

### उन्होंने अपील करते हुए कहा कि

1. किसी भी तरह के घातक हथियार, अग्नेयास्त्र, लाठी इत्यादि लेकर नहीं चलें ।
2. सोशल नेटवर्किंग जैसे व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक तथा अन्य प्लेटफॉर्म पर किसी भी तरह के तथ्यहीन, भ्रामक, झूठे एवं हिंसक मैसेज व वीडियो पोस्ट नहीं करें । ऐसा करते पाये जाने पर संबंधित व्यक्ति या ग्रूप एडमिन पर सुसंगत धाराओं में कारवाई की जायगी।
3. नशामुक्त त्यौहार मनायें । हुड़दंगबाजी नहीं करें जिससे शांति व्यवस्था, यातायात व्यवस्था बाधित हो ।
4. अश्लील / भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले गाने नहीं बजाएं । डीजे का प्रयोग प्रतिबंधित है। ऊंची आवाज में डीजे या साउंड बजाने पर होगी कारवाई। 10.00 बजे रात्रि से 6.00 बजे प्रातः तक ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग नहीं किया जाय ।
5. होलिका दहन का कार्यक्रम ऐसे जगह आयोजित हो जहां बिजली के पोल नहीं रहे, अत्यधिक भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर होलिका दहन नहीं करें ।

किसी भी अप्रिय घटना, घटना का प्रयास या असमाजिक गतिविधि से सम्बंधित सूचना या इस संबंध में किसी भी तरह की जानकारी नजदीकी थाने, जिला कंट्रोल रूम या जिले के वरीय पदाधिकारियों को जरूर दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी ।

## चौरसिया परिवार का होली मिलन साईं आंचल में 12 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** चौरसिया परिवार की एक बैठक गम्हरिया के बोलायडीह स्थित काली मंदिर परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता परिवार के अध्यक्ष कैलाश चौरसिया ने किया। इस दौरान समाज के संस्था की ओर से आगामी रविवार,12 मार्च को डीवीसी मोड़ स्थित साई आंचल में होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कृष्णानंद देव, सूर्य कुमार चौधरी, प्रदीप कुमार, मदन मोदी, भवेश कुमार, राजेश कुमार समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

## श्रीलेदर्स बंग उत्सव कोल्हान बिष्टूपुर गोपाल मैदान में 19 मार्च को

# शेखर डे ने किया प्रचार प्रसार रथ को रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आगामी 19 मार्च को झारखंड में पहली बार जमशेदपुर के माटी बिष्टुपुर गोपाल मैदान में %श्रीलेदर्स बंग उत्सव कोल्हान का आयोजन आगामी 19 मार्च को होगा। जिसमे कोल्हान के हर जिले से बंगवासी गोपाल मैदान में एकत्रित होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एवं जन जागरूकता के तहत आज %प्रचार प्रसार रथ% को आज शाम साकची नेताजी सुभाष मैदान में नेताजी के प्रतिमा के समक्ष से रवाना किया गया। प्रचार रथ को श्रीलेदर्स बिष्टुपुर के पार्टनर सह समाजसेवी शेखर डे, बंग उत्सव समिति के चेयरमैन तापस मित्रा, अध्यक्ष अचिंतम गुप्ता, एवं समस्त बंग उत्सव समिति के सदस्यों के मौजूदगी में रवाना किया गया। मौके पर शेखर डे ने कहा, 19 मार्च को राज्य में पहली बार श्रीलेदर्स बंग उत्सव कोल्हान का आयोजन जमशेदपुर में हो रहा है। जिसमे कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिलों पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला - खरसावां जिले के सभी बंगवासी लोग शामिल होंगे। कहा, आज प्रचार रथ को रवाना किया गया है जो कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिले के गांव - गांव पहुंच उत्सव में शामिल होने के लिए जागरूक करेगा।

# चित्रगुप्त महासमिति का होली मिलन समारोह आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** चित्रगुप्त महासमिति की ओर से गम्हरिया स्थित चित्रगुप्त भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर सर्वप्रथम शिव चर्चा का भव्य आयोजन किया गया। तत्पश्चात, कलाकारों द्वारा होली गीतों की प्रस्तुति की गई जिसका देर रात तक लोगों ने आनंद उठाया। इस मौके पर समाज के लोगों द्वारा एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान समाज की



महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष रत्नेश्वर सहाय, उपाध्यक्ष केएम श्रीवास्तव, महासचिव संजय कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष अभय लाभ, बालकृष्ण प्रसाद, मदन प्रसाद कर्ण, मुकेश श्रीवास्तव, महेश श्रीवास्तव, भूदेव वर्मा, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष सत्य प्रकाश, महिला जिलाध्यक्ष रागिनी सहाय, उपाध्यक्ष मधु वर्मा, संगठन सचिव अनिता देवी, ज्योति माला, ललिता देवी समेत चित्रांश समाज के काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पी एंड एम मॉल में नाइकी व स्केचर्स का खुला शो रूम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** बिष्टुपुर स्थित पीएंडएम मॉल के प्रथम तल्ले पर आज नाइकी और स्केचर्स के शो रूम का उद्धघाटन हुआ। शो रूम के मालिक शेखर द्वारा रिबन काट कर शो रूम का उद्धघाटन किया गया। शेखर ने बताया कि यहाँ पर मेंस और वीमेंस के लिए जूते, बैग, ग्लाइडर फुटबॉल, टोपी, मौजे, टी-शर्ट्स इत्यादि बिल्कुल नए एवं आकर्षक डिजाइन में उपलब्ध हैं और आगे भी नए आने वाले डिजाइन स्टोर पर उपलब्ध मिलेंगे। अभी कम्पनी द्वारा इनॉगरेशन ऑफर के रूप में 15 प्रतिशत तक का फ्लैट छूट भी दिया जा रहा है।

## धालभूमगढ़ में महिला जनप्रतिनिधी सम्मान समारोह आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** प्रखंड सभागार धालभूमगढ़ में महिला जनप्रतिनिधी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में प्रखंड, पंचायत क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने हेतु प्रखंड जुगिशोल पंचायत के मुखिया चम्पा रानी मुर्मू को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सविता टोपनो के द्वारा सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख देवाला हंसदा, विभिन्न पंचायत के महिला जनप्रतिनिधि गण, सीएचसी धालभुमगढ़ के प्रभारी तथा प्रखंड स्तरीय सभी महिला पदाधिकारी एवं कर्मी गण शामिल हुए।

## कुकडु में मनाया गया अंतराष्ट्रीय महिला दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**तिरुलडीह :** कुकडु प्रखंड क्षेत्र के कुकडु साप्ताहिक हाट मैदान में आज अंतराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे प्रखंड क्षेत्र के महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन ईचागढ़ की विधायक सबिता महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया। वही मौके पर महिलाओं ने स्वागत गीत के माध्यम से विधायक का स्वागत किया। मौके पर गुब्बारा फोड़, हांडी, धीरे चल सहित कई प्रकार के खेल कूद का आयोजन किया गया।

## कोयंबटूर में फंसे चाकुलिया के दर्जनों मजदूर, वीडियो जारी कर कुणाल षाड़ंगी से मांगी मदद

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** तमिलनाडु में बिहार-झारखंड के मजदूरों के साथ हो रही दुर्व्यवहार और मारपीट के वीडियो वायरल होने के बाद बिहार के साथ-साथ झारखंड के भी मजदूर लगातार अपने राज्य वापस लौट रहे हैं। तमिलनाडु के कोयंबटूर जिले में काम कर रहे झारखंड के दर्जनों मजदूरों ने अपने महीनों लंबित वेतन के भुगतान और घर वापस आने के लिए मदद की गुहार लगाई है। पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया क्षेत्र निवासी दर्जनों मजदूरों ने वीडियो जारी कर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी से मामले में हस्तक्षेप कर सुरक्षित घर वापसी के मदद की अपील की।

इस मामले की जानकारी मिलते ही भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने मजदूरों के वीडियो को ट्विटर के माध्यम से साझा करते हुए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन एवं कोयंबटूर प्रशासन को अवगत कराते हुए उचित मदद का आग्रह किया।

वीडियो में चाकुलिया के चंदनपुर निवासी महेंद्र पाल नामक व्यक्ति ने बताया कि तमिलनाडु में हो रही घटना सिर्फ मोबाइल में देखने को मिल रही थी। परंतु पिछले रात को हुई घटना असहनीय और भयभीत करने वाली है। लोग अपने घर जाने के लिए रेलवे स्टेशन जा रहे हैं, लेकिन उन्हें भगा दिया जा रहा है।

कुणाल के ट्वीट के बाद कोयंबटूर प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए मामले से अवगत कराने के लिए कुणाल षाड़ंगी का आभार जताया, उन्होंने लिखा कि मामले को सूचीबद्ध किया गया है, हम इस मामले को देखेंगे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में होली के मद्देनजर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर बैठक

# ड्रंक एंड ड्राइव व सोशल मीडिया पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर



बैठक में डीसी, एसपी एवं अन्य अधिकारीगण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** उपायुक्त अरवा राजकमल की अध्यक्षता में पर्व त्योहार होली एवं सब ए बारात के दौरान विधि व्यवस्था संधारण को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने जिला, प्रखंड व पंचायत स्तर पर विधि व्यवस्था संधारण के साथ आपसी सौहार्दपूर्ण माहौल बनाये रखने हेतु संबंधित अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया। कर्तव्य निर्वहन में कोताही बरतने वाले क्षेत्रवार प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी को कहा कि डीजे या लाउडस्पीकर पर किसी भी धर्म या संप्रदाय के विरुद्ध गाना बजाना ना हो। रात्रि 10ः00 बजे से प्रातः 6ः00 बजे तक डीजे या लाउडस्पीकर पर गाना ना बजे यह सुनिश्चित करे। होली त्योहार को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को समुचित पेयजल तथा विद्युत विभाग के पदाधिकारी को निरन्तर विद्युत सेवा बहाल करने के निर्देश दिए। ड्रंक एवं ड्राइव तथा ओवर स्पीड को लेकर ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से अंतर राज्यसीमा व तथा मुख्य चौक चौराहों पर सघन वाहन जांच चलाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य, फायर सेफ्टी, नगर निगम तथा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अलर्ट मूड में रहेंगे।

पुलिस अधीक्षक ऋषभ कुमार झा ने कहा होली पर्व में किसी तरह की विधि व्यवस्था की समस्या नहीं हो इसके लिए पूर्व में ही सभी एक्टिव रहे। उन्होंने कहा कि साइबर सेल को सोशल मीडिया पर निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है।

बैठक में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, पुलिस उपाधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सरायकेला हरविंदर सिंह, अपर नगर आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, परियोजना निदेशक आईटीडीए संदीप कुमार दोराईबुरु, अपर उपायुक्त सुबोध कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला एवं चांडिल, डीएसपी हेड क्वार्टर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चांडिल, स्थापना उप समाहर्ता, जिला नजारत उपसमाहर्ता, जिले के सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पटमदा इंटर कॉलेज जाल्ला में होली मिलन समारोह आयोजित

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को पटमदा इंटर कॉलेज जाल्ला में होली मिलन समारोह (बसन्त महोत्सव) का आयोजन किया गया। इस दौरान समारोह में शामिल कॉलेज के सचिव प्रमथ नाथ मंडल, सेवानिवृत्त शिक्षक शरत सिंह सरदार व अन्य अतिथियों का प्राचार्य डॉ तरुण कुमार महतो ने स्वागत एवं अभिनन्दन किया। प्राचार्य ने होली के अवसर पर बच्चों को हमेशा हंसी खुशी के साथ आपसी भाईचारा कायम रखने का संदेश दिया। छात्र - छात्राओं ने रंगोली बनाकर एवं पलाश फुल से पुरे कॉलेज परिसर को सजाया गया था। छात्र -छात्राओं एवं महाविद्यालय के सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।



## साकची गोलचक्कर पर व्यापारियों ने अमेजन व फ्लिपकार्ट के पुतलों की जलाई होली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सरकार की एफडीआई नीति के निरंतर घोर उल्लंघन और अमेज़न एवं फ्लिपकार्ट जैसी विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों की मनमानी के खिलाफ अपना कड़ा विरोध और आक्रोश दर्ज कराने के लिए, कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ( कैट ) के झंडे तले व्यापारियों ने साकची गोलचकर पर अमेज़न और फ्लिपकार्ट के पुतलों की होली का दहन किया. कैट ने सरकार से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत ई-कॉमर्स नियमों को तुरंत लागू करने और एक ई-कॉमर्स नीति को तुरंत लागू करने की पुरजोर मांग की है तथा यह भी आग्रह किया है की सेबी और ट्राई की तर्ज पर ई-कॉमर्स व्यापार को रेगुलेट करने के लिए एक सशक्त नियामक प्राधिकरण का भी गठन किया जाए.

कैट के राष्ट्रीय सचिव सुरेश सोन्थलिया और भरत वासनी ने दोनों पुतलों को मुखाग्नि देते हुए कहा की यह अन्य ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए भी एक चेतावनी है जो न केवल सामानों की आपूर्ति में बल्कि खाद्यान, ट्रेवल और पर्यटन, मनोरंजन, कैब सेवाएं, टिकटिंग, सहित अन्य रिटेल क्षेत्रों में अपनी मनमानी करते हुए व्यापारियों के व्यापार को नुक्सान पहुंचा रही हैं.

# बीडीओ ने परीक्षा पे चर्चा कर छात्र-छात्राओं को तनावमुक्त होने का सिखाया तरीका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** परीक्षा से पहले छात्र-छात्राओं को तनावमुक्त करने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी मुसाबनी सीमा कुमारी द्वारा प्रखंड अन्तर्गत शिवलाल उच्च विद्यालय मुसाबनी के छात्र-छात्राओं के संग परीक्षा पे चर्चा की गई । इस मौके पर पदाधिकारी ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे यहां परीक्षा के लिए एक शब्द है- कसौटी. मतलब, खुद को कसना हैं। ऐसा नहीं है कि परीक्षा आखिरी मौका है बल्कि परीक्षा तो एक प्रकार से एक लंबी जिंदगी जीने के लिए अपने आपको कसने का एक उत्तम अवसर है। वास्तव में हमे अपने आप को एक कसौटी पर कसने के मौके खोजते ही रहना चाहिए. ताकि हम और बेहतर कर सकें। हमे भागना नहीं चाहिए.ये जिंदगी बहुत लंबी है, बहुत पड़ाव आते हैं। परीक्षा एक छोटा सा पड़ाव है। हमें दबाव नहीं बनाना चाहिए, चाहे टीचर हो,स्टूडेंट हो, परिवारजन हो, यार दोस्त हो. अगर बाहर का दबाव कम हो गया, खत्म हो गया, तो परीक्षा का दबाव कभी महसूस नहीं होगा। कॉन्फिडेंस फलेगा-फूलेगा, तनाव कम हो जाएगा। मौके पर विद्यालय के शिक्षिक एवं शिक्षिका उपस्थित थे।

## पगदा में जंगली हाथियों ने किया फसल बर्बाद, हजारों का नुकसान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम थाना क्षेत्र के पगदा गांव में बीती रात 12 की संख्या में आये जंगली हाथियों के झुंड ने कई खेतों में लगी फसलों को रौंद दिया। मामले की जानकारी होने के बाद सोमवार की सुबह पीड़ित किसानों ने वन विभाग को सूचित किया। किसानों को हुई क्षति का आकलन करने पहुंचे वनरक्षी बालक हांसदा ने पगदा गांव के पीड़ित किसानों को नियमानुसार मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इस संबंध में इको विकास समिति के अध्यक्ष सुकुमार बेसरा ने बताया कि वनगोड़ा-पुरनाजल जंगल से निकल कर दलमा की ओर जाने के क्रम में हाथियों ने किसान लवघन महतो व विश्वनाथ महतो की जमीन पर लहलहा रही प्याज, पालक व बैगन के पौधों को रौंद डाला। जिससे किसानों को हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। इधर अचानक गांव में हाथियों का झुंड पहुंचने से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## सुझाव यात्रा के दूसरे पडाव में सरडीहा पंचायत में जुड़े सैकड़ों लोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सुझाव यात्रा के दूसरे पडाव के क्रम में पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने चाकुलिया प्रखंड के सरडिहा पंचायत के काशिया, रुपुसकुंडी, दक्षिणशोल, पाकुड़िया, सरडिहा, सापधरा समेत अन्य गांव में जा कर लोगों के साथ बैठक कर वर्तमान की राजनीतिक और सामाजिक विषयों पर चर्चा की और लोगो से पूछा कि पिछले तीन सालो के वर्तमान विधायक की कार्यशैली पर उनकी क्या राय है और व्यवस्था मे सुधार हेतु उनका क्या सुझाव है? न्होंने उपस्थित जनता से पूछा की आप बताए कि पिछले तीन सालों मे इस पंचायत मे कितने काम हुए जबकि सत्ताधारी दल के विधायक है। जनता से जुडे विकास के काम ठप हैं। कुणाल ने कहा कि लोधासोली से सरडीहा तक आरईओ सड़क का ठेकेदार के द्वारा बेरद खराब गुणवत्ता का काम हो रहा है। उन्होने उपायुक्त से दूरभाष पर बात कर जाँच करवाने का आग्रह किया। इस मौके पर मुखिया दांगी सोरेन, तापस महतो, बासुदेव नायक, चंदीचरण साधु, अनिल सेतुआ, जतिन बेरा, देनिश महतो, अशोक राणा, समेत अन्य गांव के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



संपादकीय

## विदेशी धरती पर भारत की प्रतिष्ठा धूमिल करने का प्रयास

यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने विदेशी धरती पर कैंब्रिज विश्वविद्यालय में भारतीय लोकतंत्र, न्यायपालिका, मीडिया और सरकार को लेकर ऐसे अनर्गल विचार व्यक्त किए हैं, जिनका कोई आधार नहीं है। एक प्रकार से उनके बयान भारत की प्रतिष्ठा को धूमिल करनेवाले जान पड़ते हैं। कैंब्रिज विश्वविद्यालय में उन्होंने जो विचार व्यक्त किए हैं, उनको लेकर आम भारतीय नागरिकों को भी आपत्ति है। एक ओर दुनियाभर के राजनेता एवं प्रतिष्ठित व्यक्ति भारत की प्रशंसा कर रहे हैं, वहीं भारत के विपक्षी नेता दुनियाभर में जाकर भारत की छवि को बनाने की जगह बिगाड़ने के प्रयास कर रहे हैं। बीते दिन ही इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दुनियाभर में लोग प्यार करते हैं। इसी तरह माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के संस्थापक बिल गेट्स ने भी पिछले दिनों एक लेख लिखकर बताया कि भारत विश्व को राह दिखा रहा है। ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, फ्रांस, रूस, जापान और इजराइल सहित अनेक देशों के प्रमुख राजनेता भारत के प्रयासों की सराहना कर चुके हैं। ऐसे में जब राहुल गांधी विदेश में जाकर प्रधानमंत्री मोदी, उनकी सरकार और अन्य संस्थाओं के संबंध में नकारात्मक टिप्पणी करते हैं, तब उनके बारे में क्या ही छवि बनती होगी? कैंब्रिज विश्वविद्यालय जैसे संस्थान में जाकर भी राहुल गांधी ने रचनात्मक प्रस्तुति देने की बजाय वही सब बोला, जो वे भारत में भी नित्य प्रतिदिन दोहराते रहते हैं। इससे तो ऐसा ही प्रतीत होता है कि समय, स्थान और विषय कुछ भी हो, राहुल गांधी को वही सब बोलना है, जो उन्हें तय करके रखा है। अन्यथा क्या तुक है कि कैंब्रिज विश्वविद्यालय में 'सुनने की कला' विषय पर अपने वक्तव्य में वे भारत की सरकार और प्रधानमंत्री के विरुद्ध अनर्गल प्रलाप कर रहे थे? यह भी ध्यान में आता है कि राहुल गांधी भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर भी भरोसा नहीं करते हैं अपितु उन्हें भी नीचा दिखाने का प्रयास करते हैं। एक विदेश संस्थान में यह कहना कि भारत में मीडिया और न्यायपालिका स्वतंत्र नहीं रह गए हैं, यह उचित नहीं ठहराया जा सकता। राहुल गांधी बताएं कि वे किस आधार पर यह कह रहे थे? क्या न्यायपालिका ने यह कहा है कि वह स्वतंत्र नहीं है? या फिर मीडिया संस्थान इस बात को कहते हैं कि उन पर सरकार का दबाव है? स्थिति यह है कि मीडिया और न्यायपालिका से लेकर चुनाव आयोग एवं अन्य संवैधानिक संस्थाएं भी कांग्रेस के झूठे आरोपों और वितंडावाद से परेशान हो चुकी हैं। उन्होंने एक बार फिर पेगासस जासूसी सॉफ्टवेयर के मामले को उठाया है, जबकि इस मामले में जाँच के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि भारत में पेगासस से किसी नेता की जासूसी नहीं की गई है। लेकिन राहुल गांधी तो सिर्फ अपने मन की सुनते हैं और वही कहते हैं, जो उन्होंने तय कर रखा है। कांग्रेस के शीर्ष नेताओं का यह व्यवहार कहीं न कहीं पार्टी को नुकसान पहुँचा रहा है। परंतु कांग्रेस इस बात को स्वीकार करने को ही तैयार नहीं है। कांग्रेस को यह स्वीकार करना चाहिए कि देश की जनता भारत की प्रतिष्ठा को धूमिल करनेवाली बातों को सहन करने के लिए तैयार नहीं है। यदि कोई नेता विदेशी धरती पर भारत का मान बढ़ाने की जगह उसकी छवि को बिगाड़ने का प्रयास करेगा, तो उसका खामियाजा उसकी समूची पार्टी को उठाना पड़ेगा। कांग्रेस के नेता यह भी समझने की कोशिश करें कि प्रधानमंत्री मोदी, भारत सरकार और संवैधानिक संस्थाओं पर प्रतिकूल टिप्पणी करने से जनता का विश्वास नहीं जीता जा सकता।


ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, फ्रांस, रूस, जापान और इजराइल सहित अनेक देशों के प्रमुख राजनेता भारत के प्रयासों की सराहना कर चुके हैं। ऐसे में जब राहुल गांधी विदेश में जाकर प्रधानमंत्री मोदी, उनकी सरकार और अन्य संस्थाओं के संबंध में नकारात्मक टिप्पणी करते हैं, तब उनके बारे में क्या ही छवि बनती होगी? कैंब्रिज विश्वविद्यालय जैसे संस्थान में जाकर भी राहुल गांधी ने रचनात्मक प्रस्तुति देने की बजाय वही सब बोला, जो वे भारत में भी नित्य प्रतिदिन दोहराते रहते हैं। इससे तो ऐसा ही प्रतीत होता है कि समय, स्थान और विषय कुछ भी हो, राहुल गांधी को वही सब बोलना है, जो उन्हें तय करके रखा है। अन्यथा क्या तुक है कि कैंब्रिज विश्वविद्यालय में 'सुनने की कला' विषय पर अपने वक्तव्य में वे भारत की सरकार और प्रधानमंत्री के विरुद्ध अनर्गल प्रलाप कर रहे थे? यह भी ध्यान में आता है कि राहुल गांधी भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर भी भरोसा नहीं करते हैं अपितु उन्हें भी नीचा दिखाने का प्रयास करते हैं। ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, फ्रांस, रूस, जापान और इजराइल सहित अनेक देशों के प्रमुख राजनेता भारत के प्रयासों की सराहना कर चुके हैं।


बोध कथा

## झुकने में उठना

स्वामी श्रद्धानंद के शिष्य थे स्वामी सदानंद। जब वह गुरुकुल में पर्याप्त शिक्षा हासिल कर चुके तो उनके व्यवहार में अहंकार आ गया। वह हर किसी को अपने से कमतर देखने लगे। इस तरह उनके काफी मित्र भी दूर होते चले गए। जब यह बात स्वामी श्रद्धानंद जी तक पहुंची, तो उन्हें लगा कि सदानंद के साथी हास्य में कह रहे होंगे। लेकिन एक दिन स्वामी श्रद्धानंद जी उनके सामने से गुजरे तो सदानंद ने उन्हें भी अनदेखा कर दिया और उनका अभिवादन तक नहीं किया। स्वामी श्रद्धानंद जी समझ गए कि सदानंद को अहंकार ने पूरी तरह जकड़ लिया है और इनका अहंकार तोड़ना आवश्यक हो गया है, नहीं तो भविष्य में इन्हें बुरे दिन देखने पड़ सकते हैं। उन्होंने उसी समय सदानंद को अगले दिन अपने साथ दूर घूमने का आग्रह किया। अल सुबह जब स्वामी श्रद्धानंद और सदानंद वन में एक झरने के पास गए और पूछा, जरा बताओ तुम सामने क्या देख रहे हो? सदानंद ने जवाब दिया, गुरुजी, पानी जोरों से नीचे बह रहा है और गिरकर फिर दोगुने वेग से ऊंचा उठ रहा है। स्वामी जी ने कहा, देखो सदानंद जीवन में अगर ऊंचा उठकर आसमान छूना चाहते हो, तो थोड़ा इस पानी की तरह झुकना भी सीख लेना चाहिए। यदि आप झुकते हैं, तो दुनिया को झुका सकते हैं।'

अमृत कलश

## भय को न भगाइए

आदिमानव के मन में खुद को लेकर जो भय पैदा हुआ, वह पीढ़ी–दर–पीढ़ी आज तक जारी है। यदि भय न हो तो ज्यादातर लोग भगवान को नमन करना ही बंद कर दें। मंदिरों में कितने ही लोगों का भय तेल का दीया बनकर जल रहा है। जर्मनी के ऑटोलिलियंता नामक वैज्ञानिक इस बात को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हुए कि 'आदमी उड़ नहीं सकता।' उन्होंने पहले पहल उड़ने वाले यंत्र को रूप दिया। इस खुशी को अपने देशवासियों के साथ बांटना चाहा। एक दिन निश्चित किया गया। उन्होंने वादा किया कि उस दिन सबके सामने उड़कर दिखाएंगे, लेकिन जर्मनी के गिरजाघरों में पादरी आग बबूला हो गए। उन्होंने विरोध जताया, 'केवल देवदूत और देवता ही आकाश में उड़ सकते हैं। आदमी का उड़ना ईश्वर के विरु द्ध कार्य है।' यही नहीं- नौ साल तक दिन–रात परिश्रम करके ऑटोलिलियंता ने जिस विमान का निर्माण किया था, रातोंरात आग लगाकर उसे जला डाला। लेकिन ऑटोलिलियंता हारे नहीं। दुबारा एक विमान के निर्माण में उन्हें चार साल लगे। लेकिन तब तक राइट बंधुओं द्वारा निर्मित विमान आसमान में उड़कर इतिहास बना चुका था। क्या आदमी उड़ भी सकता है?–यदि ऑटोलिलियंता या राइट बंधु मन में अविश्वास, डर और संदेह ही पालते रहते तो क्या वे विमान का आविष्कार कर सकते थे? आज टिकट लेकर चंद घंटों में पृथ्वी के दूसरे हिस्से में जा पहुंचने का अवसर आपको मिल पाता? अमेरिका में हो रही घटनाओं को उसी क्षण देखने की इच्छा सौ साल पहले किसी के मन में उठी हो, तो वह पूरी नहीं हुई होगी। लेकिन बाद में किसी दूसरे ने वैसी तीव्र इच्छा की, इसी से तो आपको टेलीविजन मिला है। पुराणों में आपने पढ़ा होगा। जब कोई असुर ईश्वर की कठिन तपस्या करता था, तो उसकी तपस्या को भंग करने के लिए देवगण बहुत प्रयास करते।

### परीक्षाओं और नौकरियों में देश के सभी युवाओं को सबको समान अवसर मिलेगा

## जैसे पूरे देश में एक कर है उसी प्रकार पूरे देश में एक समान शिक्षा भी होनी चाहिए

अश्विनी उपाध्याय


कोचिंग माफियाओं के दबाव में 12वीं तक एक देश एक पाठ्यक्रम लागू नहीं हुआ। किताब माफियाओं के दबाव में हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन, जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान की एक किताब लागू नहीं हुई। समान शिक्षा बिना समता–समरसता मूलक समाज की स्थापना नामुमकिन है इसलिए जिस प्रकार पूरे देश में एक देश–एक कर लागू किया गया, उसी प्रकार 10वीं तक एक देश–एक सिलेबस भी लागू करना अति आवश्यक है। पढ़ने–पढ़ाने का माध्यम भले ही अलग हो लेकिन सिलेबस पूरे देश में एक समान होना चाहिए और किताब एक होनी चाहिए। वर्तमान समय में स्कूलों की पांच कैटेगरी हैं और किताब भी पांच प्रकार की हैं। आर्थिक रूप से कमजोर और गरीबी रेखा से नीचे के बच्चों की किताब और सिलेबस अलग है, निम्न आय वर्ग के बच्चों की किताब और सिलेबस अलग है, मध्यम आय वर्ग के बच्चों की किताब और सिलेबस अलग है।


आरक्षण से 75 साल में नहीं बल्कि 7500 साल में भी सबको समान अवसर नहीं मिलेगा। सबको समान अवसर उपलब्ध कराना है तो 12वीं तक समान शिक्षा (एक देश एक शिक्षा बोर्ड और एक देश एक पाठ्यक्रम) लागू करना होगा। देखा जाये तो स्कूल माफियाओं के दबाव में 12वीं तक एक देश एक शिक्षा बोर्ड लागू नहीं हुआ। कोचिंग माफियाओं के दबाव में 12वीं तक एक देश एक पाठ्यक्रम लागू नहीं हुआ। किताब माफियाओं के दबाव में हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन, जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान की एक किताब लागू नहीं हुई। समान शिक्षा बिना समता-समरसता मूलक समाज की स्थापना नामुमकिन है इसलिए जिस प्रकार पूरे देश में एक देश-एक कर लागू किया गया, उसी प्रकार 10वीं तक एक देश-एक सिलेबस भी लागू करना अति आवश्यक है। पढ़ने-पढ़ाने का माध्यम भले ही अलग हो लेकिन सिलेबस पूरे देश में एक समान होना चाहिए और किताब एक होनी चाहिए। वर्तमान समय में स्कूलों की पांच कैटेगरी हैं और किताब भी पांच प्रकार की हैं। आर्थिक रूप से कमजोर और गरीबी रेखा से नीचे के बच्चों की किताब और सिलेबस अलग है, निम्न आय वर्ग के बच्चों की किताब और सिलेबस अलग है, मध्यम आय वर्ग के बच्चों की किताब और सिलेबस अलग है, उच्च आय वर्ग के बच्चों की किताब और सिलेबस अलग है तथा संभ्रांत वर्ग के बच्चों की किताब और सिलेबस बिलकुल ही अलग है। वर्तमान शिक्षा प्रणाली संविधान की मूल भावना के बिलकुल विपरीत है। यह समता, समानता और समरसता मूलक समाज के निर्माण की बजाय जातिवाद, भाषावाद, क्षेत्रवाद, संप्रदायवाद, वर्गवाद, कट्टरवाद और मजहबी उन्माद को बढ़ाती है लेकिन किताब माफियाओं, कोचिंग माफियाओं और स्कूल माफियाओं के दबाव के कारण मैकाले द्वारा बनाई गई शिक्षा प्रणाली आज भी लागू है। यदि बोर्ड के हिसाब से देखें तो CBSE की किताब और सिलेबस अलग, ICSE की किताब और सिलेबस अलग, बिहार बोर्ड की किताबें और सिलेबस अलग, बंगाल बोर्ड की किताबें और सिलेबस अलग, असम बोर्ड की किताबें और सिलेबस अलग, कर्नाटक बोर्ड की किताबें और सिलेबस अलग, तमिलनाडु बोर्ड की किताबें और सिलेबस अलग, तथा गुजरात बोर्ड की किताबें और सिलेबस सबसे अलग हैं, जबकि भारतीय प्रशासनिक सेवा, इंजीनियरिंग, मेडिकल, रक्षा सेवा, बैंक और अध्यापक पात्रता



परीक्षा सहित अधिकांश प्रतियोगी परीक्षाएं राष्ट्रीय स्तर पर पर होती हैं और पेपर भी एक होता है परिणाम स्वरूप इन प्रतियोगी परीक्षाओं में देश के सभी छात्र-छात्राओं को समान अवसर नहीं मिलता है। भारतीय संविधान के आर्टिकल 14 के अनुसार देश के सभी नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हैं, आर्टिकल 15 के अनुसार जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र, रंग-रूप लिंग और जन्म स्थान के आधार पर किसी भी भारतीय नागरिक से भेदभाव नहीं किया जा सकता है तथा आर्टिकल 16 के अनुसार नौकरियों में देश के सभी युवाओं को समान अवसर मिलना चाहिए। आर्टिकल 17 शारीरिक और मानसिक छूआछूत को प्रतिबंधित करता है और आर्टिकल 19 प्रत्येक नागरिक को देश में कहीं भी भ्रमण करने, बसने और रोजगार-व्यापार करने का अधिकार प्रदान करता है। आर्टिकल 21A के अनुसार शिक्षा 14 वर्ष तक के सभी बच्चों का मौलिक अधिकार है। आर्टिकल 38(2) के अनुसार केंद्र और राज्य सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह समस्त प्रकार की असमानता को समाप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाए। आर्टिकल 39 के अनुसार बच्चों के समग्र, समावेशी और संपूर्ण विकास के लिए कदम उठाना केंद्र और राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। आर्टिकल 46 के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और गरीब बच्चों के शैक्षिक और आर्थिक विकास के लिए विशेष कदम उठाना केंद्र और राज्य सरकार का कर्तव्य है। आर्टिकल 51(A) के अनुसार देश के सभी नागरिकों में भेदभाव की भावना समाप्त करना, आपसी भाईचारा मजबूत करना तथा वैज्ञानिक और तार्किक सोच विकसित करना केंद्र और राज्य सरकार का नैतिक कर्तव्य है लेकिन वर्तमान शिक्षा प्रणाली संविधान के उपरोक्त उद्देश्यों को प्राप्त करने में पूर्णतः असफल रही है। इस समय देश में 5+3+2+2+3 शिक्षा व्यवस्था लागू है अर्थात 5 साल प्राइमरी, 3 साल जूनियर हाईस्कूल, 2 साल सेकंडरी, 2 साल हायर सेकंडरी और 3 साल ग्रेजुएशन। यह व्यवस्था वर्तमान परिप्रेक्ष में बिलकुल अप्रभावी और अवांछित है इसलिए इसके स्थान पर 5+5+5 शिक्षा व्यवस्था लागू करना चाहिए अर्थात 5 साल प्राइमरी, 5 साल सेकंडरी और 5 साल ग्रेजुएशन। पढ़ने-पढ़ाने का माध्यम भले ही अलग हो लेकिन 10वीं तक सिलेबस पूरे देश में एक समान होना चाहिए और सभी बच्चों के लिए 10वीं तक शिक्षा अनिवार्य होना चाहिए। संविधान के आर्टिकल 345 और 351 की भावना के अनुसार 10वीं तक तीन भाषाओं का अध्ययन सभी बच्चों के लिए अनिवार्य होना चाहिए। जिस प्रकार पूरे देश में एक देश-एक कर लागू किया गया, उसी प्रकार 10वीं तक एक देश-एक सिलेबस भी लागू करना अति आवश्यक है। पढ़ने-पढ़ाने का माध्यम भले ही अलग हो लेकिन सिलेबस पूरे देश में एक समान होना चाहिए और किताब एक होनी चाहिए। वन नेशन वन एजुकेशन लागू करने के लिए GST कौंसिल की तर्ज पर NET (नेशनल एजुकेशन कौंसिल) बनाया जा सकता है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री को NEC का चेयरमैन और सभी राज्यों के शिक्षा मंत्री को NEC का सदस्य बनाया जा सकता है। यदि पूरे देश के लिए एक शिक्षा बोर्ड नहीं बनाया जा सकता है तो केंद्रीय स्तर पर केवल एक शिक्षा बोर्ड और राज्य स्तर पर केवल एक शिक्षा बोर्ड बनाना चाहिए संसद द्वारा बनाया गया शिक्षा अधिकार कानून पूरे देश में लागू है इसलिए एक नया कानून बनाने की बजाय उसमें संशोधन करना चाहिए। वर्तमान कानून में समान शब्द जोड़ दिया जाए तो यह समान शिक्षा अधिकार कानून बन जाएगा और अभी यह 14 वर्ष तक लागू है उसे 16 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। समान शिक्षा अर्थात एक देश-एक शिक्षा लागू करने से संविधान के आर्टिकल 14 के अनुसार भारत के सभी नागरिकों को समान अधिकार मिलेगा, आर्टिकल 15 के अनुसार जाति धर्म भाषा क्षेत्र रंग-रूप वर्ग और जन्म स्थान के आधार पर चल रहा भेदभाव समाप्त होगा तथा आर्टिकल 16 के अनुसार प्रतियोगी परीक्षाओं और नौकरियों में देश के सभी युवाओं को सबको समान अवसर मिलेगा। समान पाठ्यक्रम लागू करने से आर्टिकल 17 की भावना के अनुसार शारीरिक और मानसिक छुआछूत समाप्त होगा और आर्टिकल 19 के अनुसार प्रत्येक नागरिक को देश में कहीं भी बसने और रोजगार करने का समान अवसर मिलेगा।

## मानव अंगों की बढ़ती जरूरत


अंग प्रत्यारोपण की प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाने के लिए भारत सरकार 'एक राष्ट्र–एक नीति' लागू करने जा रही है। अब अंगदान और उसका प्रत्यारोपण देश के किसी भी अस्पताल में कराया जा सकता है। भारत सरकार ने मूल निवासी प्रमाणपत्र की बाध्यता को हटाते हुए आयु सीमा की बाध्यता भी खत्म कर दी है। अंग प्राप्त करने के लिए अब जरूरतमंद रोगी किसी भी राज्य में पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के लिए अब मरीजों से कोई शुल्क भी नहीं लिया जाएगा। मालूम हो कि तेलंगाना, महाराष्ट्र, गुजरात और केरल जैसे राज्य अंगदान के पंजीकरण के बहाने पांच हजार से दस हजार रुपए के बीच शुल्क ले रहे थे। बीते दस सालों में अंग प्रत्यारोपण की मांग बढ़ी है, लेकिन उपलब्धता कम है। हालांकि 2022 में पंद्रह हजार से ज्यादा अंगों का प्रत्यारोपण हुआ है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, अंग प्रत्यारोपण में सालाना सत्ताईस फीसद की दर से वृद्धि हो रही है। लिहाजा मांग के अनुपात में पूर्ति नहीं हो पा रही है।


भारत में अंगों की अनुपलब्धता के कारण हर साल पांच लाख लोगों की मौत हो जाती है। इसके मुकाबले साल 2022 में पंद्रह हजार अंगों का प्रत्यारोपण ही हो पाया है। लोगों की जान बचाने के लिए जरूरत और उपलब्धता के बीच की इस खाई को पाटना जरूरी है। इसके दो ही उपाय हैं। पहला, अंगदान के लिए लोगों को जागरूक किया जाए और दूसरा, स्तंभ कोशिकाओं यानी स्टेम सेल के जरिए अंगों का उत्पादन बढ़ाया जाए। अंग प्रत्यारोपण की प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाने के लिए भारत सरकार 'एक राष्ट्र-एक नीति' लागू करने जा रही है। अब अंगदान और उसका प्रत्यारोपण देश के किसी भी अस्पताल में कराया जा सकता है। भारत सरकार ने मूल निवासी प्रमाणपत्र की बाध्यता को हटाते हुए आयु सीमा की बाध्यता भी खत्म कर दी है। अंग प्राप्त करने के लिए अब जरूरतमंद रोगी किसी भी राज्य में पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के लिए अब मरीजों से कोई शुल्क भी नहीं लिया जाएगा। मालूम हो कि तेलंगाना, महाराष्ट्र, गुजरात और केरल जैसे राज्य अंगदान के पंजीकरण के बहाने पांच हजार से दस हजार रुपए के बीच शुल्क ले रहे थे। बीते दस सालों में अंग प्रत्यारोपण की मांग बढ़ी है, लेकिन उपलब्धता कम है। हालांकि 2022 में पंद्रह हजार से ज्यादा अंगों का प्रत्यारोपण हुआ है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, अंग प्रत्यारोपण में सालाना सत्ताईस फीसद की दर से वृद्धि हो रही है। लिहाजा मांग के अनुपात में पूर्ति नहीं हो पा रही है। इसके मद्देनजर अब स्तंभ कोशिकाओं के जरिए अंगों का उत्पादन बढ़ाने की जरूरत है। भारत में अंगों की अनुपलब्धता के कारण हर साल पांच लाख लोगों की मौत हो जाती है। दो लाख लोग यकृत, पचास हजार लोग हृदय और डेढ़ लाख लोग गुर्दा संबंधी बीमारियों से हर साल मरते हैं। हालांकि गुर्दा प्रत्यारोपण के लिए कई लोग अपना गुर्दा दान देने लगे हैं। लेकिन पूरे साल में पांच हजार रोगियों को ही गुर्दा दान में मिल पाते हैं। इनमें नब्बे फीसद गुर्दे महिलाओं के या निकटतम परिजनों के होते हैं। ऐसे में अंगों का कृत्रिम तरीके से उत्पादन जरूरी है। मानव त्वचा की महज एक स्तंभ कोशिका (स्टेम सेल) को विकसित कर कई तरह के रोगों के उपचार की संभावनाएं उजागर हो गई हैं। स्तंभ कोशिका मानव शरीर के क्षय हो चुके अंग पर प्रत्यारोपित करने से अंग विकसित होने लगता है। करीब दस लाख स्तंभ कोशिकाओं का एक समूह सुई की एक नोक के बराबर होता है। ऐसी चमत्कारी उपलब्धियों के बावजूद समूचा चिकित्सा समुदाय इस प्रणाली को रामबाण नहीं मानता। शारीरिक अंगों के प्राकृतिक रूप से क्षरण या दुर्घटना में नष्ट होने के बाद जैविक प्रक्रिया से सुधार लाने की प्रणाली में अभी और सुधार की जरूरत है। इधर, वंशानुगत रोगों को दूर करने के लिए स्त्री की गर्भनाल से प्राप्त स्तंभ कोशिकाओं का भी दवा के रूप में इस्तेमाल शुरू हुआ है। इसके लिए गर्भनाल रक्त बैंक भी भारत समेत दुनिया में वजूद में आते जा रहे हैं। इसमें प्रसव के तत्काल बाद गर्भनाल काटने के बाद अगर इससे प्राप्त स्तंभ कोशिकाओं का सरंक्षण कर लिया जाए तो इनसे परिवार के सदस्यों का दो दशक बाद भी उपचार संभव है। गर्भनाल से निकले रक्त को शीत अवस्था में इक्कीस साल तक सुरक्षित रखा जा सकता है। लेकिन इस बैंक में रखने का शुल्क कम से कम एक-डेढ़ लाख रुपए है। ऐसे में यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि गरीब लोग इन बैंकों का इस्तेमाल कर पाएंगे? सरकारी स्तर पर अभी इन बैंकों को खोले जाने का सिलसिला शुरू ही नहीं हुआ है। निजी अस्पतालों में इन बैंकों की शुरुआत हो गई है और पचहत्तर से ज्यादा बैंक कोशिकाओं के संरक्षण में लगे हैं। इस पद्धति से जिगर, गुर्दा, हृदय रोग, मधुमेह, कुष्ठ और स्नायु जैसे वंशानुगत रोगों का इलाज संभव है। महिलाओं के मासिक धर्म के दौरान निकलने वाले रक्त में जीवन को निरोगी और दीर्घायु बनाने की क्षमता पाई गई है। नए शोधों से पता चला है कि इस रक्त में स्तंभ कोशिकाएं प्रचुर मात्रा में होती हैं, जिनका उपयोग अनेक बीमारियों के उपचार में किया जा सकता है। मुंबई में इन कोशिकाओं के संरक्षण की दृष्टि से 'मेंस्ट्रूअल स्टेम सेल' बैंक भी शुरू हो चुका है। शोधों से पता चला है कि रजस्वला स्त्री के रक्त से मिलने वाली स्तंभ कोशिकाओं में सफलता की संभावना अस्थि मज्जा से निकाली गई कोशिकाओं की बनिस्बत सौ गुना अधिक होती है। इनके संग्रह के लिए चिकित्सा विशेषज्ञ की भी जरूरत नहीं होती। महिलाएं माहवारी के समय एक किट में रक्त को एकत्रित करके किट बैंक में जमा करा सकती हैं। भारत में गर्भाशय का प्रत्यारोपण भी शुरू हो गया है। पुणे में एक महिला ने अपनी मां के गर्भाशय का प्रत्यारोपण कराकर बच्ची को जन्म दिया है। रियो डि जेनेरियो में तो एक मृत महिला के गर्भाशय के प्रत्यारोपण से बत्तीस वर्षीय एक महिला ने स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया है। महिलाओं की इस विलक्षणता को विज्ञान की दुनिया में चमत्कार माना जा रहा है। लेकिन स्तंभ कोशिकाओं से उपचार की ये प्रणालियां अभी शैशव अवस्था में हैं। उपचार भी महंगा है। इस कारण जिगर और गुर्दे की बीमारियों में प्रत्यारोपण की सबसे ज्यादा मांग है। इसकी आपूर्ति के लिए सरकार की कोशिश है कि दिमागी तौर पर मृत लोगों से अंग प्राप्त किए जाएं। यह प्रत्यारोपण के लिए अंगों की आपूर्ति का सबसे अच्छा माध्यम है जिसे लोगों में जागरूकता पैदा करके पूरा किया जा सकता है। देश में हर साल पचास हजार लोग हृदय प्रत्यारोपण के इंतजार में रहते हैं। इनमें से महज दस-पंद्रह लोगों का ही हृदय प्रत्यारोपण हो पाता है। देश में अंग प्रत्यारोपण के जरूरतमंद लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लेकिन अंगदाता उस अनुपात में नहीं मिल रहे हैं। देश में 640 चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल ऐसे हैं, जिनमें अंग प्रत्यारोपण और स्तंभ कोशिका से उत्पादन का काम किया जा सकता है। इनमें अंग प्रत्यारोपण व उत्सर्जन के पाठ्यक्रम भी नवीन चिकित्सा शिक्षा में जोड़ दिए गए हैं। इसके बावजूद चंद चिकित्सा संस्थानों में ही अंग प्रत्यारोपण व उत्सर्जन की शल्य क्रिया सुविधा उपलब्ध है। इसलिए फिलहाल अंग प्रत्यारोपण के लिए सबसे कारगर पद्धति अंगदान ही है। इसकी आपूर्ति तीन प्रकार से की जा सकती है। पहला, कोई भी इंसान जीवित रहते हुए अपना गुर्दा या जिगर दान कर दे। दूसरे, किसी व्यक्ति के दिमागी रूप से मृत हो जाने पर उसके परिजनों की अनुमति से अंगदान कराया जाए।

नागरिक बोध

## जीवन को परोपकार की सुरभि से सुवासित कीजिये

एक जीवन अपने आप तक सीमित रहता है और इसमें दिन रात अपने ही स्वार्थों की पूर्ति के लिए भाग दौड़ रहती है और अपने ही पेट पेटी तथा परिवार की सोच के अतिरिक्त व्यक्ति के पास और कुछ भी विशिष्ट नही होता। उसका पेट और परिवार ही उसकी दृष्टि से सब कुछ होता है। अपनी पेटी को भरने के लिए वह कुछ भी अकरणीय कार्य करने में संकोच नही करता। परमार्थ शब्द उसकी डिक्शनरी में ढूंढने से नही मिलता है। ऐसा व्यक्ति पूरी तरह का स्वार्थ परायण होता है। अपना पेट भरने के बाद कोई भी जिये या मरे, ऐसे खुदगर्ज व्यक्ति का अन्य कोई प्रयोजन नही होता है। इसके विपरित जीवन का दूसरा पहलू जीवन को पुष्ट करने वाला होता है। ऐसे व्यक्ति भी सोच पेट पेटी और परिवार से आगे बढ़कर परमार्थ से भरी हुई होती है। उसकी चिंता और चिंतन का विषय सम्पूर्ण पीड़ति मानवता होती है। सभी का सुख स्वयं का सुख और सभी का सूखऔर सभी का दुख उसके हिसाब से स्वयं का दुःख होता है। सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय उससे जो भी बन पड़ता है। उसे वह आंतरिक प्रसन्ता के साथ संपादित करता है। किसी के जीवन मे अभ्युदय के लिए वह मनसा वाचा कर्मणा अपने आप को न्योछावर करने प्रसन्नता की अनुभूति करता है। अपने स्वार्थों का रोना तो हरकोई रोता है।लेकिन जो आंसू किसी पीड़ति की पीड़ा को दूर करने के लिए आंखों से छलकता है। उसी का महत्व है। उपवन में अनेक फूल खिलते है और मुरझा जाते है लेकिन महत्व तो उसी फूल का है, जिसमे सुवास है। वस्तुतः जीवन भी वही सार्थक है, जिसमे परोपकार की सुवास है।जीवन को परोपकार की सुरभि से सुवासित कीजिये। निर्गन्ध, निष्प्राण जीवन की क्या उपयोगिता है? धरती पर भार बनकर जीना कोई जिना नही है।जीना है तो शान से जीना सीखो। शान से जीवन वही जीता है जो परोपकार को पुष्ट करता है। जीवन क्षणभंगुर है।क्षण क्षण यह विनाश की और अग्रसर है। जीवन का दीप न बुझे, उससे पहले जो कुछ भी अच्छा करना है, उसे बिना किसी विलम्ब के कर लो। क्षमता होने के बावजूद जिस व्यक्ति ने परोपकार के क्षेत्र में यदि अपना भी एक कदम नही बढ़ाया है तो वह पैर होते हुए भी पंगु है।मानव होकर अपनी जिंदगी में किसी की रक्षा नही की, उससे वह बबूल का कांटा ही श्रेष्ठ है, जिसकी बाढ़ से खेत की रक्षा तो की जा सकती है। जो किसी के काम आता है।उसी का जीवन धन्य है। अपने अपने स्वार्थों की रोटियां तो सेंकने वाले बहुत है, पर उनका क्या है।स्वार्थ संसार मे थोड़ा बहुत सभी को होता है लेकिन स्वार्थ के साथ परमार्थ का भी समावेश हो तो वह स्वार्थ भी अखरता नही है।जैसे आटे में परमार्थ का चुटकीभर नमक गिर जाने के बाद स्वार्थ की रोटी भी स्वादिष्ट बन जाती है।परोपकार का अर्थ केवल किसी दूसरे का उपकार करना ही नही है, अपितु हमारा स्वयं का भी उपकार है।

देश दुनीया से

## किताबों और स्त्रियों के बीच इतनी दूरी क्यों है

स्त्रियों का लिखने-पढ़ने का संसार विकसित हुए बहुत दिन नहीं हुए। यह सवा सौ साल पुरानी ही बात है कि राससुंदरी देवी छिप-छिपाकर अक्षर ज्ञान हासिल करने की कोशिश कर रही थीं। जिस रसोई में वह सारा दिन खटा करती थीं, वहीं रामायण रखी जाती थी। पति उसे उठा ले जाते थे, पढ़ते थे फिर वापस वहीं रख देते थे। क्या है यह किताब, इसमें लिखा हर अक्षर राससुंदरी देवी के लिए अनजाना, अनचीन्हा क्यों है? आखिर उन्होंने घरवालों से छिपकर बच्चों की किताबों से लिखना-पढ़ना सीखा, वह भी तब, जब यह अंधविश्वास प्रचलित था कि पढ़ने वाली स्त्रियों के पति मर जाते हैं। मचलाऊ लिखना सीख कर उन्होंने अपनी आत्मकथा आमार जीबोन (1876) लिखी। इसमें वह बताती हैं कि लड़की होने की वजह से उन्हें न पढ़ने दिया गया और न ही अपनी मां के अंतिम समय में उनके पास जाकर अपना मानवीय कर्तव्य पूरा करने दिया गया। वह लिखती हैं, 'जब मेरा पहला बच्चा जन्मा, मैं अठारह की थी। और जब आखिरी बच्चा जन्मा तब इकतालीस की। सिर्फ भगवान जानता है कि इन 23 सालों में मैं किस हालात से गुजरी हूं। किसी को भी इसका अनुमान नहीं हो सकता।' आज हम शिक्षित और सुविधाओं की दृष्टि से बहुत हद तक बेहतर जीवन जीने वाली स्त्रियां क्या इस टीस का अंदाजा लगा सकती हैं? और जब राससुंदरी देवी इस बात पर थोड़ा संतोष व्यक्त करती हैं कि कम से कम अब माता-पिता लड़कियों को पढ़ा रहे हैं तो क्या आज हम अपने प्रिविलेज के बारे में सोच रहे हैं कि कायदे से इसका क्या करना चाहिए? रूसी कवि मरीना स्विताएवा अकेली ही तीन बच्चों को पाल रही थीं। एक बच्ची लगातार बीमार रहती थी, दूसरी को आर्थिक संकट के चलते अनाथालय भेजना पड़ा, जहां उसकी मौत हो गई। ऐसे में मरीना को महीनों कलम छूने को भी न मिलती थी, कविता लिखना दूर की बात। लिखने के लंबे-लंबे अंतराल उन्हें तड़पा देते थे। इस तड़प को हम स्त्रियां आज नहीं समझेंगी तो कौन समझेगा! कौन समझेगा कि शिक्षा की अलख जगाने के लिए सावित्रीबाई फुले को समाज का जो विरोध झेलना पड़ा, वह कैसा रहा होगा! कहते हैं सावित्रीबाई पढ़ाने निकलती थीं तो रूढ़िवादी लोग रास्ते में उन पर गोबर और कीचड़ फेंकते थे। स्कूल पहुंचकर वह साड़ी बदलतीं, फिर पढ़ातीं। पंडिता रमाबाई ने हिंदू विधवाओं के लिए शारदा सदन नाम से बोर्डिंग स्कूल खोला ताकि जिन बाल-विधवाओं को उनका परिवार मुफ्त का गुलाम या मुसीबत समझता है, समाज लानतें देता है, उन्हें शिक्षा की रोशनी दी जा सके। इसके लिए उन्हें पुणे के प्रबुद्ध, ताकतवर ब्राह्मण नेताओं और प्रगतिशील समाज सुधारकों का भी विरोध झेलना पड़ा। ऐसी तमाम पुरखिनों का संघर्ष सिर्फ इसलिए था कि स्त्री-जाति सदा सदा के लिए अज्ञान के अंधेरों में न भटकती रहे। उनका जीना-मरना हमेशा सिर्फ दूसरों के लिए न हो। उनका एक व्यक्तित्व हो, समझदारी हो, अपने स्वतंत्र विचार हों और उनका जीवन भी राष्ट्र और समाज के निर्माण में उपयोगी हो। दिल्ली में विश्व पुस्तक मेला चल रहा है, जो कोविड के दो साल बाद आया है। हिंदी और भारतीय भाषाओं में, अंग्रेजी और अन्य विदेशी भाषाओं का विविध लेखन उपलब्ध है। स्त्री-विमर्श पर ढेरों किताबें हैं। लेकिन इन मेलों से अपने लिए किताबें ले जाने वाली स्त्री-पाठक कितनी हैं? बच्चों की उंगली पकड़े कुछ स्त्रियां बाल-साहित्य खरीद रही हैं। क्या वे अपने सिरहाने रखने के लिए किताबें भी खरीद रही हैं, जिनकी चंद पंक्तियां पढ़कर वे सोएं? एक फिल्म में दृश्य था कि डायरी लिखती स्त्री आहट से जब चौंकती है, पति पूछता है- औरत का निजी क्या होता है? यह सवाल उन सब स्त्रियों से है, जिनकी पिछली पीढ़ियों की स्त्रियों ने इसलिए संघर्ष किए कि किसी औरत का पढ़ना-लिखना सहज हो जाए, किसी की आंख को खटके नहीं। यह हम पर है कि इस धरोहर को कैसे संजोएं।


आज हम शिक्षित और सुविधाओं की दृष्टि से बहुत हद तक बेहतर जीवन जीने वाली स्त्रियां क्या इस टीस का अंदाजा लगा सकती हैं? और जब राससुंदरी देवी इस बात पर थोड़ा संतोष व्यक्त करती हैं कि कम से कम अब माता–पिता लड़कियों को पढ़ा रहे हैं तो क्या आज हम अपने प्रिविलेज के बारे में सोच रहे हैं कि कायदे से इसका क्या करना चाहिए? रूसी कवि मरीना स्विताएवा अकेली ही तीन बच्चों को पाल रही थीं। एक बच्ची लगातार बीमार रहती थी, दूसरी को आर्थिक संकट के चलते अनाथालय भेजना पड़ा, जहां उसकी मौत हो गई। ऐसे में मरीना को महीनों कलम छूने को भी न मिलती थी, कविता लिखना दूर की बात। लिखने के लंबे–लंबे अंतराल उन्हें तड़पा देते थे।

# सांसद सुनील कुमार सिंह होली मिलन समारोह में हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सांसद सुनील कुमार सिंह ने कान्हा चट्टी प्रखंड के सयाल बगीचा में आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने भाजपा कार्यकर्ता सहित आम लोगों को भी रंग अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। होली मिलन समारोह में भाजपा के जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, सांसद प्रतिनिधि शिवबालक, जिला महामंत्री मृत्युंजय सिंह सिंह, भाजयुमो जिला अध्यक्ष अध्यक्ष अभिषेक केसरी सहित अन्य लोगों ने भी सांसद सुनील कुमार सिंह को अभी लगाकर होली की बधाइयां दी। है इस मौके पर सांसद सुनील कुमार सिंह ने कान्हाचट्टी प्रखंड क्षेत्र में कई योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। उन्होंने कान्हाचट्टी प्रखण्ड के सयाल बगीचा में करीब 14 लाख रुपए की लागत से सार्वजनिक उपयोग हेतू कल्याण मंडप का उदघाटन किया। उन्होंने काहाचही प्रखण्ड के सयाल बगीचा में करीब 10 लाख रुपए से बनने वाले सार्वजनिक उपयोग हेतु शौचालय का आधारशिला रखा। इसके अलाव प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित राजपुर से जोलडीहा पथ, भगवानपुर से बीरलुटू दाग तक पथ का उद्घाटन किया। सांसद ने जसपुर से गड़ीया पथ का शिलान्यास और जसपुर से गड़ीया पथ में बन रहे पूल का शिलान्यास भी शिलान्यास किया है।इस मौके पर पूर्व विधायक जर्नादन पासवान, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिश्वर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा, जिला उपाध्याय सुजीत जायसवाल, शिववाहन सिंह, सच्चिदानन्द सिंह पूर्व मुखिया महेश दांगी, जिला महामंत्री मृत्युंजय सिंह, चन्दन सहित अन्य भी शामिल हुए।

होली के रंग में रंगा पूरा टंडवा प्रखंड क्षेत्र

## विधायक आवास समेत प्रखंड कार्यालय में आयोजित किया गया होली मिलन समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड अंतर्गत सिमरिया क्षेत्र के विधायक किशुन कुमार दास के आवास पर सोमवार को कार्यकर्ता मिलन सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही साथ टंडवा प्रखंड विकास पदाधिकारी की ओर से प्रखंड कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रखंड सहित पूरे क्षेत्र के लोग उपस्थित हुए, एवं एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। सभा में 4 चांद तब लगा जब एसडीओ सिमरिया सुधीर कुमार दास, वीडियो रंथू महतो, सीओ विजय कुमार दास विधायक आवास पहुंचे एवं विधायक समेत सभी पदाधिकारियों ने होली मिलन समारोह का आनंद उठाते हुए एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया। इस मौके पर मौजूद सभी राजनीतिक दल के नेताओं कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने इस तरह की आयोजित कार्यक्रम की बहुत-बहुत प्रशंसा की।

## उपायुक्त व एसपी संग मंत्री सत्यानन्द भोगता ने खेली पारम्परिक होली



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** होली का पर्व शांति और सद्भाव और आपसी भाईचारे का पर्व है। इसका अनोखा उदाहरण पेश किया है राज्य के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने अपने अद्भुत वेश भूषा में रह कर। होली मिलन समारोह के दौरान चतरा में इस दौरान आम और खास सबने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी चतरा के जाबांज एस पी राकेश रंजन एवं जिले के कर्मठ एवं संघर्ष शील उपायुक्त अबू इमरान शामिल रहे।

## होली पर गुलजार हुआ बाजार

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** होली के त्योहार को बस एक दिन बचा है। जहां तैयारियां अंतिम रूप ले रही हैं वहीं बाजार में खरीदारी भी जमकर हो रही है। खरीदारी के लिए बाजार गुलजार है, हर ओर रंग ही रंग बिकता दिख रहा है। जिस तरह से बाजार में खरीदारी हो रही है उससे लग रहा है इस बार होली पर तनमन से खेली जाएगी और जमकर अबीर गुलाल उड़ेगा। हर कोई बाजार में किराना से लेकर कपड़ा बाजार तक खरीदारी कर रहे हैं। लोगों ने घरेलू किराना सामान लेने के साथ ही कपड़ा और फुटवियर का सामान खरीदा है। कपड़ों और फुटवियर की दुकानों पर खरीददारों की लंबी-लंबी लाइनें लगी हुई हैं। बाजार में गुलाल की डिमांड ज्यादा दिख रही है वहीं मोदी और अमित शाह वाली टोपियों की डिमांड बहुत ज्यादा है। हर कोई टोपी खरीद रहा है, बच्चों के लिए वाटर प्रैशर गन खरीद रहे हैं। बुढ़िया के बालों की बिक्री भी काफी ज्यादा हो रही है

# 24 कुंडीय महायज्ञ को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर स्थित गायत्री मंदिर स्वामी विवेकानंद पार्क चंदनडीह लातेहार में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें आगामी 5 अप्रैल से 8 अप्रैल 2023 तक अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में होने वाले 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के विषय में चर्चा की गई। जिसमें यज्ञ समिति का गठन गठन किया गया। यज्ञ समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार उर्फ नीकु, उपाध्यक्ष संजय तिवारी, नंदन प्रसाद, अनंत कुमार, मनोज कुमार, अमित कुमार, कोषाध्यक्ष देवेंद्र कुमार, उप कोषाध्यक्ष संदीप प्रसाद, सचिव राजन तिवारी, स्वागत समिति दिलेश्वर यादव, टेंट लाइट एवं साउंड प्रभारी मनमोहन राम चंद्रवंशी, भोजनालय प्रभारी मुरारी तिवारी, जगदीश साव, भोला प्रसाद एवं संत नारायण सोनी, सुरक्षा प्रभारी कन्हाई पासवान एवं रवि पासवान, अतिथि स्वागत एवं कलश शोभायात्रा प्रभारी सुशीला देवी, उर्मिला देवी, पुष्पा वर्मा, व अन्य, मुख्य संरक्षक विशिष्ट अतिथि निमंत्रण समिति विधायक, लातेहार वैजनाथ राम एवं अन्य लोगों को सर्वसम्मति से चयन किया गया है। इस बैठक में मुख्य रूप से राजधानी यादव, राजन तिवारी, कन्हाई पासवान, रितेश कुमार, मंदिर समिति के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार, लव कुमार तिवारी, दिलेश्वर यादव, दीपक प्रसाद, अमित कुमार, नंदन प्रसाद, अनिल कुमार, सुशीला देवी, अनीता देवी, उर्मिला देवी, रीता देवी, संदीप उपस्थित हुए इसी के साथ गोष्ठी समापन की गई।

# शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाना हर नागरिक का कर्तव्य : राकेश सहाय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** सोमवार को प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के अगुवाई में प्रखंड के कर्मी व प्रतिनिधियों के द्वारा होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान बीडीओ सह सीओ राकेश सहाय ने प्रखंड कर्मी व प्रतिनिधियों को आगाह करते हुए कहा कि अपने अपने क्षेत्र में होली का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाएं हम उम्मीद करते हैं। इस दौरान अगर कहीं कोई अप्रिय घटना की जानकारी मिलती हो तो वह तत्काल हमें सूचना दें साथ ही उन्होंने क्षेत्र की सम्मानित लोगों से अपील की है कि होली का त्यौहार मनाने में कहीं किसी समुदाय की आस्था पर ठेंस न पहुंचे। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाना हर नागरिक का कर्तव्य बनता है। वहीं उप प्रमुख विरेन्द्र जयसवाल ने कहा कि क्षेत्र की जनता से हमारी अपील है कि खुशनुमा माहौल में परंपरागत तरीके से होली त्योहार का आनन्द लें । वहीं होली मिलन समारोह के बीच बीडीओ के साथ प्रमुख सुशीला देवी जीप सदस्य सन्तोषी शेखर, एमओ अनुज शरण समेत अन्य लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस दौरान मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार समाजिक कार्यकर्ता निजाम अंसारी असलम अंसारी, मुखिया कालो देवी, मंजीत सिंह, जयराम राय, सहायक अभियंता विक्की देवल कनीय अभियंता संजय कुमार सतनारायण रजक, विजय कुमार, उज्जवल सिंह, रामनाथ कुमार रविकांत रवि समेत कई लोग मौजूद रहे।

## जेएसएलपीएस चतरा ने समाहरणालय में लगाया हर्बल गुलाल का स्टॉल




**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) चतरा द्वारा होली पर्व को लेकर समाहरणालय में पलाश ब्रांड प्राक्रतिक हर्बल गुलाल का स्टॉल लगाया गया है। जो सिमरिया प्रखण्ड के सखी मंडल की दीदीयों के द्वारा पलाश ब्रांड के अंतर्गत पलाश के फूल, बीट, चंदन, फल, पत्तियों, पालक, चुकंदर, मुल्तानी मिट्टी युक्त निर्मित प्राकृतिक हर्बल गुलाल का निर्माण पिछले एक माह से किया जा रहा है। सखी मंडल की दीदीयों के द्वारा तैयार आर्गेनिक हर्बल गुलाल निर्माण के बाद पलाश ब्रांड के अंतर्गत आकर्षक पैकेजिंग के जरिए विभिन्न पलाश मार्ट एवं पलाश होली स्पेशल काउंटर समाहरणाल, उप विकास आयुक्त कार्यालय के पास स्टॉल में बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। पलाश ब्रांड के तहत सखी मंडल के दीदीयों के द्वारा निर्मित प्राकृति हर्बल गुलाल स्थानीय बाजार में काफी पसंद किया जा रहा है। इस पहल से दीदीयों को त्योहार के समय अतिरिक्त आमदनी हो रही है। पलाश ब्रांड से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर और सशक्त बन रही है। आज सभी स्टॉल पर लोगों ने इसको खूब सराहा और हाथों हाथ प्राकृतिक हर्बल गुलाल बिक रहा है।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में युवक घायल, इलाज के बाद स्वस्थ

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत बारियातू पंचायत के बगमरी बाजार समीप बीती रात एक युवक मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लड़का का नाम शिवम कुमार बरौनी गांव निवासी इटखोरी थाना का बताया जा रहा है। लड़का हजारीबाग से गिद्धौर अपने बुआ के यहां आ रहा था। जिसमें मोटरसाइकिल का बैलेंस बिगड़ जाने के वजह से यह अनियंत्रित होकर घायल हो गया। थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल के गस्ती के द्रव्यमान युवक को गिरा देख तत्परता दिखाते हुए इलाज के लिए गिद्धौर स्वास्थ्य केंद्र ले गए। परंतु वहां स्वास्थ्य केंद्र बंद मिला। जिससे नाराजगी जताई। और तुरंत सदर हॉस्पिटल चतरा युवक का इलाज कराया गया। इलाज के बाद लड़का ठीक-ठाक अपने घर वापस पहुंच गया है।

## मदरसा अशरफिया गरीब नवाज अम्वाटोली में जलसा ए रहमते आलम कांन्फ्रेंस का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडाड :** अम्वाटोली स्थित मदरसा अशरफिया गरीब नवाज में बाद नमाज ईशा रविवार को जलसा ए दस्तारबंदी रहमते आलम कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जलसा ए दस्तारबंदी को लेकर बाहर से ओलमाए एकराम, मशइखए एजाम, व शोहराए इस्लाम तशरीफ लाए। जलसे की सरपरस्ती पीरे तरीकत औलादे गौसे आजम सैय्यदुश शाह हजरत मौलाना वलीउल्लाह अहमद जया कादरी खानकाहे कादरिया अबदालिया दाउदनगर बिहार, जेरे सदारत पीरे तरीकत अलीमें शरीयत हाफिज अब्दुल जलील कौशर अशरफी, जेरे कयादत हजरत अल्लामा मौलाना गुलाम सरवर फैजी, नाजिमें आला मदरसा अशरफिया गरीब नवाज महुआडाड,के द्वारा किया गया। इस जलसा ए दस्तारबंदी के मौके पर बाहर से आए ओलमाए एकराम के द्वारा तकरीर की गई। तकदीर में इस्लाम के एहकाम अल्लाह और रसूल की बढ़ाई बयान की गई साथ ही लोगों को बताया गया कि इस्लाम एक बहुत ही बेहतरीन मजहब है और जो भी इस्लाम को मानने वाले हैं वे सभी मोहम्मद साहब पर ईमान रखते हैं और उसी के बताए रास्ते पर चलने की कोशिश करते हैं। और उन्हीं के बताए रास्ते पर चलकर ही दिन व में दुनिया की कामयाबी हासिल की जा सकती है। साथ ही बाहर से आए शायरे इस्लाम व नात खांव के द्वारा बहुत ही खूबसूरत अंदाज में शायरी व नात पढ़ी गई। जिससे जलसा में उपस्थित लोग झूम उठे।

## बजरंग दल के तत्वधान में मनाया गया होली मिलन समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में महुआडांड़ मुख्य बाजार स्थित शिव मंदिर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें वक्ताओं ने होली के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार प्रकट किए। सर्वप्रथम होली के शुभारंभ में सभी के मस्तक पर गुलाल लगाकर अभिनन्दन किया और होली की शुभकामनाएं दीं। होली परस्पर मेल-मिलाप तथा सौहार्द का त्यौहार है। सूरज कुमार साहू ने अपनी काव्य-रचना से सभी को सराबोर कर दिया। असत्य का अंत और सच्चाई के साथ भ्रातत्व भावना का विकास ही होली का मुख्य सन्देश है पंकज कुमार दास ने देशभक्ति गीत से जोश भर दिया। मौके पर बजरंग दल के उज्जवल धनुष, मुक्तेश लाल, राहुल राज, आयुष कुमार, सतीश कुमार सौरभ कुमार, करण कुमार, नीतीश कुमार, रोहित सोनी, राजाराम रवि, चंदन गुप्ता एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सरकारी कर्मचारियों ने मनाया होली मिलन कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड पंचायत के अंतर्गत सलगा में संचालित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलगा में आपसी भाईचारे का पवित्र पर्व होली के उपलक्ष्य में सरकारी कर्मचारी संघ ने होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में शामिल होने वालों में अशोक कुमार दांगी, नरेश पासवान, मिथिलेश कुमार राणा, योगेश्वर दांगी, मनोज कुमार, सुनील पाण्डेय, जीतेन्द्र दांगी आदि कई लोग शामिल थे। बताते चलें कि विगत छठ पूजा के अवसर पर गिद्धौर पंचायत के आस-पास में स्थित सरकारी कर्मचारियों का एक संघ का गठन किया गया था। जिसमें वर्तमान में 57 सदस्य शामिल हैं। और इस बार होली का त्यौहार एक दूसरे को रंग अबीर गुलाल लगाकर धूमधाम से मनाएं।

### होली के समय जलापूर्ति बंद होने से जल संकट गहराया

**पत्थलगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पेयजलापूर्ति बंद हो जाने से तीन पंचायत के एक दर्जन गांव में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। मालूम हो कि 2017 से यहां ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के संवेदक निलेश कुमार (रांची )के माध्यम से सिंघानी, नॉन गांव, एवं बरवाडी पंचायत के गांवो में निशुल्क जलापूर्ति चालू किया गया था। परंतु अब संवेदक का विभाग से भराएं गए एकरारनामा का समय पूरा हो जाने के कारण जलापूर्ति बंद कर दिया गया है।

## मयूरहंड थाना प्रभारी का सख्त निर्देश होली पर हुड़दंग बर्दाश्त नहीं, फ्लैग मार्च किया



**मयूरहंड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** होली और शब्बे ए बारात पर किसी भी तरह की हुड़दंग और शरारत ना हो और दोनों समुदाय के बीच भाईचारगी बनी रहे इसलिए मयूरहंड थाना प्रभारी रामवृक्ष राम पुलिस के सशस्त्र जवानों के साथ थाना क्षेत्र के करीब 25 से अधिक गांव में फ्लैग मार्च निकाला और इस दौरान ग्रामीणों से मिलकर रंगों का पर्व होली पर अपने मन की बातों को साझा किया इस दौरान ग्रामीणों से मिलते हुए थाना प्रभारी ने साफ तौर पर कहा होली और सब यह बरात पर किसी भी तरह की हुडदंग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शरारती तत्वों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी फ्लैग मार्च करते हुए कर्मा पंचायत के ढोढी स्थित दुर्गा मंदिर के मैदान में पहुंचे जहां पर पीडीएस के दुकानदार बाबूलाल दांगी ने थाना प्रभारी को अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और भरोसा दिलाया कि यहां किसी भी तरह की हुड़दंग नहीं होने दिया जाएगा।इस दौरान पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामबचन देव दांगी भद्रकाली उच्च विद्यालय के शिक्षक उमेश यादव मधनिया निवासी सह समाजसेवी नरसिंह दांगी, युवा समाजसेवी छगरिया निवासी करुणा सिंह ने एक स्वर में कहा के ढोढ़ी में दोनों समुदाय के लोग काफी शांति बनाकर आपस में रहते हैं फिर भी बदलते समय के साथ सतर्क रहना जरूरी है।दूसरी तरफ पंचायत के मुखिया रामनाथ यादव की अगुवाई में पंचायत सचिवालय कर्मा में होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित की गई इस दौरान पूरा पंचायत सचिवालय अबीर और रंग से सराबोर हो गया। होली मिलन समारोह कार्यक्रम में पहुंचे आमजनों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

# उपायुक्त ने मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर सभी केन्द्राधीक्षकों के साथ किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभागार कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा को लेकर केन्द्राधीक्षकों के साथ बैठक की गई।जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि इस वर्ष 2023 में मैट्रिक परीक्षा में कुल 16440 परीक्षार्थी व इंटरमीडिएट की परीक्षा में 10712 परीक्षार्थी के शामिल होने की बात कही गई। उन्होने बताया कि मैट्रिक की परीक्षा के लिए जिले में 38 परीक्षा केंद्र बनाये गए है तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए 24 परीक्षा केंद्र बनाने की जानकारी बैठक में दी गई। उपायुक्त ने आगामी होने वाली मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए की जा रही तैयारी की विस्तृत जानकारी लिया। साथ ही उन्होने परीक्षा पत्र, एडमिट कार्ड समेत अन्य सभी तैयारियों को तय समय सीमा के अंदर पूर्ण करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। आगामी परीक्षा हेतु परीक्षार्थी तनावमुक्त रहे इसके लिए प्रोफेशनल कॉउंसलर के द्वारा ऑनलाइन कॉउंसलिंग कराने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि परीक्षा को लेकर सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य सभी जरूरी व्यवस्था दुरूस्त रखें। कदाचार मुक्त परीक्षा हेतु उन्होने सभी उपस्थित केन्द्राधीक्षकों को निर्देशित किया कि हर संभव प्रयास किया जाय कि परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ परीक्षा प्रक्रिया पूर्ण हो। बैठक में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी चतरा अविनाश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र एवं सभी केन्द्राधीक्षक उपस्थित थे।

# विश्व विद्यालय की टीम पहुंची लिम्बोइयां किया ओबरा मेगालिथ की जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगडा :** रांची विश्वविद्यालय की एक टीम ने पत्थलगडा के ओबरा खुदाई स्थल का निरीक्षण किया। टीम के सदस्यों ने सिंघानी के ओबरा मेगालिथ स्थल, पर्यटन स्थल लेंबोईया पहाड़ी और बलबल गर्मकुंड स्थल का निरीक्षण किया और यहां के इतिहास की जानकारी ली। पुरातत्व और संग्रहालय विज्ञान स्कूल रांची विश्वविद्यालय, रांची के 24 सदस्य दल आज पत्थलगडा पहुंचा। दस का नेतृत्व डॉ अलखदेव प्रसाद श्रीवास्तव, संजय कुमार तिर्की, केशव चंद श्रीवास्तव, सुनिता पांडेय व अन्य कर रहे थे। रांची विवि की टीम भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग पटना ब्रांच के द्वारा पत्थलगडा के ओबरा में किए जा रहे पुरातात्विक खुदाई का निरीक्षण किया। अधीक्षण पुरातत्वविद डॉ राजेंद्र प्रसाद देहुरी, सहायक पुरातत्वविद ललित आदित्य, हिमांशु व अन्य से शोधार्थियों ने यहां के इतिहास और खुदाई से संबंधित जानकारी ली। इस मौके पर डॉ अलख देव श्रीवास्तव ने कहा कि यह जगह काफी प्राचीन है और झारखंड के इतिहास की जानकारी के उद्देश्य से यहां पुरातत्व विभाग की ओर से खुदाई कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि पूरे देश में मेगालिथिक अवशेष मिलता है। झारखंड में भी हजारों साल से मरने के बाद पत्थर गाड़ने की परंपरा रही है। उस समय के रहन-सहन और संस्कृति की जानकारी व इतिहास के लिए यहां विभाग की ओर से खुदाई कराई जा रही है। आज भी जनजातीय परंपरा के अनुसार मृत्यु के बाद अस्थि कलश दफनाया जाता है और उसके ऊपर पत्थर रखा जाता है। यह परंपरा आदि काल से चली आ रही है। उन्होंने कहा कि पत्थलगडा का इतिहास भी समृद्ध रहा है और काफी प्राचीन है। झारखंड में डोलमेन और मेनहिर कई स्थानों में मिलते हैं। ओबरा में मेगालिथ स्थल के आसपास काफी मात्रा में लौह अयस्क मिले हैं। संभवत उस जमाने में यहां जो जनजाति रही होगी लोहा के कारोबार में भी शामिल होगी। सदस्यों ने बौद्धिस्ट साइट और उनसे संबंधित कलाकृतियां के बारें में भी जानकारी ली। पत्रकार जीतेंद्र तिवारी ने रांची विवि से आये दल को लेंबोईया के पौराणिक व धार्मिक

## डब्लूसीएसएफ के टीम ने मनाया महिला दिवस




**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत हामी पंचायत में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस। अवसर में वृद्ध महिलाओं को साड़ी का वितरण किया गया एवं भोजन भी ग्रहण किया गया। महिला को सशक्तिकरण अधिकार की विषय में सभी को जानकारी दिया गया। वही इस टीम के बीपीओ राम जयसवाल, जिला कोऑर्डिनेटर दिलीप जायसवाल। रजिया खातून सभी महिलाओं को उनके अधिकार के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम की शुरुआत कुलदीप बड़ाइक के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राम जयसवाल दिलीप जायसवाल राजा खातून कुलदीप बड़ाईक एवं दर्जनों लोग महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जलवायु परिवर्तन के संबंध में भारत के लक्ष्य दुनिया के लिए वरदान : जयंत सिन्हा

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जलवायु परिवर्तन पर आयोजित चर्चा की अध्यक्षता करते हुए हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि हम सभी अवगत हैं कि आज भारत समेत पूरे विश्व के लिए जलवायु परिवर्तन एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। इस दिशा में दुनिया भर में अनेक कदम उठाये जा रहे हैं। भारत में होने वाला रायसीना डायलाग दुनिया के बहुचर्चित आयोजनों में से एक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 मार्च 2023 को इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ इसका उद्घाटन किया। इसमें देश-विदेश के दिग्गज नेता, सैन्य अधिकारी, वैज्ञानिक, विशेषज्ञ और अन्य विशेष प्रतिनिधि शामिल हुए। इस चर्चा में लंदन स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक्स के प्रोफेसर निकोलस स्टर्न , सिंगापुर के वरिष्ठ मंत्री थर्मन शन्मुगरत्नम, एमिरेट्स पॉलिसी सेण्टर की अध्यक्ष डॉ. एब्तेसम अल-केतबी समेत अन्य कई गणमान्य विशेषज्ञ उपस्थित थें।

### हजारीबाग यूथ विंग ने बुजुर्गों के साथ मनाया होली मिलन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** होली का त्यौहार आते ही क्या खास और क्या आम हर कोई अपने तरीके से त्यौहार की खुशियों को मनाने में जुड़ जाता है। ऐसे में शहर के दीपूगढ़ स्थित ओल्ड एज होम के बुजुर्गों के बीच सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाला हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा बुजुर्गों के बीच फल, जूस, हॉरलिक्स, मिक्चर, बिस्कुट एवं मिठाई का वितरण कर होली मिलन महापर्व मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा शामिल हुए। मंच संचालन कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल ने किया। सभी बुजुर्गों के बीच सामान के वितरण के पश्चात गुलाल वाली होली खेली गई। ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने बुजुर्गों को गुलाल लगाकर होली की बधाई देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। वही बुजुर्गों के द्वारा उपस्थित सभी लोगों को अपने हाथों से गुलाल लगाकर होली पर्व की आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि आप सभी दीर्घायु हो अपने क्षेत्र में सफलता हासिल करें हमारी ईश्वर से यही कामना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, अध्यक्ष लखन खंडेलवाल, सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी, जयप्रकाश खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल, शनि देव, शांपा बाला, प्रिंस केसरी,प्रमोद खण्डेलवाल, गुंजन मद्धेशिया, विकास तिवारी, अजीत चंद्रवंशी, राज वर्मा श्री महालक्ष्मी ज्वेलर्स के संचालक, सागर कुमार, राजीव कुमार सहित कई सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

### तमिलनाडु में मजदूरों पर हो रहे हमले से देश की अंखडता पर चोट की साजिश : किशोरी राणा

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** तमिलनाडु के कई इलाकों में बिहार , झारखंड सहित अन्य हिंदी राज्यो के लोगो के साथ हुई मारपीट का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। वहीं प्रवासी नेता, सह नव झारखंड फाउंडेशन के राष्टीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने कहा कि तमिलनाडु प्रांत में हिंदी भाषी प्रवासी मजदूरों पर हो रहे हिंसक हमलों से देश की अखंडता पर गहरी चोट करने की साजिश की जा रही है। सरदार वल्लभ भाई पटेल के अथक प्रयासों के बाद खंड खंड में बंटा भारत एक हुआ है, इसे वापस से खंडित करने का प्रयास असामाजिक तत्वों द्वारा किया जा रहा है। जिनके विरुद्ध तमिलनाडु सरकार को देशद्रोही कानून के तहत कार्रवाई करना चाहिए। झारखंड सरकार को भी तमिलनाडु सरकार के साथ वार्ता कर सभी प्रवासी मजदूरों की सुरक्षित स्थिति का जायजा लेने का प्रयास करना चाहिए।

# उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई डीसीसी एवं डीएलआरसी की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सोमवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सबसे पूर्व अग्रणी जिला प्रबन्धक संजीव कुमार के द्वारा दिसंबर क्वार्टर में विभिन बैंकों द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियो की जानमारी दी गयी जिसके उपरांत उप विकास आयुक्त ने सभी बैंकों की जमा साख



अनुपात की समीक्षा की। इस दौरान वार्षिक साख योजना के तहत प्राप्त उपलब्धि, सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, केसीसी आदि के अंतर्गत प्राप्त प्रगति की बैंकवार समीक्षा की गई। बैठक में शिक्षा ऋण, हाउसिंग लोन, डेयरी लोन, पोल्ट्री फार्मिंग, मछली पालन आदि के लिए दिए गए ऋण, वित्तीय समावेशन के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा योजना जैसे अटल पेंशन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना आदि की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सभी बैंकों को अपनी जमा साख अनुपात 40% से ऊपर रखना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जीएसएलपीएस के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उपलब्ध कराए जाने वाले बैंक लिंकेज के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने सभी बैंक प्रतिनिधियों को संबंधित मामलों पर विशेष ध्यान देते हुए सभी मामलों को समय से निष्पादित करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत बैंक वार दिए गए लक्ष्य के तहत लाभुकों को उपलब्ध कराए गए ऋण की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने बैंक प्रतिनिधियों को प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध शत-प्रतिशत कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया। किसानों को उपलब्ध कराए जाने वाले केसीसी के तहत जिला स्तर पर प्राप्त हुए आवेदनों के तहत बैंकों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने जिन आवेदनों को अब तक निष्पादित नहीं किया गया है उन पर कार्य करते हुए सभी योग्य किसानों को ऋण उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश।बैठक के दौरान अग्रणी जिला प्रबंधक संजीव कुमार के द्वारा उपस्थित सभी बैंक प्रबंधकों प्रतिनिधियों को सरकार द्वारा लोगों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई ।

## पतरातू थाना में शांति सह निगरानी कमिटी की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पतरातू थाना परिसर में होली पर्व को देखते हुए होली शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने के लिए शांति सह निगरानी कमिटी कि बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वीरेन्द्र चौधरी ने किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी हलधर कुमार सेठी,थाना प्रभारी गौतम कुमार, परमानंद राजीव,देवराज राम,किशोर कुमार महतो,ज्योति गुप्ता,नित्यानंद कुमार,प्रदीप महतो,अरविंद गिरी, शिवचरण महतो,संतोष कुमार और बिजेंद्र मुंडा आदि शामिल रहे ।

# अवैध शराब के विरुद्ध प्रशासन की कारवाई, 800 किलो जावा महुआ और 100 लीटर अवैध शराब बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** होली तथा शब ए बरात त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर उत्पाद विभाग हजारीबाग तथा बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की के द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध संयुक्त रूप से छापामारी अभियान चलाया गया। रविवार को बड़कागांव थाना अंतर्गत हरली, मधय्या ढाव, बरवनिया, बड़कीटांड,



नापोखुर्द, मल्डीह एवम ढेंगा में अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। वहीं सोमवार को बड़कागांव थाना छेत्र के गोंदलपुरा, राउतपारा, सेहदा इत्यादि गांव में छापामारी में अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान में 800 किलो जावा महुआ, 100 लीटर अवैध शराब बरामद किया गया है। उत्पाद विभाग के एसआई प्रकाश मिश्रा तथा बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने कहा कि अवैध शराब बनाने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी अभियान में मुख्य रूप से उत्पाद विभाग के एस आई प्रकाश मिश्रा, बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की, सशस्त्र पुलिस बल व होमगार्ड के जवान शामिल थे।

## विष्णुगढ प्रेस क्लब में होली मिलन का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ़ अतिथि सत्कार होटल में विष्णुगढ़ प्रेस क्लब के द्वारा सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में विष्णुगढ प्रखंड अंतर्गत कार्यरत विभिन्न अखबारो संवाददाता,चैनल तथा सोशल मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार शामिल हुए। होली मिलन समारोह के रंगों से सरोबोर कार्यक्रम में पत्रकार ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी । कार्यक्रम के माध्यम से लोगों से शांतिपूर्वक सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने की अपील की गई। कार्यक्रम में पत्रकारों के अलावे सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि होली असत्य पर सत्य की और बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की साथ ही अखबारों के प्रतिनिधियों से समाज में समन्वय



तथा शांति बनाए रखने के लिए सक्रिय रहने की अपील की गई। कार्यक्रम में विष्णुगढ प्रेस क्लब के अध्यक्ष इश्तियाक अहमद, सचिव जीवन सोनी,कोषाध्यक्ष राजेश्वर महतो,मिथिलेश बर्मन, विनय पाठक,कुंदनलाल,श्री प्रसाद सोनी,राजेश दुबे,संतोष शर्मा,सुबोध मिश्रा,धीरज शर्मा, मो0कासिम के अलावे समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि चेडरा पंचायत मुखिया निर्मल कुमार, सोबरन भगत,दीपू भाई, संतोष सिंह,बीनू कुमार, कुंदन मिश्रा,लखन कुमार उर्फ (पप्पू) इत्यादि लोग मौजूद थे।

## बर्ड फ्लू के संभावित खतरे के मद्देनजर अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर चलाया गया जांच अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बर्ड फ्लू के संभावित खतरे के मद्देनजर सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन के निर्देश पर नगर परिषद की टीम द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत नगर परिषद/ छावनी परिषद क्षेत्रों, शनिचरा हॉट सहित अन्य प्रमुख स्थलों में संचालित पोल्ट्री फार्म/खुदरा विक्रेताओं की दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर टीम के द्वारा संचालकों/विक्रेताओं को दुकान अथवा फार्म से निकलने वाले



अपशिष्ट पदार्थों का प्रबंधन नियम अनुसार करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई वहीं अपशिष्ट पदार्थों का प्रबंधन नियम अनुसार नहीं करने पर कार्यवाही की चेतावनी दी गई। साथ ही पोल्ट्री फार्म व अन्य दुकानों को नगर परिषद की टीम के द्वारा सैनिटाइज किया गया एवं क्षेत्रों में ब्लीचिंग का छिड़काव किया गया। इस दौरान सीएलटीसी नगर परिषद करण साहू, स्वच्छता पर्यवेक्षक रोशन कुमार सहित नगर परिषद की टीम के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# अमित साहू बने अनुमंडलीय साहू समाज के अध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** रविवार को चौपारण स्थित साहू भवन में अखिल भारतीय तैलिक महासभा के बैनर तले हुए होली मिलन समारोह के बाद बरही अनुमंडलीय साहू समाज का चुनाव किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से बरही अनुमंडलीय साहू समाज के अध्यक्ष स्व. महावीर साहू के बड़े पुत्र अमित साहू का चुना गया। मौके पर अमित साहू ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि जो समाज ने हमें जिम्मेवारी दी है उसका निर्वहन मैं पूरी ईमानदारी के साथ करूंगा। वहीं उन्होंने कहा कि समाज में फैली कुरीतियों को मिटाने व समाज का सर्वांगीण विकास करना हमारा पहला लक्ष्य होंगा। समाज को संगठित करने के लिए मैं हर कोशिश करूंगा और कैसे हमारा समाज आगे बढ़े इसके लिए मैं हमेशा चिंतित रहूंगा। बता दे कि बरही अनुमंडलीय साहू समाज के



पदाधिकारियों का चुनाव हरेक तीन वर्ष में होता है। वही अमित साहू को अनुमंडलीय अध्यक्ष बनाए जाने पर झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू, जिला अध्यक्ष राजेंद्र साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष मुकुंद साहू, पूर्व अध्यक्ष सुनील साहू, सीताराम साहू, अशोक गुप्ता, अर्जुन साहू, चेतलाल साहू, मुखिया गोविंद साहू, रेखा देवी, सरिता देवी, संगीता देवी, महासचिव बालेश्वर साहू, संजय गुप्ता, आशीष साहू, विकास गुप्ता, आदि ने बधाई दी है।

# बरही में कांग्रेसियों ने एलआईसी ऑफिस के सामने किया धरना प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अह्वान पर केंद्र की पूंजीवादी मित्रता वाली मोदी सरकार और बेतहाशा महंगाई व बेरोजगारी के खिलाफ पूरे देश भर में एलआईसी कार्यालयों और राष्ट्रीय बैंकों पर धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम हो रहा है। इसी के तहत बरही प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अब्दूल मनान वारसी की अध्यक्षता में बैंक ऑफ इंडिया बरही एवं एलआईसी कार्यालय के पास कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर कांग्रेस जनों ने मोदी सरकार की पूंजीवादी नीति और महंगाई व बेरोजगारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। राष्ट्रीय संपत्ति को बेचना बंद करो, मोदी अडानी भाई, नही चलेगी तानाशाही



आदि नारे लगाए गए। धरना स्थल पर धरना कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि डॉ निजामुद्दीन अंसारी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छठू गोप, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, सेवादल विधानसभा अध्यक्ष उदय केसरी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता तोखन रविदास, रघुनंदन गोप, सरीफुल हक, सेवा दल उपाध्यक्ष जमुना यादव, पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, अमित जयसवाल, सामाजिक कार्यकर्ता रिजवान अली, अल्ताफ कुरेशी, पप्पू ठाकुर, मिथिलेश उपाध्याय, सुरेंद्र यादव, उस्मान अंसारी उर्फ उगन मियां, सुधीर रजक, गुलाम मुस्तफा, फिरदोस खान, अब्दुल सतार अंसारी, राजू राणा, अशोक सिंह, मो. वारिस अंसारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। धरना को संबोधित करते हुए डॉक्टर निजामुद्दीन अंसारी ने कहा कि आज देश में भारत के प्रधानमंत्री स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के चेयरमैन के पास बैठकर अडानी को कर्ज दिलाया जा रहा है। प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अपने करीबी दोस्तों और चुनिंदा अरबपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए एलआईसी और एसबीआई जैसे सरकारी संस्थानों के लेनदेन को प्रभावित कर अदानी ग्रुप की कंपनियों में जबरदस्ती निवेश करवा रहे हैं। जिससे करोड़ों भारतीयों की गाढ़ी कमाई का पैसा डूबने की कगार पर पहुंच गया है। जिससे देश आर्थिक मन्दी की ओर जा रहा है।

### यादव समाज के होली मिलन समारोह में शराब बंदी पर हुई विशेष चर्चा

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के नापो खुर्द पंचायत अंतर्गत नापो कला गांव के काली मंदिर मेला टाड प्रांगण में रविवार को यादव विकास समिति के बैनर तले यादव होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का अध्यक्षता यादव समाज के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष फागू यादव एवं संचालन प्रखंड सचिव कमल यादव ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए एवं एक दूसरे को गुलाल लगा कर और होली का गीत गा कर होली की शुभकामना दिया। समारोह में मुख्य रूप से शराब बंदी पर विशेष चर्चा की गई। मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने आने वाले भविष्य में शराब बंद करने को लेकर कृत संकल्पित हुए। मौके पर मुख्य रूप से 1999 कारगिल युद्ध के सूबेदार हृदयानंद यादव, हजारीबाग से मंजीत यादव, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष नेमन गोप, बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष चुरामन गोप, नवलेश यादव, विनोद यादव, मनोज कुमार यादव, अजय यादव, गोवर्धन यादव, चतुरी यादव, गणेश यादव, प्रकाश यादव, अवध किशोर यादव, बासुदेव यादव, अनोज गोप, युगल किशोर यादव, देवनाथ यादव, राजकुमार यादव, प्रकाश यादव, धनु गोप, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### आगामी त्यौहारों के मद्देनजर जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने चलाया जांच अभियान

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी त्योहारों के दौरान जिले वासियों को मिलावटी खाद्य पदार्थों से बचाने के मद्देनजर अभिहित अधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन के निर्देश पर सोमवार को जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीप श्री के द्वारा जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। इस दौरान जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी श्रीमती दिपश्री के द्वारा रामगढ़ शहर अंतर्गत गोपी राम रेस्टोरेंट थाना चौक, राज रसोई चट्टी बाजार, गोपीराम वर्कशॉप गोला रोड, मारवाड़ी होटल वर्कशॉप किसान नगर, शारदा रेस्टोरेंट सुभाष चौक, खुशबू स्वीट्स बस स्टैंड, यादव दूध भंडार बिजुलिया, शालीमार वर्कशॉप किसान नगर, मां भवानी होटल बिजुलिया एवं उमेश स्टोर ब्लॉक चौक में खाद्य पदार्थों, साफ-सफाई सहित अन्य खाद्य सुरक्षा नियमों की जांच की गई। इस दौरान नियमानुसार खाद्य प्रतिष्ठानों का संचालन नहीं करने वाले दुकानदारों/संचालकों से फाइन की वसूली की गई वहीं विभिन्न प्रतिष्ठानों से मिठाइयों व अन्य खाद्य सामग्रियों का सैंपल भी लिया गया।मौके पर जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने सभी जिले वासियों से त्यौहार के दौरान मिलावटी खाद्य पदार्थों से सावधान रहने की अपील करते हुए लोगों को इससे संबंधित उपायों के प्रति जानकारी दी वहीं जिला खाद सुरक्षा पदाधिकारी ने खाद्य प्रतिष्ठानों के फूड लाइसेंस व पंजीकरण की भी जांच करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

### एसवीएम सिरका में मनी होली मिलन समारोह

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा क्षेत्र के सरस्वती विद्या मंदिर सिरका के प्रांगण में सोमवार को होली मिलन समारोह आयोजित हुई। इसमें स्कूल के आचार्य, कर्मचारी, प्रधानाचार्य, स्कूल प्रबंधकारिणी समिति सदस्यों ने भाग लिया। अवसर पर प्रधानाचार्य कुमार विमलेश ने सबको मिठाई खिलाकर और गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दिया। मुख्य अतिथि स्कूल सचिव सतीश कुमार श्रीवास्तव ने रंगों का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाने, आपसी सद्भाव, प्रेम पूर्वक सभी के साथ वैमनस्य को भुलाकर नए समाज की स्थापना करने का संकल्प लिया। इस दौरान गायक गोविंद प्रसाद, विश्वनाथ दुबे ने कई फगुआ और होली के गीतों की प्रस्तुति किया। मौके पर विद्यालय के आचार्य, कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

# डीजे पूर्ण रूप से बंद रहेगा बजाने वालों पर निश्चित तौर पर कार्रवाई होगी : मणिलाल सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** डाड़ी कलां थाना परिसर में होली एवं शब ए बरात त्योहार को लेकर सोमवार को शांति समिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी मणिलाल सिंह ने किया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने शांतिपूर्वक होली त्यौहार मनाने का सुझाव दिया। उपस्थित लोगों ने कहा कि शराब पीकर हुड़दंग न मचाए। मिलजुल कर शांति पूर्वक त्यौहार को मनाएं। होली के दिन शराब की दुकान को बंद रखने तथा अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की गई। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने कहा की रंगों का त्योहार होली भाईचारे का त्योहार है, लोग शराब से दूर रहें और आपस में मिलजुल कर त्यौहार को मनाएं, होली बुराई पर अच्छाई की विजय



का त्यौहार है। थाना प्रभारी मणिलाल सिंह ने कहा कि मिलजुलकर आपसी सौहार्द बनाकर त्योहार मनाएं। आगे उन्होंने कहा की होली रंगों और भाईचारे का त्यौहार है हमें मिल जुलकर शांतिपूर्वक त्यौहार मनाना है। कहीं से किसी भी प्रकार का कोई शिकायत का मौका नहीं दें। सोशल मीडिया में भड़काऊ मैसेज न भेजे तथा भड़काऊ डीजे नहीं बजाएं। डीजे पूर्ण रूप से बंद रहेगा बजाने वालों पर निश्चित तौर पर कार्रवाई होगी। जबरन किसी पर रंग ना डालें जिससे आपसी सौहार्द खराब हो। मौके पर डाड़ी कलां थाना के एएसआई मनोज कुमार सिंह, एएसआई मंगरा मुंडा, डाड़ी कला पंचायत के पंचायत समिति सदस्य फ़यूम अंसारी, चेपा कलां पंचायत पंसस कृष्णा राम, सिंदवारी पंचायत के पंसस निर्मल राम, पूर्व मुखिया शंकर राम, कुलेश्वर राम, सूरज वर्मा, मोहम्मद ताहिर, रितेश ठाकुर, मसकूर आलम, सुनील कुमार, संजय दास, राजेश रजक, पंकज कुमार, रंजीत कुमार, प्रमोद महतो, रंजीत महतो, राजेंद्र कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# बीएम मेमोरियल स्कूल में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बीएम मेमोरियल स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन निर्देशक संदीप कुशवाहा के नेतृत्व में किया गया। जिसमें सभी शिक्षक व छात्र -छात्राओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर निर्देशक संदीप कुशवाहा ने कहा की होली का त्यौहार सभी भेदभाव को छोड़कर समाज के लोगों को एकजुट एंव आपसी भाईचारे का पैगाम देता है। साथ ही उन्होंने सभी बच्चों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी बच्चे सभ्य और सौहार्दपूर्ण तरीके से तिलक होली खेले। वहीं स्कूल के प्राचार्य कैलाश कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं व अभिभावकों से अपील किया कि



हर्बल होली खेले और पानी को बचाएं क्योंकि पानी हमारे आने वाले भविष्य के लिए काफी उपयोगी है पानी का दुरुपयोग ना करें। मौके पर शिक्षक-शिक्षिकाओं में विद्यालय के शिक्षा चेयरमैन रंजीत कुमार ,उप प्राचार्य पूनम कुमारी वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान,पिंटू कुशवाहा, अमीन अंसारी, मुकेश कुमार, संदीप शर्मा, सोनू कुमार, विनोद रंजन, उमेश कुमार, दिलेश्वर कुमार ,महेंद्र कुमार, अनु कुमारी, मनीषा कुमारी ,आंचल कुमारी, एरिका टोपा, भारती कुमारी ,अनु कुमारी, ऐलिस टोपो, सृष्टि कुमारी, मोंसिकता राणा, सरिता बा, जेमा तिग्गा,आनंद राज ,विकास ठाकुर,नेहा कुमारी, साबना प्रवीण, दुर्गा देवी, संजू देवी सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# होली मिलन सह पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरकट्ठा(हजारीबाग):** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सूरजकुंड धाम परिसर के डाकबंगला में रविवार को झारखंड नवनिर्माण युवा सेना के संस्थापक सी के पांडेय तथा दक्षिणी जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया पांडेय के द्वारा संयुक्त रुप से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक छत्रु प्रसाद ने किया। समारोह में जिप सदस्य,जिप सदस्य प्रतिनिधि और उनके सहयोगियों ने प्रखंड के पत्रकारों और जन प्रतिनिधियों को मोमेंटो देकर व फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रखंड के सभी पत्रकार धनंजय पाठक, रेयाज खान, सुनील श्रीवास्तव, सुरेंद्र ठाकुर, ईश्वर यादव, रामकृष्ण पाण्डेय, श्याम किशोर पाण्डेय, अजित वर्णवाल, अजय यादव, प्रवीण पाण्डेय, मुकेश पाण्डेय, साहेब सोरेन, सूरज मोदी, सुरेश पाण्डेय, रिंकू माली, संतोष पाण्डेय, परमानंद पाण्डेय, पंकज वर्णवाल, अनिल वर्णवाल, छोटी रविदास, बंटी खान, कुँवर यादव आदि को माला एवं मोमेंटो दे कर सम्मानित किया गया। वहीं लोगों ने अटका के गायक महादेव बर के बेहतरीन संगीत का आनंद उठाया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व पत्रकारगण के अलावा सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे और एक दूसरे को गुलाल-अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर उपस्थित गोरहर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार साहा ने कहा कि होली और शबे बरात खुशियों का त्योहार है,दोनो पर्व शांतिपूर्वक मनाएं। कार्यक्रम के पश्चात लोगों ने लजीज व्यंजन का आनंद उठाया एवं एक दूसरे को लोगों ने गुलाल लगाया। समारोह में हजारीबाग जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव,जिप सदस्य बरकट्ठा उत्तरी कुमकुम देवी,चंदवारा पूर्वी जिप सदस्य महादेव राम,समाजसेवी शिक्षक श्रीकांत पाण्डेय,भाजपा नेता बटेश्वर मेहता, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार साहा, 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद मंडल, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष कुदूश अंसारी आदि थे ।

# भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल की होली मिलन समारोह का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल की और से शिवकुमार शिव कुमार की अध्यक्षता में ब्रह्म ऋषि धर्मशाला के सभागार में रामगढ़ कैंट मंडल की होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया सभी ने अपने वक्तव्य दिए होली के इस पवित्र पावन पर्व पर अपने-अपने बात रखें होली सद्भावना का त्यौहार है सभी के साथ मिलजुल कर रहना है रंग अबीर गुलाल की रंगों के बारे में बताया गया सभी अपने जीवन को इस रंग की तरह अपने जीवन में आत्मसात करेंगे हर्ष और उल्लास के साथ रंग अबीर के साथ होली मिलन समारोह में शामिल होकर होली को मनाया गया हम सब अपनी एकजुटता के साथ अपनी सद्भावना बनाए रखेंगे मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रोफेसर श्री यदुनाथ पांडे जी का शुभागमन होली मिलन समारोह में हुआ रामगढ़ हजारीबाग संयुक्त जिलाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा जी रामगढ़ कैंट मंडल के सांसद प्रतिनिधि रविंद्र शर्मा जी प्रोफेसर संजय प्रसाद सिंह आलोक सिंह विजय ओझा राजीव रंजन प्रसादभगवान प्रसाद उपस्थित मंच का संचालन रामगढ़ कैंट मंडल के महामंत्री ऋषिकेश सिंह सूर्यवंश श्रीवास्तव के द्वारा संचालित किया गया कैंट मंडल उपाध्यक्ष सुशांत कुमार पांडे श्रीमती शीतल सिंह संतोष कुमार साह मिथिलेश मंडल अजीत गुप्ता रामगढ़ कैंट मंडल युवा मोर्चा के अध्यक्ष तरुण कुमार साह कुणाल दास अमित ठाकुर सुजीत गांगुली जगदीश शर्मा अमित ठाकुर शिव कुमार गुप्ता शशिकांत सिंह अविनाश सिंह रिंकू सिंह रोहित कुमार प्रफुल्ल नारायण त्रिपाठी धीरज साहू तथा सभी देव तुल्य कार्यकर्ता भूत के अध्यक्ष भाजपा नेता उपस्थित हुए होली रंगों का त्योहार मिलजुलकर खुशी मनाएं।

# चुरी केनरा बैंक शाखा में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पौधारोपण किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चुरी केनरा बैंक शाखा परिसर में पौधरोपण का कार्यक्रम किया गया. इस दौरान बैंक मैनेजर सुनील कुमार ने महिलाओं के सम्मान पर बैंक परिसर में पौधा लगाया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मैनेजर ने कहा कि महिलाएं विश्व मे अग्रसर होकर कामयाबी की शिखर चढ़ रही है. उसी तरह गांव टोला मुहल्ला की महिलाएं भी स्वयं सहायता समूह के माध्यम से रोजगार से जुड़े. उन्होंने कहा कि बैंक परिसर में पौधरोपण कर आने वाले दिनों में सभी के लिए छाव देगी. उसी तरह से महिलाएं भी घर के विकास के लिए योगदान देती है।

# झामुमों खलारी ने होली मिलन सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो खलारी प्रखंड कमेटी की ओर से होली मिलन सह कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन चीनाटांड़ में किया गया. कार्यक्रम का आयोजन झामुमो खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान व संचालन जैनुल खान ने किया. कार्यक्रम में खलारी प्रखंड के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए. कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखते हुए सरकार लाभकारी योजनाओं के बारे में बताया गया. कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ता एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दिया. कार्यक्रम में जेसीएमयू एरिया सेक्रेटरी रंथू उराँव, राजेश प्रसाद, सुभाष प्रजापति, दिनेश्वर सिंह, अरुण यादव,राजकुमार भोक्ता, चितरंजन सिंह, सीतलाल महतो, विशाल पासवान, शंभू दास, कल मतिया भोक्ता, नागेंद्र सिंह, सोनू राम, विक्की मुंडा, गौतम यादव, रोहित यादव, विजय मुंडा, राजेंद्र राम, अजय मुंडा, दशरथ तुरी, कईला पाहन, बीना देवी, ललिता कुमारी, पूनम कुमारी, विनोद गंझू, वीरेंद्र गंझू, रिंकी कुमारी, बिलासपुर देवी, रंजीत रजक सहित अन्य उपस्थित थे।

# रैयत विस्थापित मोर्चा डकरा शाखा के होली मिलन समारोह में गंभीर विषयों पर चर्चा किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** चुरी दक्षिणी पंचायत भवन में रैयत विस्थापित मोर्चा डकरा शाखा के तत्वधान में होली मिलन समारोह मनाया गया. समारोह की अध्यक्षता सुनील यादव व मंच संचालन प्रयाग यादव ने किया. बैठक में 22 दिसम्बर को 11 सूत्री मांग पत्र प्रबंधन को सोपा गया था. उस मांग पत्र पर विशेष रूप से चर्चा किया गया. चर्चा में प्रबंधन के उदासीन रवैये से डकरा शाखा मोर्चा आक्रोश है. मोर्चा ने हक की रोजी रोजगार पर भी चर्चा किया गया. बताया कि इन सभी समस्याओं पर प्रबंधन नही जगती है,तो ग्रामीण डकरा प्रोजेक्ट का कार्य बंद करने के लिए बाध्य होंगे. जिसकी पूर्ण जिम्मेवारी डकरा प्रबंधन की होगी. बैठक में मुख्य रूप से पंचायत के मुखिया मल्का मुंडा, श्याम जी, मनदीप यादव, राजु यादव, रबिंदर यादव, प्रयाग यादव, गणेश यादव बजरंग यादव, बबलू यादव, संतोष महतो, राजू यादव, अनिल यादव, कमलेश यादव कैलाश यादव, बबन यादव, मेघा यादवअर्जुन राम, गुलटें यादव,अजय यादव, अजय कुमार आदि ग्रामीण उपस्थित थे।


# सुपर वैल्यू डेज के दौरान अमेजन फ्रेश पर शानदार ऑफर्स के संग रंगों का उत्सव मनाएं

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** यह समय होली के त्योहार के साथ रंग-बिरंगे वसंत के आगमन का स्वागत करने का है! निसंदेह, यह सबसे खुशनुमा उत्सव है जो लोगों को एक साथ लाता है और पूरे उमंग और उत्साह के साथ उनका मिलन कराता है। इस उत्सव की सबसे प्यारी बात यह है कि स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजनों और मिठाइयों के बिना इस उत्सव का आनंद अधूरा लगता है। गुजिया, ठंडाई, मलाई कुल्फी, मालपुआ और सेब की खीर और रोजमर्रा की पेंट्री जैसे शानदार व्यंजनों के साथ रंगों के इस उत?सव का आनंद कई गुना बढ़ जाता है। अमेज़न फ्रेश पर सुपर वैल्यू डेज के दौरान कस्टमर अपनी खरीदारी की सभी जरूरतों का सामान यहां से ले सकते हैं, जिसमें ताजे फल व सब्जियां, पूजा और पार्टी के जरूरी सामान शामिल हैं । आप इनसे अपनी संपूर्ण होली पार्टी की योजना बना सकते हैं और साथ ही 45त्न तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। शॉपिंग इवेंट 1 से 7 मार्च तक चलेगा, जिसमें आप ताजे फल, सब्जियां, घरेलू जरूरत की चीजों, हर्बल रंग, फूल, पूजा के आवश्यक सामान, स्नैक्स और पेय पदार्थ, स्टेपल और बहुत कुछ पर शानदार ऑफर्स का फायदा उठा सकते हैं।कस्टमर्स दावत, फॉर्च्यून, फियामा, लक्मे, एरियल, गोदरेज, एमटीआर सहित अन्य लोकप्रिय ब्रांडों के लिए ऑनलाइन डेस्टीनेशन से सुविधाजनक डिलीवरी विकल्पों के साथ शानदार कीमतों और नए ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं और 4 से 7 मार्च 2023 तक न्यूनतम 2,500 रुपये के ट्रांजेक्शन पर आईसीआईसीआई क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर 10त्न का इंस्टेंट डिस्काउंट और 300 रुपये तक के डिस्काउंट का लाभ उठा सकते हैं।


# केंद्र सरकार के विरुद्ध खलारी बैंक ऑफ इंडिया व एलआईसी शाखा के पास कांग्रेस ने प्रदर्शन किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** केंद्र सरकार के विरुद्ध खलारी प्रखंड कांग्रेस कमिटी रांची जिला के तवत्वधान में खलारी शाखा के बैंक ऑफ इंडिया व एलआईसी शाखा के पास प्रदर्शन किया गया. हल्ला बोल प्रदर्शन का नेत्तृत्व खलारी प्रखंड अध्यक्ष साबिर अंसारी ने किया. इस प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस प्रदेश सचिव इंदिरा तुरी देवी उपस्थित थी. इस दौरान श्रीमती इंदिरा ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा जिस तरह से बैंकों व एलआईसी में आम जनमानस के द्वारा गाढ़ी कमाई रखा गया पैसा को अडानी,अंबानी जैसे कर्जदारों को मुनाफा पहुंचाने के लिये बेहिसाब पैसा देश तरक्की के नाम पर देश को डूबा रहा है।

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची

### अति–अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या – 07/2022-23

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची
2. निविदा विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची
3. परिमाण विपत्र विक्री की अन्तिम तिथि:– 13.03.2023 कार्य अवधि (5 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 14.03.2023, 3 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 15.03.2023, 4 बजे अपराह्न को।
6. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान :– 1. कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची। :– 2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल,राँची।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची।
8. निविदा का विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र की राशि (रु0 में) | कार्य समाप्ति अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | Group A | | | | |
| 01. | Supplying, Installation, Commissioning & Testing of outdoor type 630 KVA co pper wound distribution Transformer and other allied materials which are essential for Smart City Water Supply Pumping Plant, Hatia | 3946338.00 | 79000.00 | 5000.00 | 45 days |

नोटः– (i) निविदा सम्बन्धी सूचना, नियम एवं शर्तों की जानकारी हेतु वेबसाईट www.prdjharkhand.in तथा प्रमण्डलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
(ii) निविदादाता को निविदा में हिस्सा लेने से पूर्व स्थल का निरीक्षण करना होगा। स्थल निरीक्षण के उपरान्त निविदादाता site incharge/concerned officer से M.O.M./Certify कराना सुनिश्चित करेंगे एवं उसकी प्रति तकनीकी बीड में संलग्न करेंगे।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची।

PR 292117 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)

## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

### द्वितीय शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या–**DWSD/KH-19/2022-23(1st Call), Dt.- 16.02.2023 P.R.No.–290526 Drinking Water & Sanitation (22-23)D** के द्वारा प्रकाशित एवं प्रचारित निविदा (**Name of Work- Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme through D.T./HYDT/GPT/HYGPT Solar based 1 HP/ 2 HP D.C. Motor pump Complete set for different tolas of concern village which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 Years for 24 X 7 Supply with 100 % Coverage by TAP Water Facility in Rania, Khunti-(R), Murhu and Karra Block under J.J.M**) के तिथियों में निम्न प्रकार से संशोधन किया जाता है।

| Date Revision | Previous Date | Revised Date |
|---|---|---|
| Date of Tender Uploading on Website | 01.03.2023/05.00 PM | 10.03.2023/05.00 PM |
| Bid Submission End Date | 09.03.2023/05.00 PM | 17.03.2023/05.00 PM |
| Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 10.03.2023/05.00 PM | 18.03.2023/05.00 PM |
| Date of Opening of Tender | 11.03.2023/11.00 AM | 20.03.2023/11.00 AM |

क0सं0 02– कलस्टर संख्या– 2B को अपरिहार्य कारणों से रद्द की जाती है।
आमंत्रित निविदा के परिमाण विपत्र की राषि घट–बढ़ सकती है।
निविदा की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी।

(ई0 सुरेन्द्र कुमार दिनकर)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,खूँटी

PR 292124 Drinking Water and Sanitation(22-23).D

## झारखण्ड सरकार
## वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, वन प्रमण्डल पदाधिकारी
## गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल, गढ़वा।

### आम निलामी सूचना

सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के अन्तर्गत रंका पूर्वी प्रक्षेत्र, रंका पश्चिमी प्रक्षेत्र एवं भण्डरिया प्रक्षेत्र के कार्यालय कैम्पस में (शेष बचे लॉट) जप्त प्रकाष्ठ, जहाँ है जिस स्थिति में है, के आधार पर आम नीलामी नीचे अंकित तिथि को 10:30 बजे पूर्वाहन से 4:00 बजे अपराहन तक निर्धारित की गई है। नीलामी के दिन 5000.00 (पाँच हजार) रू0 का बैंक ड्राफ्ट (वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के पदनाम से गढ़वा स्थित किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा में भुगतेय ) गेटमनी के रूप में लाना होगा, जिसे क्रय किये गये लौट के Security Deposit की राशि में समायोजित की जा सकेगी तथा असफल बोलीदाता को शीघ्र वापस कर दी जायेगी। प्रकाष्ठ लौट का निरीक्षण नीलामी से पूर्व किया जा सकता है। यदि नीलामी तिथि को किसी कारणवश अवकाश या बन्दी घोषित होता है तो उसके अगले कार्य दिवस को नीलामी की तिथि तय मानी जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले क्रेता का G.S.T. अधिनियम के तहत निबंधित/पंजीकृत होना अनिवार्य होगा। बिक्री मूल्य के अतरिक्त यथालागू जी0एस0टी0, आयकर एवं शेष कर भी देय होगा। शर्तें एवं अन्य कोई जानकारी कार्यालय अवधि में प्रमण्डलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है एवं नीलामी शर्तें **https://garhwa.nic.in/** एवं **Https://forest.jharkhand.gov.in** पर भी उपलब्ध है। मोबाईल नं0 – **8789831419** पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

| क्रम संख्या | नीलामी स्थल का नाम | नीलामी की तिथि | लौट, प्रकाष्ठ की किस्म |
|---|---|---|---|
| 1 | रंका पूर्वी प्रक्षेत्र कार्यालय कैम्पस | 24.03.2023 | 44 लौट प्रकाष्ठ/जलावन रंका पूर्वी प्रक्षेत्र कैम्पस 6 लौट प्रकाष्ठ/जलावन गोदरमाना नर्सरी। |
| 2 | रंका पश्चिमी प्रक्षेत्र कार्यालय कैम्पस | 24.03.2023 | 5 लौट प्रकाष्ठ/जलावन। |
| 3 | भण्डरिया प्रक्षेत्र कार्यालय कैम्पस | 25.03.2023 | 11 लौट प्रकाष्ठ/जलावन भण्डरिया प्रक्षेत्र एवं 4 लौट प्रकाष्ठ/जलावन कुटकु प्रक्षेत्र। |

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

PR 291987 (Forest, Environment and Climate Changes) 22-23 (D)

## कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा
## (अभियंत्रण कोषांग)

### शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा निकाले गए **निविदा आमंत्रण सूचना संख्या** 44/2022–23 विज्ञापन संख्या – PR.NO.290815 Lohardaga (22-23):D में निम्नांकित संशोधन किया गया है :–

| | | |
|---|---|---|
| वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | 07.03.2023 |
| बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय | :– | 14.03.2023/05:00 बजे अपराह्न तक |
| अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य(हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय | :– | 15.03.2023/02:00 बजे अपराह्न तक |
| निविदा खोलने की तिथि व समय | :– | 16.03.2023/05:00 बजे अपराह्न |

शेष यथावत् रहेंगे।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 292103Lohardaga(22-23)#D

## झारखंड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
## राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला।

### शुद्धि पत्र

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला के अन्तर्गत निकाली गयी ई–अति अल्पकालिन निविदा संख्याः–01/2022-23/NREP/EE/Gumla दिनांक 20.02.2023 के शुद्धि–पत्र की PR No- PR291186(NREP)22-23*D जो दिनांक 26.02.2023 को प्रकाशित हुआ था, के कंडिका (1) के क्रमांक संख्या– 23,24,25 एवं 26 के योजनाओं के निविदा प्रकाशन की तिथि में निम्न प्रकार से संशोधन की जाती है।

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 02.03.2023 के जगह पर 06.03.2023 पढ़ा जाय।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 10.03.2023 अपराह्न 5.00 बजेके जगह पर 13.03.2023 अपराह्न 5.00 बजे पढ़ा जाय।
4. जिला नियंत्रण कक्ष गुमला में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकि योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 11.03.2023 के जगह पर 14.03.2023 अपराह्न 3.00 बजे पढ़ा जाय।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 13.03.2023 के जगह पर 15.03.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे पढ़ा जाय।

बाकी सभी शर्तें यथावत रहेगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0 गुमला

PR 292087 NREP(22-23)D

## कार्यालय जिला परिषद्, गढ़वा

### आम सूचना

एतद् द्वारा गढ़वा जिला के आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि सुरक्षित जमा राशि के आलोक में जिला परिषद्, गढ़वा के अन्तर्गत निम्नांकित नावघाटों का वर्ष 2023–24 के लिए खुली डाक द्वारा दिनांक–20.03.2023 दिन–सोमवार को समय–11:00 बजे पूर्वाह्न में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में बन्दोबस्ती की जायेगी।

जो व्यक्ति खुली डाक में भाग लेना चाहते हैं। वे निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा में जमानत की राशि जमा कर अपना नाम दर्ज करा लेंगे। डाक में उच्चतम बोली लगाने वाले डाक प्राप्तकर्त्ता को डाक के तुरंत बाद एक मुश्त डाक की राशि जमा कर देनी होगी एवं उन्हें नियमानुसार कार्यालय जिला परिषद्, गढ़वा में एकरारनामा करना होगा।

जिस व्यक्ति या संस्था के पास नावघाट बन्दोबस्ती की रकम पूर्व से बाकी होगी, उन्हें डाक बोलने का अधिकार नहीं होगा। डाक बोलने वाला व्यक्ति का आधार कार्ड का स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति एवं एक वर्ष के अंदर का आचरण प्रमाण–पत्र तथा ऑन लाईन निर्गत स्थानीय निवास प्रमाण–पत्र की प्रति जिला परिषद कार्यालय, गढ़वा में जमा करना अनिवार्य है।

बिना कोई कारण बताये डाक को रद्द करने के लिए अधोहस्ताक्षरी सक्षम हैं।

बन्दोबस्ती लेनेवाले व्यक्ति या संस्था को बंगाल फेरी अधिनियम के अन्तर्गत बने नियमों का अक्षरशः पालन करना होगा। निम्न घाट सोन नदी पर स्थित है।

| क्र0 सं0 | घाट का नाम | नदी का नाम | प्रखण्ड का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि(15%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | हरिहरपुर | सोन नदी | काण्डी | 874000.00 | 131100.00 |
| 2. | पाचाडुमर घाट | सोन नदी | केतार | 201250.00 | 30188.00 |
| 3. | परती घाट | सोन नदी | केतार | 33063.00 | 4960.00 |
| 4. | खोखा | सोन नदी | खरौंधी | 46115.00 | 6918.00 |
| 5. | खैरवा (कधवन) | सोन नदी | केतार | 149500.00 | 22425.00 |
| 6. | सुण्डीपुर | सोन नदी | काण्डी | 81075.00 | 12162.00 |
| 7. | सोनपुरा घाट | सोन नदी | काण्डी | 70297.00 | 10545.00 |
| 8. | गाड़ा कला घाट | सोन नदी | काण्डी | 106925.00 | 16039.00 |

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, गढ़वा

PR 291985 Rural Development (22-23)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची

### ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा सूचना
(सतवां कॉल)

जिसका **PR No. 255948 (Drinking Water and Sanitaion)** 2021–22 है।

**Tender Reference No. - DWSD/RW/SVS-05/2021-22 Date - 06-03-2023**

| S. No | Name of the Work | Cluster Name | Sub Cluster/Group No. | Block | Estimate Cost (in Lac) | Ernest money (in Lac) | BOQ cost (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Construction of Solar Based Mini Water Supply Schemes (SVS) in Different Block, comprising of suitable R.C.C. / Framed structure ESR, Distribution Lines, Source (as required) and FHTC all complete job in the Different Block of District Ranchi under Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West, Ranchi for the year of 2021-22 (on Turn Key Basis) | 10A | 10A(iii) | Kanke | 645.35 | 6.46 | 10000.00 |
| 2 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | | | 09 Months + 1 months (trial and run) | | | |
| 3 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | | | 09-03-2023 at 04:00 P.M | | | |
| 4 | बीड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | | | 14-03-2023 up to 04:00 P.M | | | |
| 5 | निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय/स्थान | | | 15-03-2023 up to 04:00 P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची/अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची। | | | |
| 6 | बीड खोलने की तिथि/समय | | | 15-03-2023 up to 05:00 P.M | | | |
| 7 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची। | | | |
| 8 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | | | 0651-2491247 | | | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
राँची पश्चिम, राँची।

PR.NO.292088 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस : टुंडी में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड आजीविका महिला संकुल



संगठन के तत्वाधान में आज सोमवार को पुराना प्रखंड कार्यालय के भवन में महिला दिवस समारोह कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। बताया जाता है कि आजीविका महिला संकुल संगठन ने हर बर्ष की तरह इस बर्ष भी महिला दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया चूंकि महिला दिवस 8 मार्च को है मगर होली की त्यौहार को लेकर दो दिन पूर्व ही मनाने का निर्णय सभी समूहों के दीदी ने लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया एवं अतिथियों को गुलदस्ता एवं बुके देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए समूह के दीदियों ने स्वागत गीत भी गाया इसके अलावा कोल्हर समूह के आदिवासी बच्चियों ने आदिवासी गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में जिला परिषद सदस्या मीना हेम्ब्रम ने कहा कि आज के इस युग में बेटियों को शिक्षित करना अभिभावकों की पहली कर्तव्य है टुंडी प्रमुख मालती मरांडी ने कहा आज की बेटी कल की भविष्य हैं पुरनाडीह मुखिया बसंत नारायण तिवारी ने अपने संबोधन में समूह के दीदियों से कहा कि महिला सशक्तिकरण लागू होने से महिलाओं मान बढ़ा है।कोल्हर मुखिया विजय कुमार मंडल ने उपस्थित समूहों से कहा हम तभी आगे बढ़ेंगे जब हमारी बहनें शिक्षित और आत्मनिर्भर बनेंगी। महिला हेल्प डेस्क प्रभारी ममता कुमारी ने कहा कि आज की बेटी और बेटा दोनों एक समान है बी.पी.ओ.ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाना ही आजीविका संकुल संगठन का मुख्य मंत्र हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्या मीना हेम्ब्रम, टुंडी प्रमुख मालती मरांडी,पुरनाडीह मुखिया बसंत नारायण तिवारी,कोल्हर मुखिया विजय कुमार मंडल बी पी ओ अर्जुन सिंह, टुंडी मुखिया रेखा देवी, पंचायत समिति सदस्य मीना देवी, बैंक मित्र किरण कुमारी महिला हेल्प डेस्क प्रभारी ममता कुमारी समेत बड़ी संख्या में समूह के दीदियों ने भाग लिया।

## प्रखण्ड स्तर पर मनाया गया स्पोर्ट्स दिवस

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महिला बाल विकास एवं सामाजिक



सुरक्षा विभाग झारखंड, महिला विकास समिति ने एक मार्च से लेकर 8 मार्च तक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने का निर्देश दिया है। इसी क्रम में आज जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप के निर्देशानुसार प्रखण्ड स्तर पर स्पोर्ट्स दिवस मनाया गया।इसमें तेजस्विनी परियोजना के अंतर्गत प्रखण्ड स्तर, क्लस्टर स्तर पर किशोरियों एवं युवतियों के द्वारा बाघमारा प्रखण्ड में फुटबॉल, कबड्डी, टुंडी प्रखंड में फुटबॉल, कब्बडी, धनबाद सदर में कब्बडी एवं अन्य प्रखण्ड के क्लस्टर स्तर पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विजेता और उपविजेता को पुरस्कृत कर समानित किया गया है।

## आजिविका संगठन के दीदीयों ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व संध्या पर मनाई होली

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के चोंगाखार पंचायत के ग्राम गुरहा में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व संध्या आजिविका महिला संगठन से जूडे महिलाओं ने एक कार्यशाला का आयोजन कर महिलाओं उत्थान, शिक्षा समृद्धि पर चर्चा की गई. इस बीच अनुराधा वर्मा ने कहा कि कल तक हमलोग समाज से कटे हुए थे गाँव में हमारी भागिदारी नगण्य थी परंतु जिस दिन से हमलोग जेएसएलपीएस समूह से जुड़ कर 10 -10 रुपये जमा कर रहे हैं तब से हमारी आर्थिक स्थिति भी मजबूत हुई है. साथ हीं सरिता वर्मा ने गीत के माध्यम से लोगों को जागरूक किया. अंत में एक दूसरे को रंग गुलाल लगा होली की बधाई दिया. मौके पर स्थानीय मुखिया देवकी देवी, पुर्व मुखिया राम लखन वर्मा, पंचायत समिति सदस्य सुलेखा वर्मा, सुनील वर्मा, बहादुर प्रसाद वर्मा , किरण वर्मा, पूजा वर्मा, ब्यूटी कुमारी, लक्ष्मी वर्मा, सरिता वर्मा, अनुराधा वर्मा, रेखा देवी, अजंती देवी, गीता देवी समेत दर्जनों महिलाऐं उपस्थित थी।

## शब-ए-बारात व होली के अवसर पर वस्त्र वितरण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शब ए बारात और होली के त्योहार



के अवसर पर ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार खान, वार्ड संख्या 14 की पार्षद पद की उम्मीदवार जुली परवीन उर्फ जुली बाजी एवं ऑल इंडिया उलमा बोर्ड झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष हाजी ज़मीर आरिफ के द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सैकड़ों जरूरतमंद लोगों के बीच कपड़ा वितरण किया गया और आर्थिक सहयोग भी पहुंचाई गई। ताकि वह सभी लोग अपने अपने परिवार के साथ इन त्योहारों को हर्षोल्लास के साथ मना सकें। साथ ही वासेपुर के इन समाजिक कार्यकर्ताओं ने कोयलांचल सहित समस्त देशवासियों को शब ए बारात और होली को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## होली व शब-ए-बारात 2023 : 7 मार्च को दोपहर से 9 मार्च की सुबह तक कार्यरत रहेगा जिला नियंत्रण कक्ष

### जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 2311217 एवं 2311107

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** होली व शब ए बारात को शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष 7 मार्च को दोपहर 2ः00 बजे से 9 मार्च की सुबह 6:00 बजे तक कार्यरत रहेगा। एसडीओ श्री प्रेम कुमार तिवारी जिला नियंत्रण कक्ष के संपूर्ण प्रभार में रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 2311217, 2311107 है। जिला नियंत्रण कक्ष में दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष में 18 दंडाधिकारियों व 12 पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। एक शिफ्ट में 6 दंडाधिकारी व 4 पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष में एक अग्निशमन दस्ता भी उपस्थित रहेगा।

## मैट्रिक व इंटर परीक्षा की तैयारियों को लेकर बैठक

# कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराएं मैट्रिक व इंटर परीक्षा : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह ने सोमवार को न्यू टाउन हॉल में जिले में आगामी 14 मार्च से शुरू होने वाली मैट्रिक- इंटर परीक्षा की तैयारियों को लेकर शिक्षा पदाधिकारी, सभी परीक्षा केंद्र अधीक्षकों, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारियों आदि के साथ बैठक की। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार ने बताया कि जिले में मैट्रिक परीक्षा के परीक्षार्थियों की संख्या 28794 है। जबकि, इंटर परीक्षा के परीक्षार्थियों की संख्या 26334 है। जिले में मैट्रिक परीक्षा को लेकर कुल 103 केंद्र एवं इंटर परीक्षा के लिए 88 केंद्र बनाए गए हैं। प्रश्न पत्रों एवं उत्तर पुस्तिकाओं/ओएमआर सीट को रखने के लिए संबंधित प्रखंड के राष्ट्रकृत बैंक एवं कोषागार



को चिन्हित किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जहां प्रश्न पत्र रहेगा (वज्रगृह), वहां किसी तरह की कोई कोताही नहीं हो। सभी जगह सीसीटीवी की निगरानी में प्रश्न एवं उत्तर पुस्तिका/ओएमआर सीट रहेंगे, इसे सुनिश्चत करें। परीक्षा केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं बिजली, पर्याप्त रौशनी, शौचालय, पेयजल आदि की व्यवस्था हो, ताकि परीक्षार्थियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। प्रश्न पत्र ले जाने वाले दंडाधिकारी, पुलिस बल ससमय अपने प्रखंड के स्ट्रांग रूम से प्रश्न पत्र, उत्तर पुस्तिका, ओएमआर सीट लेंगे और परीक्षा केंद्र में एक घंटे पहले पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे। बीडीओ और सीओ सभी परीक्षा केंद्रों का स्वयं निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लेंगे। उपायुक्त ने कहा कि झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) से प्राप्त गाइड लाइन को सभी केंद्राधीक्षक पढ़ लें। गाइड लाइन के अनुरूप ही परीक्षा का संचालन करना है। किसी भी तरह की कोई चूक नहीं हो। छोटी-मोटी सभी कार्य को वर्कआउट कर लें। उन्होंने केंद्राधीक्षकों को कदाचारमुक्त माहौल में परीक्षा को संपन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा - निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि मैट्रिक - इंटर परीक्षा को लेकर भी संबंधित थाना प्रभारी अलर्ट मोड में रहेंगे। परीक्षा को बेहतर ढंग से संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेवारी है। जिन्हें भी जो दायित्व दिया जाएगा। वह उसका शतप्रतिशत पालन सुनिश्चित करेंगे।

मौके पर उपायुक्त संदीप सिंह, निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद, जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार,अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविन्द कुमार बिन्हा, सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी, केंद्रों के केंद्राधीक्षक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बैंक के प्रतिनिधिगण आदि उपस्थित थे।

## टुंडी में एसबीआई बैंक के समक्ष कांग्रेस का धरना प्रदर्शन



**धनबाद( प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** टुंडी प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक मोदक के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी शीर्ष नेतृत्व निर्देशानुसार क्रोनी कैपिटलिज्न के खिलाफ एक दिवसीय धरना महाराजगंज टुंडी स्थित एसबीआई बैंक के समक्ष दिया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, कार्यक्रम प्रभारी मंटू दास और जावेद रजा सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यकारी जिला अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने कहा की आज ये धरना कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार पूरे देश में हर प्रखण्ड व नगर क्षेत्र के राष्ट्रीयकृत बैंक एसबीआई और एलआईसी कार्यालय के समक्ष दी जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखण्ड अध्यक्ष आनंद मोदक, अशद कलीम, भोला राम, वकील बाउरी, निशा सिंह, रियाज अहमद सहित काफी कांग्रेसी मौजुद थे।

## हाड़ी जाति समाज सुधार समिति का होली मिलन



**धनबाद( प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** हाड़ी जाति समाज सुधार समिति सामाजिक संस्था की ओर से सोमवार को शांति वाटिका भूली में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य रूप से नव संकल्प मंच के अध्यक्ष पंकज सिंह, संरक्षक निलुकांत सिन्हा, सचिव मानस रंजन पाल एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए हाड़ी समाज के पदाधिकारीगणों को समिति के अध्यक्ष राजु हाड़ी ने पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। मंच का संचालन जिला प्रवक्ता कार्तिक हाड़ी ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष राजू हाड़ी ने सभी को होली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि होली आपसी भाईचारे एवं सौहार्द का पर्व है।

## सूरत में झारखंडी प्रवासियों ने धूमधाम से मनाया होली स्नेह मिलन

**स्नेह मिलन समारोह में कई हजार की संख्या में पहुंचे प्रवासी महिला-पुरुष**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** झारखंडी प्रवासियों द्वारा गठित समस्त झारखण्ड समाज सेवा ट्रस्ट के बेनर तले 5 मार्च को सूरत में भव्य होली स्नेह मिलन समारोह का आयोज किया गया। देर रात तक चली इस कार्यक्रम में कई हजार की संख्या में झारखंडी महिला पुरुष के साथ बच्चे शामिल हुवे तीन साल बाद इस तरह के आयोजन हुवा



जिससे लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। ट्रस्ट के उप संगठन मंत्री बिनोद पंडित के अध्यक्षता में हुए इस समारोह का संचालन आर के गुप्ता ने किया। सर्वप्रथम समारोह के मुख्य अतिथि विशेष पद्मश्री डॉ कनुभाई टेलर जी द्वारा दिप प्रजव्लित करके कार्यक्रम की सुरुवात की गई जिसके बाद आये हुवे अतिथि का स्वागत किया गया। पद्मश्री डॉ कनुभाई टेलर की बात करे तो वह स्वंय दिब्यांग है काफी सालो तक फुटपाथ पर जीवन बिताया लेकिन दिब्यांगता को खुद पर हावी नहीं होने दिया निरंतर प्रयास करते हुवे उन्होंने शिक्षा ग्रहण की और साथ ही दिब्यांगों के लिए हमेशा कुछ ना कुछ करते रहे इन्ही के परिश्रम का फल है की आज करीब पचीस हजार से अधिक दिब्यांग के लिए विद्यालय से लेकर अस्पताल तक चला रहे है। इनके जब्बे को सलाम करते हुवे भारत सरकार ने इन पद्मश्री से सम्मानित किया है। डॉ कनुभाई टेलर के आने के बाद से उनके मंच तक पहुंचने तक लोगो ने फूलो की वर्षा की। इस समारोह में ट्रस्ट ने डॉ कनुभाई टेलर के हाथो अपने वेब साईड https://jharkhandsamajtrust.com/ को लॉन्च करते हुवे लोगो को इसकी जानकारी दिया और ऑनलाइन अधिक से अधिक लोगो को सदस्यता लेने पर जोर दिया कुछ लोगो ने तत्काल सदस्यता ग्रहण किया।

## गिरिडीह नगर निगम की बोर्ड की बैठक में बिना चर्चा के 462 करोड़ का बजट पास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** सोमवार को नगर निगम बोर्ड की बैठक में 462 करोड़ का वार्षिक बजट पेशकर उसे पास किया गया. स्थानीय विधायक सुदिव्य कुमार सोनू की मौजूदगी में पास किए गए बजट को अब राज्य सरकार के पास भेजा जाएगा. दो घंटे तक चली बैठक में सदर विधायक के साथ डिप्टी मेयर प्रकाश सेठ, उप नगर आयुक्त स्मृति कुमारी, अर्बन प्लानर मंजूर आलम के साथ वार्डके पार्षद नीलम झा, आरती देवी, सरिता देवी, रंजीत यादव, सैफ अली गुड्डू, रूमी अख्तर समेत कई अन्य पार्षद भी शामिल हुए.बाजार समिति के दुकानों की नीलामी रद्द करते हुए नए सिरे से नीलामी कराने के प्रस्ताव को भी बैठक में स्वीकृति दी गई जबकि बैठक में कई अन्य प्रस्ताव को भी मंजूरी मिली लेकिन जनहित के मुद्दे बोर्ड की बैठक से गायब रहे।

## पीट वाटर कि आपूर्ति को लेकर किया सड़क जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** लोदना क्षेत्र के एंटीएसटी परियोजना के साउथ तीसरा गोलडेन पहाड़ी एवं बेलधौड़ा में पिछले एक पखवारा से पीट वाटर कि आपूर्ति ठप होने से हजारों लोगों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ हैं। जल संकट कि समस्या से परेशान होकर ग्रामीणों ने जनता मजदूर संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष संजीत सिंह के नेतृत्व में सोमवार को सुबह से ही साउथ तीसरा वर्कशॉप के मुख्यगेट एवं गोकुल पार्क के नीचे मुख्य सड़क को जाम कर दिया। जल आपूर्ति कि मांग को लेकर पिछले चार दिनों से ग्रामीणों द्वारा लगातार विरोध प्रदर्शन आंदोलन कि जा रही हैं। विवश होकर आज दर्जनों लोगों द्वारा गेटजाम और सड़कजाम आंदोलन कर कोयले कि ट्रांसपोर्टिंग एवं कोयला उत्पादन ठप कि गई। लगभग चार घंट? तक चली आंदोलन से कंपनी का लाखों का नुकशान होने के बाद हरकत में आई एंटी एसटी के पीओ एसके सिन्हा द्वारा मौके पर पहुंचकर आंदोलनकारियों को क्षेत्रीय कार्यालय में जीएम से समझौता वार्ता कराया गया। वार्ता में प्रबंधन ने बी पैच आउटसोर्सिंग परियोजना में जमा भूमिगत पानी को पाइपलाइन से अविलंब आपूर्ति कराने, कालोनियों में जब तक पाइपलाइन से पानी कि आपूर्ति नहीं होती हैं तबतक दो टैंकरो से रोजाना पानी कि आपूर्ति कराने का आश्वाशन दिया। प्रबंधन के आश्वाशन से संतुष्ट होकर ग्रामीणों ने आंदोलन खत्म कर दिया। वार्ता में जीएम बीके सिन्हा, एपीएम डीके भगत, पीओ शैलेन्द्र सिन्हा, डीके माझी, असैनिक अभियंता मुकेश कुमार, रविशंकर प्रसाद, जमसन्घ के केंद्रीय सचिव रंजय कुमार, संजीत सिंह, क्षेत्रीय सचिव अनिल सिंह, सुदर्शन प्रसाद, प्रमोद सिंह आदि थे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस : मनियाडीह में समारोह का आयोजन



**धनबादी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मनियाडीह आजीविका महिला संकुल संगठन, टुंडी ने पंचायत भवन मनियाडीह में एक समारोह का आयोजन किया। इसमें मुख्य अथिति के रूप में टुंडी प्रखण्ड की उपप्रमुख संजु गुप्ता, प्रखण्ड कार्यक्रम अर्जुन साव, ब्लॉक एंकर प्रसन मीना देवी तथा पंचायत के गणमान्य व्यक्ति तथा संकुल संगठन एवं ग्राम संगठन के पदाधिकारी, कैडर्स तथा सखी मंडल की दीदियां उपस्थित हुई। कार्यक्रम की शुरुआत समुह की दीदियों के द्वारा स्वागत गीत से किया गया। इसके उपरांत संकुल संगठन के अध्यक्षा ने संकुल संगठन की उपलब्धियों को बताया तथा अनुभवी केडर्स के द्वारा अपने जीवन में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के कारण आए बदलाव के अनुभव को साझा किया। समुह के सदस्यों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कविता एवं निबंध प्रस्तुत किया।

## सभी चापाकल व सोलर पावर जल मीनार को गर्मी से पहले दुरुस्त करने का निर्देश

**पाइप लाइन में मोटर जोड़कर पानी खींचने वालों पर एफआइआर दर्ज करने का निर्देश**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री संदीप सिंह ने आज समाहरणालय के सभागार में पेयजल आपूर्ति की समीक्षा के दौरान सभी चापाकल, सोलर पावर जल मीनार, मल्टी विलेज स्कीम को गर्मी से पहले दुरुस्त करने के लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पंचायत के मुखिया के साथ बैठक करके खराब चापाकल व सोलर पावर जल मीनार की मरम्मत कराने का निर्देश दिया। साथ ही पानी की पाइप लाइन में मोटर जोड़कर अवैध रूप से पानी खींचने वाले पर



एफआइआर दर्ज करने का भी निर्देश उपायुक्त ने दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिले में लोगों को सुचारू रूप से पेयजल आपूर्ति करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल एक व दो के कार्यपालक अभियंताओं से कहा कि फील्ड में जाकर चालू चापाकल, सोलर पावर जल मीनार तथा मल्टी विलेज स्कीम का भौतिक सत्यापन करें। जो चापाकल एवं जल मीनार खराब है उसे युद्ध स्तर पर चालू कराएं। आवश्यकता पड़ने पर गैंग मैन की संख्या बढ़ाएं। वहीं जामाडोबा एवं पुटकी जलसंयत्र में डेडिकेटिड विद्युत लाइन एवं ट्रांसफार्मर स्थापित करने के लिए लोड कैपेसिटी का सर्वे कराने का भी निर्देश दिया। बैठक में नगर आयुक्त ने प्रखंड व पंचायत में हाई मास्ट लाइट लगाने का सुझाव रखा। जिस पर उपायुक्त ने प्रथम चरण में प्रति प्रखंड 5 साइट का चयन करने तथा जहां आवश्यकता है वहां स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किया। इसके साथ ही सड़कों पर आवारा घूमने वाले सांड के आतंक को कम करने के लिए विचार विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान सियालगुदड़ी से भेलाटांड़ पाइपलाइन में स्टेट हाईवे अथॉरिटी ऑफ़ झारखंड की वजह से उत्पन्न व्यवधान, तोपचांची एवं जामाडोबा जल संयंत्र में पानी का स्रोत, धनबाद शहरी क्षेत्र पेयजलापूर्ति योजना इत्यादि की समीक्षा की गई।बैठक में उपायुक्त संदीप सिंह, नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार, निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद, पीएचडी एक एवं दो के कार्यपालक अभियंता, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अन्य लोग मौजूद थे।

## महुदा में प्रदर्शनी क्रिकेट मैच का आयोजन

# मिलजुल कर रंगों के त्यौहार होली को मनाए : विधायक

**नागरिक एकादश ने पत्रकार एकादश को 21 रनों से हराया**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा मोड़ में एक दिवसीय क्रिकेट प्रदर्शनी मैच में नागरिक एकादश एवं पत्रकार एकादश के बीच महा मुकाबला हुआ। जिसमें नागरिक एकादश की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 133 रन बनाया। 12 ओवर के मैच में पत्रकार एकादश की टीम ने अच्छे बल्लेबाजी करते हुए छः ओवर तक नागरिक एकादश का हौसला दबाए रखा। लेकिन 12



ओवर तक पत्रकार एकादश की टीम 112 रनों के अंदर सिमट गई। इस मौके पर प्रदर्शनी मैच के बाद एक दूसरे में जमकर अबीर और गुलाल देकर होली की बधाई दी । इस महा मुकाबला का मुख्य अतिथि बाघमारा विधानसभा के विधायक ढुल्लू महतो ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और कहा कि अगले साल और भी चुनौती भरा मैच खेला जाएगा, और हम आशा करते हैं कि अगले बार गोल्ड कप के नाम से खेल का आयोजन होगा। सभी लोगों को होली की बधाई देते हुए कहा कि सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र में मिलजुल कर रंगो के त्यौहार होली को मनाए ।

## रेल कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित 92 प्रशिक्षणार्थियों को दिया गया प्रमाण पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल द्वारा 'रेल कौशल विकास योजना' के अन्तर्गत युवाओं को उद्योग आधारित प्रषिक्षण प्रदान कर कुषल एवं रोजगार के लिए सक्षम बनाने के प्रयास के तहत युवाओं को दिनांक 06.02.2023 से 25.02.2023 तक पर्यवेक्षक प्रषिक्षण केंद्र एवं यांत्रिक कारखाना/समस्तीपुर, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना/ हरनौत तथा इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन प्रशिक्षण केंद्र/पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 17वें बैच तथा सिगनल एवं दूरसंचार प्रषिक्षण केंद्र/दानापुर में 15वें बैच के रूप में प्रषिक्षण दिया गया। प्रषिक्षणोंपरांत



कुल 92 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी। इस योजना के तहत पूर्व मध्य रेल के इन प्रषिक्षण केंद्रों द्वारा अब तक कुल 1262 युवाओं को प्रषिक्षण के उपरांत प्रमाण पत्र प्रदान किया जा चुका है। पर्यवेक्षक प्रशिक्षण केन्द्र तथा यॉत्रिक कारखाना समस्तीपुर में 17वें बैच को फिटर ट्रेड में प्रषिक्षण के उपरांत सुयोग्य एवं उतीर्ण 34 युवकों को प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान उन्हें विभिन्न प्रकार के माप, कटिंग, फाइलिंग, ड्रिलिंग, चुड़ी कटिंग इत्यादि कार्य का प्रषिक्षण दिया गया।

## संक्षिप्त खबरे

### सरस्वती कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर जलडेगा के छात्र छात्राओं ने मनाया होली मिलन समारोह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** होली का त्योहार सभी के लिए खुशियो एव आपसी भाईचारे का समागम है। वही इस पावन त्योहार पर सरस्वती कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर, जलडेगा के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमे संस्थान के सभी छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर आपसी भाई चारे के साथ साथ सामाजिक बुराइयों के साथ लड़ने के लिए भी संकल्प लिया। साथ ही सरस्वती कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर के डायरेक्टर आलोक कुमार, शिक्षक एल्थेरियुस लुगुन, शिक्षिका पूजा कुमारी ने सभी छात्र छात्राओं को होली की ढेर सारी शुभकामनाएं दी और इस होली में उनके द्वारा सामाजिक बुराइयों को बढ़ावा देने वाले लोगों से आग्रह और निवेदन कर समाज को स्वच्छ पूर्वक होली मनाने का आग्रह करने का वादा किया है।

## अविराम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और होली मिलन पर कार्यक्रम आयोजित

➲अविराम को अच्छा संस्थान बनाने में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही है : इंद्रजीत कुमार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और होली के उपलक्ष्य पर विविध प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के द्वारा सचिव इंद्रजीत कुमार ने किया।राहत और साथियों के द्वारा स्वागत गीत और विविध क्षेत्रों की सशक्त महिलाओं की भूमिका जिसमे रानी लक्ष्मी बाई की भूमिका राहत प्रवीण, सावित्री बाई फुले की भूमिका प्रतिभा, इंदिरा गांधी की भूमिका सोनी, किरण बेदी की भूमिका प्रियंका, कल्पना चावला की भूमिका अगस्ती कुमारी,महादेवी वर्मा की भूमिका स्नेहा, मदर टेरेसा की भूमिका अरिबा, हरनाज संधू, रूनिया, झूनिया के रूप में प्रियंका और अनुपा,आरती के द्वारा द्रोपदी मुर्मू रिया सिंह ने लता मंगेशकर, जेसमिन ने सानिया मिर्जा, प्रतिभा देवी सिंह पाटिल के रूप में सुरभि, झलकारी बाई के रूप में अमृता, लखेश्वरी सोरेंग द्वारा सरोजिनी नायडू, मैरीकॉम के रूप को नेहा द्वारा दर्शाया गया। इसके पश्चात सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा अविराम में कार्यरत सभी महिला कर्मियों को सम्मानित किया गया और इंद्रजीत कुमार ने कहा की अविराम को अच्छा संस्थान बनाने में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही है चाहे वह कर्मचारी स्तर पर हो या बच्चों के स्तर पर महिलाओं ने दिखा दिया है कि वे अवसर की मोहताज नहीं है अपितु अपने लिए वे अवसर सृजित करने की सामर्थ्य रखती हैं। रंगोत्सव होली को भगवान श्री कृष्ण और राधा संग गोपियों की रासलीला के साथ मना कर एक दूसरे को रंग लगाया गया जिसमे कृष्ण के रूप में जितेंद्र प्रसाद और राधा के रूप में फुल्केरिया ने भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी ने कहा के होली रंगों का त्योहार है पर रंग किसी को जबरदस्ती नही लगाना चाहिए और नशे से दूर रह कर आपसी भाई चारे के साथ त्योहार मनाया जाना चाहिए। इस अवसर पर पंकज, रेणुका, आफताब, शशि, मनु, अजॉय, रितिका, ममता, कुंदन, सुमन, दीपिका, कुमकुम, रीता, सुनीता, रोशन, संगीता, काजल, प्राची, पूजा, बंधन, कमलेश, प्रकाश, नीरज आदि उपस्थित थे।

## देश को पूंजीपतियों के हाथों बेचने का काम कर रही है केन्द्रः नेसार अहमद

प्रभात मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार किस्को प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में भाजपा और मोदी सरकार के गलत नीतियों के विरोध पूंजीपति अदानी के पक्ष में मोदी सरकार की घोर पूंजीवादी नीति के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम प्रखंड अध्यक्ष यूनुस अंसारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधि निसार अहमद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए वहीं प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों कांग्रेसी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि वर्तमान समय में देश गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा है और ऐसे समय में भाजपा और मोदी सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अदानी समूह को बेच रही है और एसबीआई और एलआईसी जैसे सार्वजनिक संस्थानों को निवेश करने के लिए मजबूर कर रही है जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के करोड़ों भारतीयों की बचत जोखिम में है विश्वस्तरीय हिंडेनबर्ग की जांच रिपोर्ट में मोदी के पूंजीपति दोस्त अदानी ग्रुप को फर्जी करार देने के पश्चात हमारे नेता राहुल गांधी एवं कांग्रेसियों के द्वारा संसद से लेकर सड़क तक संयुक्त संसदीय जांच समिति की मांग मजबूती से किया गया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी को हम सभी ने रेलवे प्लेटफार्म पर चाय बेचते तो नहीं देखा है परंतु रेलवे को बेचते हुए देख रहे हैं मोदी जी जिस तरह से देश की सार्वजनिक उपक्रमों को गौतम अदानी को सौंपने पर आमादा है यह खतरनाक है और देश धीरे-धीरे आर्थिक गुलामी की ओर जा रहा है जहां आज देश में महंगाई सातवें आसमान पर है वही देश में बेरोजगारी 45 वर्षो का रिकॉर्ड तोड़ दिया है आज अमीरों और गरीबों के बीच बड़ी खाई हो गई है गरीब गरीब होता जा रहा है और देश के चंद मुट्ठी भर लोग अमीर होते जा रहे हैं जो केंद्र की मोदी सरकार के गलत आर्थिक नीति और कुप्रबंधन का नतीजा है।

## पांच दिवसीय बालिका फुटबॉल व पुरुष हॉकी टूर्नामेंट का हुआ समापन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जलडेगा :** जलडेगा प्रखण्ड के हाई स्कूल मैदान में आयोजित पांच दिवसीय बालिका फुटबॉल एवं पुरूष वर्ग के हॉकी टूर्नामेंट का समापन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन विकसल कोनगाड़ी, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में झापा युवा जिलाध्यक्ष संदेश एक्का एवं सिमडेगा हॉकी जिलाध्यक्ष मनोज कोनबेगी उपस्थित रहे। रोमांच से भरे इस टूर्नामेंट में बालिका फुटबॉल वर्ग में टंगिया की टीम ने लंबोई की टीम को पेनाल्टी पुश में हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया वहीं पुरुष हॉकी मुकाबले में ओड़गा झारखंड की टीम ने राउरकेला ओडिशा की टीम को हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। इस मौके पर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार ने खेल के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया है साथ ही खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल एवं सहाय योजना इनके उदाहरण हैं वहीं कोलेबिरा विधायक विकसल कोनगाड़ी ने कहा कि क्षेत्र में हॉकी के विकास के लिए लगातार काम किया जाएगा। मौके पर झापा युवा जिलाध्यक्ष संदेश एक्का एवं मनोज कोनबेगी ने भी खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि शमी आलम, अवध साहू, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विजय राजेश बरला, अंचलाधिकारी डॉ खगेन महतो, थाना प्रभारी हीरालाल महतो, जिला परिसद सदस्य, मुखिया, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही वहीं खेल के संचालन में खेल समिति के संरक्षक अघना खड़िया की सराहनीय भूमिका रही।

## जलडेगा के टिकरा में नवनिर्मित शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर शामिल हुए झापा नेता संदेश एक्का

प्रभात मंत्र संवाददाता




**जलडेगा :** प्रखंड के टिकरा में नवनिर्मित शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर आयोजित कार्यक्रम एवं अखंड हरिकीर्तन में मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति की ओर से उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित करते हुए स्वागत किया। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए संदेश एक्का ने कहा क्षेत्र में मंदिर का निर्माण होने से लोगों का धर्म कर्म के प्रति जुड़ाव बढ़ेगा और लोग क्षेत्र में गलत राह छोड़कर धार्मिक कार्यों में मगन रहेंगे। लंबे समय से लोगों के इंतजार खत्म होते हुए यहां पर भव्य मंदिर का निर्माण किया है जहां पर लोग आकर भगवान की पूजन करेंगे उन्होंने इस कार्य में सहयोग देने वाले तमाम दाता एवं सहयोग करने वाले कार्यकर्ताओं का भी शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि मंदिर निर्माण में एकता की परिचय मिलता है जहां पर सभी लोग सम्मिलित होकर छोटे-बड़े ऊंच-नीच का भेदभाव दूर करते हुए मंदिर निर्माण में सहयोग करते हैं उनका क्षेत्र में जो भी विकास कार्य रुके हुए हैं उसे पूरा करने के लिए झारखंड पार्टी दिन-रात लगी हुई है और आने वाले चुनाव में लोगों का समर्थन के साथ अगर इस क्षेत्र में झारखंड पार्टी से जनप्रतिनिधि के रूप में चुनकर आता हूं तो इस क्षेत्र का संपूर्ण विकास इस मंदिर क्षेत्र का विकास अवश्य होगा। वह इधर इस मौके पर भव्य भंडारा का आयोजन भी हुआ जहां पर काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया इधर कार्यक्रम में मुख्य रूप से झापा के जिला अध्यक्ष मतीयस बागे, सुभाष साहू विश्वनाथ सिंह कार्तिक प्रेमचंद परशुराम सहित सैकड़ों की संख्या में आसपास के ग्रामीणों की भूमिका रही।

## रफ्तार का दिखा कहर, बाइक चालक ने एक दिहाड़ी मजदूर को मारी टक्कर



**केरसई (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार सुबह 8 बजे जब केरसई की सभी सड़के लगभग व्यस्त रहती है कामकाजी व्यक्ति एवं छात्र छात्राएं मुख्य मार्ग से स्कूल जाते हैं एक तेज रफ़्तार बाइक केरसई से किनकेल की ओर जा रही जो एक दिहाड़ी मजदूर को टक्कर मारते हुए 200 मीटर दूर एक घर मे जा टकराया जिससे युवक की स्थिति गम्भीर बनी हुई है। किनकेल मकर बुढ़ निवासी ननकू गंझू दो और साथियों के साथ टेंसर मचिया घाट से वापस घर मकर बुढ़ लौट रहा था,इसी क्रम में केरसई भण्डारटोली चौक पर मजदूरी करने जा रहे मजदूर सुरेन्द लोहरा को टक्कर मारते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो गया टक्कर इतनी तेज थी कि आवाज सुन कर तुरंत लोगो की भीड़ जमा हो गयी,सूचना मिलते ही केरसई थाना प्रभारी राजीव कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर घायल ननकू एवं उनके साथियों को पुलिस वाहन से इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा।वाहन चालक शराब के नशे में था एवं हेलमेट भी नही पहना हुवा था। टक्कर लगे हुए मजदूर सुरेन्द लोहरा को निजी वाहन द्वारा अस्पताल ले जाया गया। केरसई थाना प्रभारी राजीव कुमार ने कहा कि इसलिए पुलिस लोगो को हमेशा हेलमेट उपयोग करने का आग्रह करती है।

## लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स का होली मिलन समारोह सम्पन्न



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार शाम 6 बजे स्थानीय कुंजलाल भवन में लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स का होली मिलन समारोह सह रंगारंग कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसका विधिवत उद्घघाटन चैंबर के पूर्वाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार अग्रवाल, कमल प्रसाद केशरी, अभय अग्रवाल, पूर्व सचिव विवेक कुमार, पूर्व उपाध्यक्ष अनूप दास क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश कुमार महतो,वर्तमान अध्यक्ष रितेश कुमार, सचिव रकेश कुमार सिन्हा, वरीय उपाध्यक्ष पंकज कुमार जायसवाल, उपाध्यक्ष धनन्जय कांस्यकार,वरिष्ठ व्यापारी दीपक जायसवाल समेत कार्यकरिणी सदस्यों के साथ संयुक्त द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित व्यापारियों को रंग गुलाल लगाकर तथा रिंकू अग्रवाल द्वारा टोपी पहनाकर रंगारंग कार्यक्रम का श्री गणेश किया गया। रंगारंग कार्यक्रम में रांची से आये कलाकारों ने होली से सम्बंधित हिन्दी,भोजपुरी व नागपुरी गीतों की प्रस्तुति कर होली मिलन समारोह में शानदार शमा बिखेरने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। जब गायक धनेश व स्वीटी जी द्वारा बृंदावन में होली खेले राधा के संग किशन कन्हैया,होरी खेले रघुवीरा अवध में, लौंगा इलायची का बीड़ा लगाया इत्यादि गीतों को गाया तो उपस्थित सभी व्यापारी मंत्रमुग्ध हो झूम उठे। व्यापारियों के फरमाइश पर भी एक से एक गीत आये हुए कलाकरों द्वारा गाया गया। रात्रि भोजनोपरांत कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में सह सचिव अनीश मितल, कार्यकरिणी सदस्य धर्मेंद्र कुमार, चन्दन गोयल, पुरुषोत्तम तिवारी, उत्तम कुमार व्यापारी अमित कुमार अग्रवाल, आशीष मित्तल, मनीष कुमार गुड्डु, गुप्तेश्वर गुप्ता, अजय कुमार पंकज, नीरज अग्रवाल टूटू इत्यादि समेत लगभग 300 व्यापारी उपस्थित रहें।

## केंद्र के विरोध में सेन्हा प्रखंड कांग्रेसियों ने किया एकदिवसीय धरना प्रदर्शन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार सोमवार को प्रखण्ड मुख्यालय के प्रांगण में प्रखंड अध्यक्ष अनिल उराँव की अध्यक्षता में काँग्रेस कार्यकर्ताओं ने गौतम अडानी द्वारा घोटाला करने के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जिसमे मौके पर मुख्य रूप से प्रभारी समूल अन्सारी और सह प्रभारी दिनेश गुप्ता उस्थित थे। सभा को सम्बोधित करते हुए समूल अन्सारी ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार के संरक्षण में एलआईसी एवं एसबीआई को प्रधानमंत्री के इशारे पर गौतम अडानी द्वारा घोटाला कर जनता की गाढ़ी कमाई को लुटा जा रहा है। और जनता पैसे के अभाव में परेशान हो रही है। जिसे काँग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। पूर्व में विजय माल्या तथा नीरव मोदी घोटाला कर देश से बाहर भाग गये हैं। सैट। ही कहा की प्रधानमंत्री के इशारा में गौतम अडानी एलआईसी और एसबीआई के पैसे को पुनः घोटाला करना चाह रहे हैं। आज देश के बेरोजगार युवा, व्यापारी, किसान और युवाओं को काफी कठिनाई हो रही है। सभी लोग शंसय में हैं, कि कहीं उनकी गाढ़ी कमाई गौतम अडानी जैसे बड़े उद्योगपति लोग लेकर फरार ना हो जाये बैंको में लोगो के पैसे सुरक्षित नही है। तो आम जनता पैसा कहाँ रखेगी।

## समीरा एस ने नगर भवन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-2023 को लेकर आज नगर भवन, लोहरदगा में समाज कल्याण कार्यालय, लोहरदगा की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलित कर की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त समीरा एस ने कहा कि आज नौकरी, वोट, काम के लिए हमारे पूर्वजों ने कई आंदोलन किये। आज हम यहां खड़े हैं तो बस इसी वजह से कि उन्होंने हमारे हक के लिए लड़ाईयां लड़ीं। आज 08 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को हम विशेष रूप में याद करते हैं क्योंकि यह दिन महिलाओं के लिए खास है। बेहतर के लिए हमें लगातार प्रयास करते रहना है। सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए सभी को प्रेरित करें। सरकार ने महिलाओं की बेहतरी के लिए कई प्रयास किये हैं। महिलाओं को कई जगहों पर आरक्षण प्राप्त है। कानूनी रूप से कई अधिकार महिलाओं को दिये गये हैं। उप विकास आयुक्त ने कहा कि महिलाओं को समान अधिकार ही लक्ष्य है। आप आर्थिक रूप से भी खुद को सक्षम बनायें। जो भी नौकरी या व्यवसाय करें,उस कमाई का एक हिस्सा बच्चों की पढ़ाई के लिए रखें ताकि उन्हें भी समान अधिकार प्राप्त हो सकें क्योंकि शिक्षा से सब कुछ संभव है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। कार्यक्रम में वन प्रमण्डल पदाधिकारी ने कहा कि महिलाएं पुरूष के बराबर नहीं बल्कि पुरूषों से भी आगे हैं।

## ठेला मार होली व नया दामाद सम्मान समारोह को लेकर आयोजित हुआ बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** बरही में ठेला मार होली एवं नया दामाद सम्मान समारोह को लेकर होली कमिटी अध्यक्ष के नेतृत्व सम्पन्न हुआ बैठक सर्वसमति से मंगलवार को होली मनाने का लिया गया निर्णय। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातू तोड़ार पंचायत स्थित बरही ग्राम में ढेला मार होली मनाने को लेकर ग्रामीणों ने होली कमिटी अध्यक्ष महावीर प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक किया। बैठक के दौरान ठेला मार होली मनाने एवं नया दामाद सम्मान समारोह का आयोजन हेतु विचार विमर्श किया गया। जानकारी के अनुसार बता दें कि रंगों का त्योहार सभी क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया जाता है। लेकिन सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बरही में रंगों के त्यौहार के साथ ऐसा भी होली खेला जाता है जो जिला के लिए ही नही बल्कि पूरे राज्य में यह अनोखा होली होता है। जो ठेला मार होली के नाम से जाना जाता है। वास्तविक में यह होली एक अनोखा होली है। बताया जाता है कि देवी मंडप के समीप होलिका दहन परंपरा के अनुसार किया जाता है। और दूसरे दिन उस स्थल से खंभा उखाड़ने का परंपरा है जो गांव के लोगो के द्वारा निभाया जाता है। इस कार्यक्रम के दौरान दर्शकों द्वारा उन लोगों पर ठेला मारा जाता है। इस प्रकार की होली में ढेला तो लोगो के ऊपर लगता है। परंतु कोई हताहत नही होता है।

## पुस्तक के साथ व्यवहारिक ज्ञान भी जरूरी : शशि

## एमएल अग्रवाल एसवीएम प्लस टू विद्यालय में स्नेह सह होली मिलन समारोह आयोजन

➲महिला दिवस के अवसर पर विद्यालय की सभी महिला आचार्य को किया गया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय में सोमवार को कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई के पारंपरिक कार्यक्रम स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही होलिकोत्सव और महिला दिवस भी मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि बी एस कॉलेज के रसायन विभागाध्यक्ष और विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति सदस्य डॉ शशि कुमार गुप्ता एवं अन्य अतिथियों ने किया। कार्यक्रम का आयोजन तरुण एवं कन्या भारती के मंच से कक्षा 11 वीं के विद्यार्थियों ने किया। जिसमें कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्वागत और विदाई गीत के साथ पारंपरिक गीत एवं नृत्य तथा होली उत्सव को समर्पित गीत एवं नृत्य ने सबका मन मोहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों में मुख्य रूप से रोशनी कुमारी, सोनी कुमारी, पूनम कुमारी, पायल वर्मा, अवंतिका कुमारी पुजारी, शशि कश्यप, आकर्षी कुमारी, सृष्टि श्रेया बागे, प्रियंका कुमारी, बबली कुमारी, नेहा कुमारी, अल्फा कुजूर, कोमल कुमारी, मधु श्वेता कुजुर, प्रिया कुजूर एवं निशा कुजुर आदि शामिल थी। कक्षा बारहवीं से सुमित उराव और निकिता कुमारी ने अपने अनुभव साझा किए। जबकि कक्षा ग्यारहवीं से बहन रोशनी उरांव ने अपना अनुभव रखा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए पुस्तक के ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान भी जरूरी है और इस दृष्टि से विद्या भारती का यह विद्यालय विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करने में सफल भूमिका निभा रहा है। उपाध्यक्ष विनोद राय ने कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारण और उसके प्रति समर्पण महत्वपूर्ण है। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने भी बीते संस्मरण को याद करते हुए कहा कि जीवन में सकारात्मक सोच के साथ मेहनत करें तो निश्चित ही सफलता प्राप्त होती है। इसके पूर्व महिला आचार्य ऋद्धि मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत एवं परिचय कराया। सभी अतिथियों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन महिला आचार्य रेणु कुमारी ने किया। इस अवसर पर सचिव अजय प्रसाद, सदस्य शोभा देवी सहित अभिभावक, शिक्षक वो छात्र छात्राएं उपस्थित थी। अंत में सभी ने अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में वर्ष 2022-23 के लिए सर्वश्रेष्ठ छात्र का पुरस्कार सुमित उरांव तथा सर्वश्रेष्ठ छात्रा का पुरस्कार निकिता कुमारी को दिया गया।दोनों के माता-पिता को भी उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ सदन का पुरस्कार ऋषि कश्यप सदन को दिया गया।

## लोहरदगा सदर थाना में होली व शब-ए-बरात को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

### भ्रामक व अशांति फैलाने वाले लोगों पर होगी कड़ी करवाई :अरविंद कुमार लाल

राजेश कुमार गुप्ता@प्रभात मंत्र



**लोहरदगा :** लोहरदगा सदर थाना में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल की अध्यक्षता में होली एवं सब- ए-बारात को लेकर बैठक की गई। बैठक में विधि व्यवस्था बनाएं रखने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से त्यौहार के दौरान जिला में आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने,शांति व्यवस्था बनाएं रखने आदि बिन्दुओं पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने कहा कि विगत त्योहारों के दौरान सभी समुदाय द्वारा आपसी भाईचारे एवं श्रद्धा का अच्छा उदाहरण पेश किया गया। उन्होंने कहा होली एवं सब-ए बरात के दौरान जिला में विधि व्यवस्था बनाएं रखने हेतु जिला प्रशासन को सहयोग करें। अनुमंडल पदाधिकारी ने जिलावासियों को उर्स एवं महाशिवरात्रि पूजा को श्रद्धा एवं आपसी भाईचारे का परिचय दिया था ठीक उसी प्रकार इस बार भी होली एवं सब-ए-बरात शांति और आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्यौहार प्रत्येक समाज द्वारा श्रद्धा के साथ मनाया जाता है,दूसरों की भावनाओं को ठेस पहुंचाएं बिना लोहरदगा जिला का इतिहास रहा है। आपसी भाईचारे एवं सम्मान के साथ पर्व मनाना, उसे बनाएं रखें। उन्होंने कहा असामाजिक तत्वों एवं मनचले लोगों पर विशेष निगरानी रखी जायेगी। किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने को कहा। साथ ही सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर भ्रामक पोस्ट शेयर न करें। यदि इस प्रकार की अफवाहे आपकी जानकारी में आती है,तो तुरंत इसकी सूचना जिला एवं पुलिस प्रशासन को दें। ताकि इस पर रोक लगाया जा सके। साथ ही किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना, अफवाह या समस्या उत्पन्न होने पर तुरंत नियंत्रण कक्ष पर इसकी सूचना दें। बैठक में मुख्य रूप से एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, विधायक प्रतिनिधि निशित जयसवाल, अंजुमन इस्लामिया के सचिव सफदर आलम, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार थाना प्रभारी अनिल उरांव, राजकिशोर महतो, बृज बिहारी प्रसाद साहू, सुधीर प्रसाद अग्रवाल, अजय पंकज, अनिल गुप्ता, राजीव रंजन, राजेंद्र वर्मा, रोहित साहू, सज्जाद खान, मनी उरांव, लक्ष्मी नारायण भगत, परमेश्वर साहू, सुखदेव उरांव, प्रदीप राणा के अलावे शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जनजातीय समाज में होलिका दहन नहीं फगुआ काटने की है परंपरा

खूंटी : आधुकिता के इस दौर में बहुत की परपंराएं अपना अस्तित्व खोती जा रही हैं, पर कुछ रीति-रिवाज ऐसे हैं, जो बड़े-बड़े झंझावातों के बीच भी अपने को बचाकर रखने में सफल रही हैं। उन्ही परंपराओं में एक है फाग या फगुआ काटना जिसे संवत काटना भी कहते हैं।आम तौर पर रंगों के त्योहार होली के पूर्व फाल्गुन पूर्णिमा को होलिका दहन किया जाता है, जिसमें लकड़ियों को जमाकर उसे जलाया जाता है, लेकिन जनजातीय समाज और दक्षिणी छोटानागपुर के खूंटी, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, सिंहभूम आदि जिले में गैर आदिवासियों द्वारा होलिका दहन की नहीं, फाग काटने की परंपरा है।

फाल्गुन पूर्णिमा की रात को शुभ मुहूर्त में गांव के पाहन द्वारा सेमल या एरंड की डालियों पर खेर घास या पुआल लपेटकर उसे जलाया जाता है और जलती हुई डालियों को गांव के लोग तलवार या दूसरे धारदार हथियारों से काटते हैं। पूजा के दौरान पाहन द्वारा पूजा-अर्चना के बाद मुर्गे की बलि दी जाती है। फाग जलने से उठने वाले धुएं की दिशा देखकर पाहन भविष्यवाणि करता है कि उस वर्ष वर्षा कैसी होगी और खेती-किसानी की स्थिति क्या होगी। फाग काटने के पूर्व रात को गांव के पुरुष और बच्चे सामूहिक रूप से नाचते-गाते फाग काटने वाले स्थान जिसे फगुवा टांड़ कहा जाता है।वहां पहुंचते हैं और पाहन द्वारा पूजा-अर्चना के बाद फाग या संवत काटते है। पहला फाग काटने का अधिकार गांव के पाहन को ही है। पाहन के बाद ही गांव के लोग संवत काटते हैं। दूसरे दिन अर्थात होली के दिन गांव के लोग ढोल-मांदर की थाप पर नाचते-गाते फगुवा टांड़ पहुंचते हैं और वहां की राख का लगाते हैं और दूसरे को भी भस्म का टीका लगाकर एक दूसरे को होली और नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हैं।

## फाग काटने को लेकर प्रचलित हैं कई किंवदंतियां

आमतौर पर होलिका दहन की कहानी राजा हिरण्यकश्यप और उसकी बहन होलिका से जुड़ी हुई है, पर छोटानागपुर के जनजातीय समाज इस धार्मिक मान्यता के अनुसार होलिका दहन नहीं करते हैं। आदिवासी बहुल ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका दहन के लिए सेमल की डाली में खैर घास या पुआल लपेटकर पूजा-अर्चना और मुर्गे या भेड़, बकरे की बलि देने के बाद पाहन द्वारा पूजा के दीप से ही उसमें आग लगाई जाती है। जब डाली जलने लगती है, तब पाहन सहित गांव के सभी लोग डाली को धारदार हथियार से काटते हैं। इसे ही फाग काटना कहा जाता है। कर्रा प्रखंड के जोजोदाग गांव के हरि पाहन बताते हैं कि कबिला काल के समय जनजातीय समाज शिकार पर ही आश्रित था।शिकार के दौरान एक बार रास्ते में बड़ा सांप मिला जिसे सांसूडी कहते हैं, जो सांस से ही जानवरों को खींचकर अपना निवाला बना रहा था। भविष्य में किसी प्रकार का नुकसान ना हो इसके लिए सभी ने उस विशालकाय सांप को मारने का निर्णय लिया। उसी समय एक महिला ने सुझाव दिया कि क्यों ना आग लगाकर धधकते आग को माथे पर लेकर उस रास्ते से गुजरा जाए। रास्ते से गुजरने पर सांप अपनी सांस से उसे अपनी ओर खिंचेगा और आग व राख से बुरी तरह घायल हो जाएगा। इसके बाद सभी मिलकर उसे मार देंगे। ऐसा ही किया गया।महिला आग को माथे पर लेकर उस रास्ते से गुरजने लगा तो सांप उसे अपनी ओर खींचा। इसके बाद आग व राख से सांप अंधा हो गया और घायल हो गया। इसके बाद लोगों ने उसे मार दिया। सांप सेमल के पेड़ पर रहता था। आदिवासियों ने उस पेड़ में सूखे खैर बांधकर उसमें आग लगा दी, ताकि कोई दूसरा सांप अगर हो तो वह भी जिंदा न रहे।

इसलिए फाग के दिन आदिवासियों में सेमल की डाली पर खैर बांधकर जलाने की परंपरा है।

तोरपा प्रखंड के उकड़ीमाड़ी गांव के ग्राम प्रधान हरखू मुंडा बताते हैं कि प्राचीन समय में सारू पहाड़ नाम का एक विशाल पर्वत था, जिस पर एक सेमल का पेड़ था। उस पेड़ पर दो राक्षस रूपी गिद्ध सोनो और रूपों रहते थे। दोनों गिद्धत मनुष्य के छोटे-छोटे बच्चों को अपना आहार बना लेते थे। इससे लोग परेशान होने लगे और बच्चों की जान की रक्षा के लिए भगवान शंकर से विनती करने लगे।

महादेव ने इन गिद्धों को मारने के लिए लोहार से 12 मन का धनुष और नौ मन का तीर बनाने के लिए कहा। ठीक फागू चंदो अर्थात फागुन पूर्णिमा के दिन एक मचान बनाकर भगवान महादेव वहां बैठ गए और पूर्णिमा की चांद की रोशनी से देखकर पेड़ पर बैठे दोनों गिद्धों को मार गिराया। उस सेमल के पेड़ पर और कोई राक्षस ना रह सके, इसके लिए गांव वालों ने सेमल के पेड़ को आग लगाकर जला दिया। राक्षसों के मारे जाने की खुशी में गांव वालों ने दूसरे दिन जमकर उत्सव मनाया। उसके बाद से ही फागुन पूर्णिमा दिन सेमल के पेड़ को जलाने की परंपरा और दूसरे दिन उत्सव मनाने की परंपरा की शुरुआत हुई, जो आज भी चल रही है।





## एक गांव ऐसा भी, जहा नहीं मनाई जाती होली, पसरा रहता है सन्नाटा



बोकारो। होली का पर्व हर वर्ष हर्षोल्लास से मनाया जाता है। वहीं, झारखंड के बोकारो जिले के कसमार प्रखंड में एक गांव है दुर्गापुर जहां लोग होली नहीं खेलते। होली के दिन ये रंग-अबीर को हाथ तक नहीं लगाते। इस गांव में सदियों से यही परंपरा चली आ रही है। इसके पीछे गांव के लोग कई तरह की मान्यताओं की दुहाई देते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, करीब साढ़े तीन सौ साल पहले दुर्गापुर में राजा दुर्गा प्रसाद देव का शासन था। गांव की ऐतिहासिक दुर्गा पहाड़ी की तलहटी पर उनकी हवेली थी। वे काफी जनप्रिय थे। पदमा (रामगढ) राजा के साथ हुए युद्ध में वे सपरिवार मारे गए थे। वह होली का समय था। इसी गम में गांव वासी लोग तब से होली नहीं खेलते।


## समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है सुजानपुर का राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव

**हमीरपुर :** बसंत के आगमन के साथ ही फाल्गुन माह में मनाया जाने वाला रंगों का उत्सव होली प्रकृति के साथ-साथ हमारे जीवन में भी एक नई उमंग, उत्साह और तरंग लेकर आता है। चारों ओर अबीर-गुलाल के रंगों और मस्ती से सराबोर करने वाले इस उत्सव का सभी लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है और इस रंग-बिरंगी होली की यह परंपरा दशकों या सदियों से नहीं, बल्कि युगों-युगों से चली आ रही है। हमारे खूबसूरत प्रदेश हिमाचल में भी होली मनाने की बहुत ही प्राचीन परंपरा रही है और इस परंपरा एवं हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का सबसे बड़ा प्रतीक है हमीरपुर जिले की ऐतिहासिक नगरी सुजानपुर का राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव।जी हां, हिमाचल प्रदेश में होली के उत्सव की चर्चा हो और उसमें सुजानपुर का जिक्र न आए, ऐसा कभी भी नहीं हो सकता। कभी कटोच वंश के महाराजा संसार चंद की राजधानी रहे सुजानपुर कस्बे में आज भी होली की प्राचीन परंपराओं की एक गहरी एवं अमिट छाप देखने को मिलती है। हर वर्ष फाल्गुन में यहां के प्राचीन मंदिरों एवं धरोहरों, विशाल चैगान, गलियों और चैराहों में होली के अदभुत रंगों के दीदार होते हैं।

# महादेव ने खेली थी संसार की पहली होली

प्रतिमा कुमारी @ प्रभात मंत्र

इस वर्ष 7 मार्च को होलिका दहन और 8 मार्च को रंगों की होली खेली जाएगी. होली के त्योहार की पौराणिकता भगवान शंकर और भगवान विष्णु से जुड़ी है. हरिहर पुराण की कथा कहती है कि संसार की पहली होली देवाधिदेव महादेव ने खेली थी जिसमें प्रेम के देवता कामदेव और उनकी पत्नी रति थीं. यह कहानी कहती है कि जब भगवान शंकर कैलाश पर अपनी समाधि में लीन थे, तब तारकासुर के वध के लिए कामदेव और रति ने शिव को ध्यान से जगाने के लिए नृत्य किया था. रति और कामदेव के नृत्य से भगवान शिव की समाधि भंग हुई तो भगवान शंकर ने अपनी क्रोध की अग्नि से कामदेव को भस्म कर दिया. रति ने प्रायश्चित में विलाप किया तो अति दयालु भगवान शंकर ने कामदेव को पुन: जीवित कर दिया. इससे प्रसन्न होकर रति और कामदेव ने ब्रजमंडल में ब्रह्म भोज का आयोजन किया जिसमें सभी देवी देवताओं ने हिस्सेदारी की. रति ने चंदन की टीका लगाकर खुशी मनाई थी. कहते हैं कि ये फाल्गुन पूर्णिका का दिन था. हरिहर पुराण के अनुसार, ब्रह्म भोज में आनंद के मारे भगवान शंकर ने डमरू तो भगवान विष्णु ने बांसुरी बजाई थी. माता पार्वती ने वीणा पर स्वर लहरियां छेड़ीं तो माता सरस्वती ने बसंत के रागों में गीत गाए. कहते हैं कि तभी से धरती पर हर साल फाल्गुन पूर्णिमा में गीत, संगीत और रंगों के साथ होली का आनंदोत्सव मनाया जाने लगा. रंग या अबीर के खेलने के पूर्व उसको भगवान को जरूर समर्पित कर देना चाहिए. अपनी-अपनी इच्छाओं के अनुसार, अगर ऐसा कर सकें तो सर्वोत्तम होगा. होलिका दहन से लाए गई राख (भस्म) से शिवलिंग का अभिषेक करना भी शुभ फल प्रदान करता है. इसके बाद आप किसी भी पसंदीदा रंग के साथ होली खेल सकते हैं. इससे लोगों के बीच प्रेम, स्नेह बढ़ता है.





## होली के जश्न में डूबे लोग

कोरोना काल के बाद इस साल होली को लेकर काफी रौनक है. करीब तीन साल के बाद लोगों को खुलकर होली मनाने का अवसर मिला है. पहले कोरोना के कारण लोग घर में बंद हो गए थे. इससे होली नहीं मना पाए थे. अब हालात बदले हैं. पिछले तीन साल से रंग और गुलाल की बिक्री भी नहीं हो रही थी. पर इस बार दस दिन पहले से ही ग्राहक गुलाल और रंग खरीद रहे हैं. इस बार मार्केट में चहल पहल है. लोगों में होली को लेकर उत्साह है. लोगों द्वारा जम कर खरीददारी की जा रही है. होली के जश्न में लोग डूबते जा रहे हैं. होली को लेकर बच्चो में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है।

